



बालाघाट, सिवनी, गोंदिया एवं भंडारा जिले में प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 01 अगस्त 2026 | दिन - शनिवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 186 | मूल्य - 5 रुपये










## जंतर-मंतर पर मुझे, मेरी स्वर्गीय मां को गालियां दी गईं, पर मैं बच्चों को माफकरना चाहता हूं: मोदी

**नई दिल्ली, (भाषा)।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि नीट प्रश्नपत्र लीक के विरोध में जंतर-मंतर पर हुए प्रदर्शनों के दौरान न केवल उनके, बल्कि उनकी दिवंगत मां के खिलाफभी अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया। हालांकि, मोदी ने कहा कि ऐसे ''गुमराह बच्चों'' को अदालतों के चक्कर कटवाने से समस्या का हल नहीं होगा और इसलिए वह उन्हें माफ करना चाहते हैं। 'इंस्टाग्राम' पर देर रात जारी एक वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि वह समाज में व्याप्त आक्रोश को समझते हैं, लेकिन यह गुमराह बच्चों को अपनाने और उन्हें सही राह दिखाने का समय है। उन्होंने कहा, ''जंतर-मंतर पर केवल मुझे ही नहीं, मेरी स्वर्गीय माता को भी गालियां दी गईं। लेकिन गालियां कभी किसी समस्या का समाधान नहीं होतीं। आइए, इन गुमराह बच्चों को सही राह दिखाएं।'' मोदी ने विरोध-प्रदर्शन में शामिल छात्रों को ''गुमराह बच्चे'' बताते हुए कहा कि उन्हें सजा देने या अदालतों के चक्कर कटवाने से समस्या का समाधान नहीं होगा। उन्होंने कहा, ''मैं उन्हें माफ करना चाहता हूं। लोगों से गलतियां हो जाती हैं, लेकिन यह 'कल्चर शॉक' है, सांस्कृतिक दृष्टि से हमारे लिए चिंता का विषय है कि हमारी बेटियां इस तरह की अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर रही हैं। हमें इन गुमराह बच्चों को माफ करना चाहिए, आखिर वे हमारे ही बच्चे हैं। उन्हें सही राह दिखाना हमारा काम है।'' प्रधानमंत्री ने एक उदाहरण देते हुए कहा, ''अगर दांत गलती से जीभ को काट ले, तो हम दांत को तोड़ते नहीं हैं, क्योंकि दोनों हमारे ही हैं।


दैनिक जगप्रेरणा में मंडला जिले की खबरों के लिये देखें.. पृष्ठ 10


# भिवंडी में चार मंजिला इमारत ढहने से 10 लोगों की मौत, तीन घायल..

**ठाणे, (भाषा)।**

*महाराष्ट्र के भिवंडी में स्थानीय नगर निकाय द्वारा 2020 में 'खतरनाक' घोषित चार मंजिला इमारत के ढहने से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और तीन व्यक्ति घायल हो गए। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।*



मुंबई से करीब 50 किलोमीटर दूर पावरलूम नगरी भिवंडी में बालाजी नगर क्षेत्र स्थित कोहिनूर बिल्डिंग का एक हिस्सा बृहस्पतिवार रात 11 बजकर 20 मिनट पर ढह गया। नगर निकाय के अधिकारियों ने इस इमारत को ''खतरनाक'' घोषित किया था और परिसर में मरम्मत का काम चल रहा था। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद कई एजेंसियों ने मिलकर 19 घंटे तक तलाश और बचाव अभियान चलाया जो शाम करीब सात बजे खत्म हुआ। इस अभियान में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), ठाणे आपदा मोचन बल और स्थानीय अग्निशमन विभाग की टीमों ने भाग लिया। बचाव कार्य में श्वान दस्तों की भी मदद ली गयी।

भिवंडी-निजामपुर सिटी नगर निगम के सहायक आयुक्त श्रीकांत परदेशी ने बताया कि इस हादसे में दस लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। उन्होंने कहा कि नगर निगम के अधिकारियों ने स्थानीय भोईवाड़ा पुलिस से उस ठेकेदार के खिलाफशिकायत दर्ज कराने के लिए संपर्क किया है, जो उचित मंजूरी लिए बिना ही इमारत में मरम्मत कार्य कर रहा था। भोईवाड़ा पुलिस के वरिष्ठ निरीक्षक विक्रम मोहिते ने बताया कि ठेकेदार के खिलाफ मामला दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। एक अधिकारी ने बताया कि इस इमारत में कुल 48 कमरे थे और हर मंजिल पर 12 कमरे थे। बृहस्पतिवार रात करीब नौ बजे, वहां रहने वालों ने इमारत में ''तेज दरार पड़ने जैसी आवाजें'' सुनीं। खतरे को भांपते हुए स्थानीय लोगों ने तुरंत कई परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में मदद की, लेकिन जब कुछ निवासी बाहर निकल ही रहे थे, तभी इमारत की 'बी' विंग अचानक भरभराकर ढह गई। भिवंडी-निजामपुर शहर महानगरपालिका (बीएनसीएमसी) ने बताया कि उसने सितंबर 2020 में ही इस इमारत को ''खतरनाक'' घोषित कर दिया था और आखिरकार इस साल पांच जून को इसे खाली करने का नोटिस जारी किया, जिसके बाद बिजली और पानी की आपूर्ति काट दी गई। हालांकि, इसके बावजूद संपत्ति के मालिकों ने नगर निकाय से कोई अनुमति लिए बिना ही इमारत की मरम्मत का काम शुरू कर दिया। महाराष्ट्र के आपदा प्रबंधन मंत्री गिरीश महाजन ने घटनास्थल का दौरा किया और मृतकों के परिवारों को पांच-पांच लाख रुपये की वित्तीय सहायता की घोषणा की।




## जूडो में यामिनी मौर्य ने रजत पदक जीता , संघर्षपूर्ण फाइनल में हारी..

**ग्लास्गो, (भाषा)।**



भारतीय जूडो खिलाड़ी यामिनी मौर्य काफी करीब से स्वर्ण पदक जीतने से चूक गईं और उन्हें महिलाओं के 57 किग्रा से कम भार वर्ग के 'गोल्डन स्कोर' तक पहुंचे फाइनल में इंग्लैंड की अनुभवी एसिल्या टॉपराक से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 की रजत पदक विजेता और अनुभवी खिलाड़ी 28 वर्ष की टॉपराक के खिलाफयामिनी ने बराबरी का खेल दिखाया ।

शुरुआत से ही दोनों खिलाड़ियों ने आक्रामक खेल दिखाया जिससे मुकाबला बेहद कड़ा रहा और इसका फैसला गोल्डन स्कोर में हुआ। टॉपराक ने यामिनी को जमीन पर गिराकर अंक हासिल करने की कोशिश की, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने शानदार बचाव किया। टॉपराक के तेज हमलों से यामिनी पर दबाव बढ़ गया। इसी दौरान रेफरी ने यामिनी को एक पेनल्टी दे दी। कोई भी खिलाड़ी अंक नहीं बना सकी जिसके बाद मुकाबला गोल्डन स्कोर में पहुंचा। अतिरिक्त समय में दोनों के बीच कड़ा संघर्ष जारी रहा। आखिरकार करीब तीन मिनट तक चले गोल्डन स्कोर मुकाबले में टॉपराक के लगातार हमलों के कारण यामिनी से गलती हुई। टॉपराक ने इप्पोन के जरिए जीत दर्ज कर स्वर्ण पदक हासिल किया। मध्यप्रदेश के सागर की रहने वाली यामिनी दो बार सीनियर राष्ट्रीय चैम्पियन रह चुकी हैं । उन्होंने 2022 से लगातार भारत के लिये खेला है और 2022 राष्ट्रीय खेल, 2025 हांगकांग एशियाई ओपन, 2026 डकार अफ्रीका ओपन में स्वर्ण पदक जीते ।




















### चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों वाले बालाघाट जिले में निरंतर सराहनीय प्रयास कर

# 02 वर्षों में कलेक्टर मृणाल मीना ने बालाघाट जिले को नई पहचान दिलाई.. - पुलिस महानिरीक्षक ललित शाक्यवार

## भावुक माहौल में कलेक्टर श्री मृणाल मीना को दी गई विदाई, अधिकारियों ने सराहा दो वर्षों का कार्यकाल













जगप्रेरणा बालाघाट।

***राज्य शासन द्वारा बालाघाट कलेक्टर श्री मृणाल मीना का स्थानांतरण छतरपुर जिले के कलेक्टर पद पर किए जाने के बाद गुरुवार 30 जुलाई को जिला मुख्यालय में उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। आयोजित विदाई समारोह में प्रशासन, पुलिस, वन एवं विभिन्न विभागों के***

वरिष्ठ अधिकारियों ने श्री मीना के नेतृत्व, कार्यशैली और जिले के विकास में उनके योगदान की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में बालाघाट रेंज के पुलिस महानिरीक्षक श्री ललित शाक्यवार, पुलिस उप महानिरीक्षक श्री विनीत जैन, पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री जी.एस. धुर्वे एवं श्री डी.पी. बर्मन, वन मंडलाधिकारी श्री नित्यानंदम एल एवं श्री रेशम सिंह धुर्वे, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, श्री मायाराम कोल, श्री विजय यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री भार्गव एवं श्री निहित उपाध्याय, नगर पुलिस अधीक्षक श्री मयंक तिवारी, एसडीएम श्री अर्पित गुप्ता, श्री कार्तिकेय जायसवाल, श्री श्रीश प्यासी, श्री आदित्य नारायण तिवारी, श्री गोपाल सोनी, श्री कमल सिंहसार, सभी तहसीलदार, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

समारोह के अंत में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कलेक्टर श्री मृणाल मीना को स्मृति-चिन्ह एवं शुभकामनाएं भेंट कर उनके सफल एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विदाई के दौरान भावुक वातावरण रहा और उपस्थित अधिकारियों ने उनके साथ बिताए अनुभवों को साझा करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

### बोले पुलिस महानिरीक्षक ललित शाक्यवार..

अपने संबोधन में पुलिस महानिरीक्षक श्री ललित शाक्यवार ने कहा कि श्री मृणाल मीना ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों वाले बालाघाट जिले में लगभग दो वर्षों तक उत्कृष्ट सेवाएं देते हुए जिले को नई पहचान दिलाई। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि श्री मीना छतरपुर जैसे महत्वपूर्ण जिले में भी अपनी कार्यकुशलता का उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे।

### बोले पुलिस उप महानिरीक्षक विनीत जैन..

पुलिस उप महानिरीक्षक श्री विनीत जैन ने कहा कि श्री मीना का बालाघाट से जाना जिले के लिए निश्चित रूप से क्षति है, लेकिन छतरपुर जिले के लिए यह सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि कठिन और चुनौतीपूर्ण कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा करना श्री मीना की विशेषता रही है और वे नई जिम्मेदारियों का भी उसी दक्षता से निर्वहन करेंगे।

### बोले पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा..

पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य मिश्रा ने कहा कि श्री मृणाल मीना के कार्यकाल में बालाघाट ने नक्सलवाद से मुक्ति की दिशा में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि में सुरक्षा बलों के साथ-साथ कलेक्टर श्री मीना की दूरस्थ और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों को प्राथमिकता देने वाली सोच का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने स्वयं गांवों तक पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाए।

### बोले कलेक्टर मृणाल मीना..

विदाई समारोह में भावुक होते हुए कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने कहा कि उन्हें बालाघाट में एक समर्पित और सक्षम अधिकारियों की टीम के साथ कार्य करने का अवसर मिला, जिसके कारण जिला अनेक शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रदेश में अग्रणी रहा। उन्होंने कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य पालन, पशुपालन, स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में हुए कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि जिला चिकित्सालय की व्यवस्थाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, हालांकि प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता पर अभी और ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने मीडिया के सहयोग की भी सराहना की तथा अधिकारियों से कहा कि प्रशासनिक कार्यों के दौरान यदि कभी सख्ती बरती गई हो तो उसे केवल कार्य के हित में समझें, क्योंकि उनके मन में किसी के प्रति कोई दुर्भावना या दुराग्रह नहीं रहा। बैहर एसडीएम श्री अर्पित गुप्ता एवं वारासिवनी एसडीएम श्री कार्तिकेय जायसवाल ने कहा कि श्री मीना ने सदैव अधिकारियों पर विश्वास जताया, उन्हें स्वतंत्र रूप से कार्य करने का अवसर दिया तथा गलतियों से सीखने और स्वयं को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि उनके मार्गदर्शन में कार्य करना उनके प्रशासनिक जीवन का महत्वपूर्ण अनुभव रहा।

# श्रीमती शांता तिवारी जिला स्तरीय सलाहकार एवं निगरानी समिति की नामांकित सदस्य नियुक्त..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***जिले की प्रतिष्ठित साहित्यिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था नारी मंच की संस्थापक अध्यक्ष श्रीमती शांता तिवारी को शासन द्वारा जिला स्तरीय सलाहकार एवं निगरानी समिति का नामांकित सदस्य नियुक्त किया गया है। यह नारी मंच परिवार के लिए अत्यंत गर्व एवं हर्ष का विषय है।***

उल्लेखनीय है कि जिला स्तरीय सलाहकार एवं निगरानी समिति एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक एवं विकासात्मक निकाय है, जिसका उद्देश्य केंद्र एवं राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं, शहरी विकास कार्यों, आधारभूत संरचना परियोजनाओं तथा जन कल्याणकारी कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा एवं निगरानी करना है। समिति की अध्यक्षता क्षेत्र के सांसद, प्रभारी मंत्री अथवा जिला कलेक्टर द्वारा की जाती है। इसमें स्थानीय विधायक, नगर निगम/नगरपालिका के जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों जैसे लोक स्वास्थ्य, विद्युत, उद्योग, शहरी विकास आदि के अधिकारी तथा शासन द्वारा नामांकित गैर-सरकारी सदस्य शामिल होते हैं। श्रीमती शांता तिवारी की इस महत्वपूर्ण नियुक्ति पर नारी मंच परिवार में हर्ष का वातावरण है। संस्था की संरक्षक सांसद भारती पारधी, विधायक अनुभा मुंजारे, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर सहित नारी मंच की कार्यवाहक अध्यक्ष श्रीमती चिंता मिश्रा, कमल दीक्षित, सरला माहुले, सुश्री सुषमा नाविक, निर्मला त्रिपाठी, मीना चावला, उपाध्यक्ष श्रीमती आशा तिवारी, सुरभि शर्मा, शशि पुरोहित, हीरा जावरे, चंदा जायसवाल, सचिव श्रीमती शुभ्रा श्रीवास्तव, शशि तिवारी, रानी दीक्षित, सह सचिव श्रीमती सीमा रायजादा, किरण रायजादा, पारूल तिवारी, श्रुति तिवारी, वंदना माहुले, श्रद्धा माहुले, मंजूषा रायजादा, ऋतु रायजादा] कोषाध्यक्ष श्रीमती सरला माहुले] किरण शम, पिंकी पाण्डे एवं पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों एवं समस्त सदस्याओं ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं। सभी सदस्यों ने विश्वास व्यक्त किया कि श्रीमती तिवारी अपने अनुभव, सामाजिक प्रतिबद्धता एवं नेतृत्व क्षमता के बल पर समिति में सक्रिय भूमिका निभाते हुए जिले के विकास एवं जनहित से जुड़े विषयों पर महत्वपूर्ण योगदान देंगी।

# सावधान! भीमगढ़ बांध के खोले गये 02 गेट, बढ़ सकता है वैनगंगा नदी का जलस्तर..

### वैनगंगा नदी के तटीय क्षेत्र के लोगों से सतर्कता बरतने की अपील..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***सिवनी जिले में स्थित संजय सरोवर परियोजना (भीमगढ़ बांध) का जलस्तर निर्धारित स्तर के करीब पहुंचने पर अतिरिक्त जल निकासी के लिए शुक्रवार 31 जुलाई को सुबह 11:30 बजे बांध के दो गेट खोले गये हैं। जिसके कारण वैनगंगा नदी में जलस्तर बढ़ने***

की संभावना है। बालाघाट जिला प्रशासन ने वैनगंगा नदी के किनारे रहने वाले लोगों से सतर्क रहने और नदी के आसपास अनावश्यक आवाजाही से बचने की अपील की है। कार्यपालन यंत्री, तिलवारा बांयी तट नहर संभाग, केवलारी द्वारा जारी सूचना के अनुसार भीमगढ़ बांध के गेट क्रमांक 5 एवं 6 को एक-एक मीटर तक खोला जाएगा। दोनों गेटों से कुल 265 क्यूमेक्स (9,340 घनफीट प्रति सेकंड) की दर से अतिरिक्त पानी वैनगंगा नदी में छोड़ा जाएगा। वर्तमान में भीमगढ़ बांध का जलस्तर 516.85 मीटर दर्ज किया गया है और जलस्तर को नियंत्रित करने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। बांध से पानी छोड़े जाने के कारण वैनगंगा नदी का जलस्तर बढ़ने की संभावना को देखते हुए बालाघाट जिला प्रशासन ने नदी तटीय क्षेत्रों एवं निचले इलाकों में रहने वाले नागरिकों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। लोगों से आग्रह किया गया है कि वे नदी में प्रवेश न करें तथा अनावश्यक रूप से नदी किनारे या जलभराव वाले क्षेत्रों में जाने से बचें। बालाघाट जिला प्रशासन ने संबंधित विभागों और स्थानीय प्रशासन को सुरक्षा एवं निगरानी के समुचित इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। किसी भी आपात स्थिति में सहायता के लिए नागरिक कलेक्ट्रेट कार्यालय बालाघाट के कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 07632-240102 पर संपर्क कर सकते हैं।






# राष्ट्रीय नेत्र ज्योति अभियान के अंतर्गत अगस्त माह में 14 नेत्र शिविरों का आयोजन

### प्रत्येक शिविर में आपरेशन के लिए मोतियाबिंद के 100 मरीज चिन्हित करने का लक्ष्य

जगप्रेरणा बालाघाट।

***राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम के तहत माह जुलाई 2026 में जिले के विभिन्न स्थानों पर 28 नेत्र शिविरों का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर स्वयं सेवी संस्था दादा वीरेन्द्र पूरी (देवजी नेत्रालय)***

संस्थान जोतपुर तिलवाराघाट जबलपुर के सहयोग से जिले के सिविल अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयोजित किये जाएंगे। प्रत्येक शिविर में मोतियाबिंद आपरेशन के लिए 100 मरीजों को चिन्हित करने का लक्ष्य रखा गया है। शिविर में चिन्हित मरीजो का आपरेशन देव नेत्रालय जबलपुर में किया जाएगा एवं मरीजों को देव नेत्रालय ले जाने एवं वापस लाने की व्यवस्था व जवाबदारी देवजी नेत्रालय संस्था जबलपुर की रहेगी। मोतियाबिंद के मरीजों की आंखो का आपरेशन निःशुल्क किया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलव ने बताया कि जिले की प्रत्येक सीएचओ अपने कार्यक्षेत्र-आयुष्मान आरोग्य मंदिर में नेत्र की बीमारियों के मरीजों को चिन्हित कर सूचीबद्ध करेगी। साथ ही मोतियाबिंद ऑपरेशन का लक्ष्य हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को 1000 की आबादी पर सात मोतियाबिंद की दर से ऑपरेशन लक्ष्य निर्धारित कर प्रतिमाह लगने वाले ब्लॉक स्तरीय शिविर में मोतियाबिंद मरीजो को भेजना सुनिश्चित करेंगी।

राष्ट्रीय नेत्र ज्योति अभियान के तहत सिविल अस्पताल बैहर एवं सा. स्वा. केंद्र बिरसा में 03 एवं 24 अगस्त को, सामु. स्वास्थ्य केंद्र परसवाड़ा एवं लामता में 05 व 19 अगस्त को, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैरलांजी में 04 व 25 अगस्त को, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटंगी में 06 व 27 अगस्त को, सिविल अस्पताल वारासिवनी एवं लालबर्रा में 07 एवं 21 अगस्त तथा सिविल अस्पताल लांजी और सामुदायिक केंद्र किरनापुर में 10 एवं 29 अगस्त को शिविर आयोजित किये जायेंगे।

# गुरु पूर्णिमा पर पूर्व छात्रों ने दी छात्रवृत्तियों की सौगात





जगप्रेरणा बालाघाट।

***गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, बालाघाट में आयोजित समारोह में वर्ष 1981 बैच के पूर्व छात्र श्री थान सिंह नाहर ने अपने पिता स्वर्गीय श्री लक्ष्मीचंद नाहर की स्मृति में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों के लिए 44 हजार रुपए वार्षिक छात्रवृत्ति का वितरण किया।***

समारोह की मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती मोनिका पटेल थीं। इस अवसर पर सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी श्री अश्विनी कुमार उपाध्याय सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं पूर्व छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम में श्री विनोद नेमा ने स्वर्गीय अधिवक्ता श्री एम.पी. राव की स्मृति में लगभग 12.80 लाख रुपए की एफडी विद्यालय को समर्पित करने की घोषणा की, जिसके ब्याज से प्रतिवर्ष लगभग 85 हजार की छात्रवृत्ति प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रदान की जाएगी। वहीं पूर्व छात्र श्री कमलेश सिंह ने कक्षा 10वीं एवं 12वीं की सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं के लिए क्रमशः 3,500 रुपए एवं 05 हजार रुपए की वार्षिक प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की।

मुख्य अतिथि श्रीमती मोनिका पटेल ने विद्यार्थियों को मेहनत से अध्ययन कर ऐसी छात्रवृत्तियाँ प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। प्रभारी प्राचार्य श्री शरद ज्योतिषी ने पूर्व छात्रों के इस योगदान को विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी बताते हुए सभी दानदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

# विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433





# विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433


## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बरघाट के नेतृत्व में अघोषित एवं घोषित बिजली कटौती के विरोध में राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन..



**जगप्रेरणा बरघाट।**

***ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बरघाट के नेतृत्व में आज बरघाट ब्लॉक, उप तहसील गंगेरूवा एवं संपूर्ण बरघाट विधानसभा क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती*** के विरोध में कांग्रेसजनों ने एकत्रित होकर महामहिम राज्यपाल महोदय के नाम ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कांग्रेस नेताओं ने तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार से बरघाट विधानसभा क्षेत्र में हो रही बिजली संबंधी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए अनावश्यक एवं बार-बार की जा रही बिजली कटौती तत्काल बंद करने की मांग की।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि बरघाट क्षेत्र के अनेक गांवों में बिजली के खंभों के तार नीचे लटक रहे हैं, जिससे कभी भी गंभीर दुर्घटना हो सकती है। इसके अतिरिक्त उपभोक्ताओं का बिजली बिल जमा न होने पर तत्काल बिजली कट जाती है, जबकि बिल जमा कराने के बाद पुनः विद्युत कनेक्शन जोड़ने के नाम पर ₹340 की अतिरिक्त राशि वसूली जाती है, जो पूरी तरह अनुचित एवं जनविरोधी है। कांग्रेस ने कहा कि इन समस्याओं के कारण किसान, आम नागरिक, छात्र-छात्राएं, व्यापारी एवं अन्य उपभोक्ता भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मांग की कि क्षेत्र की समस्त विद्युत समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए तथा आम जनता को राहत प्रदान की जाए। इस दौरान सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में राज्यपाल महोदय के नाम ज्ञापन सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई।

इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मनोज रहांगडाले,पूर्व जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर, जिला कांग्रेस महासचिव अनिल मर्सकोले, सभापती राहुल उइके, सुनिल पंचेश्वर सरपंच खारी, सिल्वेंद्र मयान ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष, मंडलम अध्यक्ष अनिल राउत, मंडलम अध्यक्ष साजिद सज्जू खान जी, मंडलम अध्यक्ष शिव मर्सकोले, आरिफ खान बोरी, दाऊद इब्राहिम, कृष्णाकांत दुबे, दिलीप राहंगडाले महामंत्री, ताकत सिंह ठाकुर, लेखराम मात्रे जनपद सदस्य, सुनील पंद्रे मंडलम अध्यक्ष आष्टा, दामोदर दोनारकर वरिष्ठ कांग्रेस नेता, अफसर खान, संतोष ठाकुर अध्यक्ष वन प्रकोष्ठ, रमेश ठाकरे युवा नेता, खरीराम चौधरी ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष, धर्मचंद रहांगडाले धारणा, आसिफ बबलू खान बरघाट, मनोज गौतम जेवनारा, लाल सिंह सिरसाम, विष्णु परिहार खुट, चंद्रप्रकाश गौतम गोरखपुर, हर्ष गुप्ता बरघाट, जक्की खान बोरी, श्रवन बिसेन पूर्व मंडलम अध्यक्ष, के के इनवाती, जितेंद्र छोटू महाराज, मुजम्मिल मुज्जू खान, राजू खान, जुबेर खान, अतीक पटेल आष्टा, हरीलाल उइके कोसमी, अलजेद खान, मुबिन खान अंतरा, रशीद खान, रिज्जू खान, अतीफ खान, शहरलाल पंजारिया, आसिफ खान, सुभाष ठाकुर, अनिल कुमार, मुक्कतार खान, गोविंद चौहान, तईब खान सहित कांग्रेस कार्यकर्ता गण एवं आम जन उपस्थित रहे।

## प्रस्फुटन शक्ति संचय कार्यक्रम, विकास खंड स्तरीय मासिक बैठक सह प्रशिक्षण सम्पन्न..





**जगप्रेरणा सिवनी।**

***मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् विकास खंड घंसौर जिला सिवनी द्वारा प्रस्फुटन शक्ति संचय कार्यक्रम के तहत विकास खंड स्तरीय बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत घंसौर के सभा कक्ष में किया गया।***

सर्व प्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ म.प्र जन अभियान परिषद् की ब्लाक मधुबाला चौरसिया, सामाजिक न्याय विभाग की ब्लाक समन्वयक श्रीमति नेहा कुमरे, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से कविता रानू चौरसिया, जनपद पंचायत से संगीता चतुर्वेदी, नवांकुर संस्थाये, परामर्शदाता, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष की उपस्थिति में मां सरस्वती जी का पूजन-अर्चन कर किया गया। पूजन के पश्चात उपस्थित अधिकारियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया।

ब्लाक समन्वयक द्वारा प्रस्फुटन शक्ति संचय विकास खंड स्तरीय बैठक सह प्रशिक्षण के एजेंडे में बतलाया गया कि प्रस्फुटन समितियों की समीक्षा के साथ अग्रिम कार्ययोजना में स्वैच्छिकता पर्व, नवांकुर सखी कार्यक्रम, हर घर तिंरगा अभियान, एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम नवांकुर संस्थाओ और प्रस्फुटन समितियों के माध्यम से ग्राम स्तर पर किया जाना है। सामाजिक न्याय विभाग से श्रीमती नेहा कुमरे द्वारा शासन द्वारा चलाई जा रही पेंशन योजना के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी नशा मुक्ति अभियान पर प्रकाश डालते हुए जानकारी दी गई।

इसके पश्चात पेशा ब्लाक समन्वयक दस्यु सल्लाम द्वारा पेसा एक्ट के अंतर्गत ग्राम स्तर पर गठित समितियों के कार्य एवं कर्तव्यों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। बैठक के दौरान मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् के जिला समन्वयक राजेन्द्र चौधरी का अगमन हुआ। ब्लाक समन्वयक, नवांकुर संस्था, परामर्शदाताओं द्वारा जिला समन्वयक का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। जिला समन्वयक द्वारा उद्बोधन में प्रस्फुटन समितियों के स्वैच्छिकता भाव से किए जाने वाले कार्य, सामाजिक जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा, समिति के दस्तावेज संधारण, नियमित बैठक समिति, नवांकुर संस्थाओ के बोर्ड, साथ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु चर्चा की गई।

अंत में अग्रिम कार्य योजना तैयार की गई। शक्ति संचय विकास खंड स्तरीय बैठक में परामर्शदाता चंद्रेश कुमार सोनी, दीपक कुमार यादव, रघुवंश डेहरिया, गायत्री श्याम उसरेठ, नवांकुर संस्था से मुकेश कुमार सेन, पंकज सेन, तुलाराम गोल्हानी, हरिशरण चौधरी, श्रीमती इंदिरा नाग ज्योति, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्ष, सचिव की उपस्थिति में बैठक सफ्लतापूर्वक सम्पन्न हुई। इसके पश्चात जिला समन्वयक राजेन्द्र चौधरी ने उपस्थित प्रतिभागियों के साथ जनपद पंचायत घंसौर के प्रांगण में पौधारोपण किया।

### युवक की मौत के बाद हालात तनावपूर्ण..

## आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने युवक का शव मंडला-लखनादौन स्टेट हाईवे पर रखकर किया चक्काजाम..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***घंसौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक युवक की मौत के बाद शुक्रवार को हालात तनावपूर्ण हो गए। आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने युवक का शव मंडला-लखनादौन स्टेट हाईवे पर रखकर चक्काजाम कर दिया।***

इसके चलते हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात पूरी तरह ठप हो गया। मृतक के परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि जब वे गंभीर हालत में युवक को अस्पताल लेकर पहुंचे, तब किसी डॉक्टर ने उसका उपचार नहीं किया। परिजनों का आरोप है कि चिकित्सकीय उपचार के बजाय अस्पताल के एक चपरासी द्वारा युवक का उपचार किया गया, जिससे उसकी हालत लगातार बिगड़ती चली गई। परिजनों का यह भी आरोप है कि युवक की हालत गंभीर होने पर उसे रेफर तो कर दिया गया, लेकिन अस्पताल की एम्बुलेंस लंबे समय से खराब होने के कारण उपलब्ध नहीं हो सकी। उनका कहना है कि उन्होंने लगभग चार घंटे तक एम्बुलेंस का इंतजार किया, लेकिन वाहन नहीं पहुंचा। उनका दावा है कि समय पर एम्बुलेंस और उचित उपचार मिल जाता तो युवक की जान बच सकती थी।

घटना से नाराज परिजनों और ग्रामीणों ने दोषी डॉक्टरों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई, अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की उच्चस्तरीय जांच तथा बीएमओ भारती सोनकेशरिया को तत्काल हटाने की मांग की है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि अस्पताल में लंबे समय से स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल हैं और मरीजों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

घटना की सूचना मिलते ही मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) घंसौर, पूरा राजस्व अमला, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी नम्रता सिंधिया सहित कई थानों का पुलिस बल मौके पर पहुंच गया और प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया। हालांकि समाचार लिखे जाने तक परिजन और ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े हुए थे।

प्रदर्शनकारी लगातार कलेक्टर नेहा मीना को मौके पर बुलाने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि जब तक कलेक्टर स्वयं घटनास्थल पर पहुंचकर निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई का आश्वासन नहीं देतीं, तब तक चक्काजाम समाप्त नहीं किया जाएगा। समाचार लिखे जाने तक अस्पताल प्रबंधन और बीएमओ की ओर से परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई थी।

## नरेंद्र उइके जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति के सदस्य मनोनीत



**जगप्रेरणा बलजीत सिंह धनौरा।**

***अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति सिवनी का पुनर्गठन किया गया है।***

सिवनी कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा मंडल धनौरा के अध्यक्ष नरेंद्र उइके को इस महत्वपूर्ण जिला स्तरीय समिति में अशासकीय सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश शासन के राजस्व मंत्री एवं सिवनी जिले के प्रभारी मंत्री करण सिंह वर्मा की अनुशंसा तथा जिला प्रशासन सिवनी के निर्देशानुसार समिति का पुनर्गठन किया गया है।

### समाज एवं क्षेत्र की समस्याओं का होगा निराकरण..

नरेंद्र उइके के समिति में सदस्य मनोनीत होने से अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के अधिकारों के संरक्षण, अत्याचार निवारण तथा शासकीय योजनाओं की मॉनिटरिंग में तेजी आएगी।

### बधाइयों का लगा तांता..

नरेंद्र उइके को जिला सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति का सदस्य बनाए जाने पर भाजपा के रघुनंदन सिंह यादव, स्थानीय भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। लोगों ने उम्मीद जताई है कि वे अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए समाज व संगठन हित में निरंतर कार्य करेंगे।

## जघन्य सनसनी खेज मामले में 06 आरोपी को हुई आजीवन कारावास की सजा..

### नहर में पानी लेने की बात को लेकर हुई थी यह घटना..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***जिला सिवनी के बंडोल थाने के अंतर्गत ग्राम सागर में दिनांक 27/01/2023 को सुबह करीब 07 बजे माइनर नहर से हृदय राम सनोडीया निवासी ग्राम सागर अपने खेत में पानी बगा रहा था तथा मंगल सनोडिया निवासी ग्राम सागर का भी उसी नहर से पानी अपने खेत में लौटा रहा था।***

इसी बात को लेकर दोनो में विवाद गाली गुप्तार हुई थी और दोनों अपने अपने खेत चले गए थे, फिर कुछ देर बाद करीब 9=10 बजे आरोपी (1) मंगल सनोडीया ने मोबाइल लगाकर अपने भतीजे आरोपी (2) नीरज सनोडिया को बताया तो नीरज अपने साथी आरोपी (3) सोनू सैयाम, (4)जय सैयाम, (5)संदीप सेन, (6) रोहित सनोडिया के साथ मोटर साइकल से एक राय होकर घातक हथियार, लोहे की गुप्ती,चाकू, प्लास्टिक का पाइप लेकर खेत पर आए। नीरज हाथ में गुप्ती और सोनू सैयाम के हाथ में चाकू था सभी लोग चिल्लाने लगे की आज बच ना पाए कहते हुए हृदय राम को सभी (1) नीरज ने गुप्ती से गर्दन पर, (2)सोनू सैयाम ने चाकू से पीठ पर तथा (3) संदीप सेन, (4)रोहित (5) जय (6) मंगल सनोडिया ने लाठी से मारपीट कर घायल कर दिया था, जिसकी सिवनी अस्तपाल में मृत्यु हुई थी।

मनोज सैयाम मीडिया प्रभारी, अभियोजन सिवनी ने बताया कि जिसकी विवेचना थाना बंडोल के थाना प्रभारी उप निरीक्षक दिलीप पंचेश्वर के द्वारा विवेचना पूर्ण पश्चात माननीय न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया था । जिसकी सुनवाई माननीय लक्ष्मण कुमार वर्मा, प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश, सिवनी की न्यायालय में की गई जिसमे शासन की ओर उप निदेशक गोपाल कृष्ण हालदार और सहायक निदेशक श्रीमती अर्चना रानी मरावी के मार्गदर्शन और निर्देशन पर एडीपीओ नवल किशोर सिंह और डीपीओ लोकेश घोरमारे के द्वारा शसक्त और प्रभावी पैरवी की गई जिसके फलस्वरूप अभियुक्तगण के विरुद्ध सबूतों और गवाहों के आधार पर माननीय विद्वान न्यायाधीश द्वारा आज दिनांक को उपरोक्त सभी 06 अभियुक्त गण को धारा-302/149 भा.द.वि. में आजीवन कारावास तथा धारा- 148 भा.द.वि. में 03 वर्ष का कारावास और 30 हजार रुपए जुर्माने से दंडित करने का निर्णय सुनाया है ।

## पेंशनर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष बने अशोक वर्मा..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

***पेंशनर एसोसिएशन एक मच एक आवाज मध्य प्रदेश की अध्यक्ष गीता भारद्वाज द्वारा सिवनी नगर के सेवानिवृत शिक्षक अशोक कुमार वर्मा को संघ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया*** गया है उनकी नियुक्ति से पेंशनरों को आने वाली समस्या का निराकरण को लेकर कार्य किया जाएगा साथ ही अपने साथियों के साथ जिला स्तर पर कमेटी गठित कर संगठन के कार्यों को अंजाम दिया जाएगा उनके घोषित किए जाने से सभी ईस्ट मित्रों द्वारा शुभकामनाएं दी गई है।

श्री वर्मा तीन वर्षो तक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष रहे है इसी तरह 3 वर्ष तहसील एवं ब्लॉक अध्यक्ष रहे हैं इसके अतिरिक्त मध्य प्रदेश कर्मचारी संघ के शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष पद पर भी आप कार्य कर चुके हैं। आपकी कार्य कुशलता एवं निष्ठा को देखते हुए आपको यह दायित्व सौपा गया है।

### व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और स्वयं और अन्य लोगों को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरों से जोड़ें।


न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039


## गुरु पूर्णिमा पर मेधावी छात्रा प्रीत पटले का भव्य सम्मान..



### शिवलाल अग्रवाल एंड कंपनी ने प्रदान की 5100 रू. की प्रोत्साहन राशि..

**जगप्रेरणा बरघाट।**

***गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरघाट में एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा 2026 की प्रावीण्य सूची में*** प्रदेश में पाँचवाँ स्थान प्राप्त करने वाली विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्रा कुमारी प्रीत पटले पिता खड़ग पाल पटले का शिवलाल अग्रवाल एंड कंपनी द्वारा सम्मान किया गया। छात्रा को कंपनी के विक्रय प्रतिनिधि श्रीनिवास शर्मा ने सम्मानित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य वीरेंद्र नाथ बिसेन ने की। मुख्य अतिथियों के रूप में विकासखंड शिक्षा अधिकारी जे. एस. मार्को, थाना प्रभारी मोहनीश बैस तथा राष्ट्रीय कवि रमेश कुमार श्रीवास्तव 'चातक' उपस्थित रहे। समारोह में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इसके पश्चात विद्यालय की छात्राओं ने मधुर सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं पुष्पहार से आत्मीय स्वागत किया गया। अपने उद्बोधन में श्रीनिवास शर्मा ने कहा कि मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान करना समाज की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने छात्रा प्रीत पटले की उल्लेखनीय सफ्लता की सराहना करते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि पूरे क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने बताया कि शिवलाल अग्रवाल एंड कंपनी शिक्षा एवं प्रतिभा सम्मान की परंपरा को निरंतर आगे बढ़ा रही है।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी जे. एस. मार्को ने गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को गुरुजनों के प्रति सम्मान, अनुशासन, सतत अध्ययन और कठिन परिश्रम का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षक के मार्गदर्शन और विद्यार्थी की लगन से ही उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त होते हैं। इस अवसर पर कुमारी प्रीत पटले को 5100 रू. की प्रोत्साहन राशि, सम्मान-पत्र, स्कूल बैग तथा शिवलाल अग्रवाल एंड कंपनी द्वारा प्रकाशित प्रेरणादायी पुस्तकें भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने पर छात्रा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों एवं विद्यालय परिवार को दिया।

कार्यक्रम का कुशल संचालन शिक्षक ओम नारायण बिसेन ने किया। समारोह के समापन पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सभी अतिथियों को तुलसी का पौधा स्मृति-चिह्न स्वरूप भेंट किया गया। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर आयोजित यह सम्मान समारोह शिक्षा, संस्कार एवं प्रतिभा के सम्मान का प्रेरणादायी उदाहरण बनकर उपस्थित विद्यार्थियों के लिए उत्साह और प्रेरणा का स्रोत सिद्ध हुआ।

## मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना अंतर्गत आवेदन आमंत्रित..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

उपभोक्ताओं को ताजी एवं स्वच्छ (हाइजेनिक) स्थिति में मछली उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य शासन की मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना के अंतर्गत वर्ष 2026-27 में जिले में स्मार्ट फिश पार्लर की स्थापना के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना के तहत जिले को स्मार्ट फिश पार्लर स्थापित करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। उप संचालक मत्स्योद्योग, सिवनी ने बताया कि नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायतें शासकीय भूमि का चयन कर प्रस्ताव एवं ठहराव सहित अपना आवेदन कार्यालय उप संचालक मत्स्योद्योग, जिला सिवनी में शीघ्र प्रस्तुत करें। चयनित नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायतों को स्मार्ट फिश पार्लर की स्थापना के लिए 5 लाख रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। योजना का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायतों से 10 अगस्त 2026 तक आवेदन कार्यालय उप संचालक मत्स्योद्योग, जिला सिवनी में जमा करने की अपील की गई है। योजना संबंधी विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय उप संचालक मत्स्योद्योग, सिवनी से संपर्क किया जा सकता है।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

जग प्रेरणा
4 शनिवार 01 अगस्त 2026
वारासिवनी, कटंगी, लालबर्रा, बैहर, मलाजखंड, परसवाड़ा..
रामपायली, खैरलांजी, तिरोड़ी, महकेपार, उकवा, गढ़ी, बिरसा, कनकी, बेहरई..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# विद्या संस्कार और सेवा गुरु का प्रथम उद्देश्य मुकेश चौकसे, कंटगी संदीपनी विद्यालय में गुरु पूर्णिमा पखवाड़े का हुआ आयोजन..

## हुए विभिन्न कार्यक्रम छात्र-छात्राओं को दिए गए प्रमाण पत्र

जगप्रेरणा कंटगी (बालाघाट)।

***गुरु पूर्णिमा का त्यौहार कटंगी नगर एवं क्षेत्र में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के चलते मंदिरों में विद्यालय में विशेष पूजा अर्चना की गई नगर के प्राइवेट और सरकारी विद्यालय में गुरु पूर्णिमा पर विशेष आयोजन किए गए वही बात की जाए तो मध्य प्रदेश शासन शिक्षा विभाग के***






निर्देशन में कटंगी संदीपनी विद्यालय में एक सप्ताह तक गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा मनाया गया जिसने विभिन्न कार्यक्रम हुए कार्यक्रम में कक्षा 9वी से 12वीं तक के छात्र-छात्र और शिक्षक शिक्षिका उपस्थित हुए

## गुरु पूर्णिमा पखवाड़े का हुआ समापन

शासन के निर्देश पर विद्यालय में गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा मनाया गया 29 जुलाई को पखवाड़े का समापन किया गया समापन के अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे कटंगी भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश चौकसे, अन्य अतिथि में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सी एस कुशराम, बी आर सी रविंद्र हरिनखेडे, पूर्व प्राचार्य एस पी डहरवाल , पूर्व प्राचार्य के एल भगत, रिटायर्ड शिक्षक संजय वर्मा, रिटायर्ड शिक्षिका सुनीता वर्मा के अलावा विद्यालय के प्राचार्य यतीद्र अग्रवाल पालक शिक्षक संघ के अध्यक्ष समस्त स्टाफ और छात्र-छात्र उपस्थित रहे मां सरस्वती की पूजा कार्यक्रम का संचालन किया गया सभी ने गुरु पूर्णिमा पर छात्र-छात्राओं को उद्बोधन दिया मार्गदर्शन दिया

## विद्या संस्कार सेवा गुरु का प्रथम उद्देश्य.. मुकेश चौकसे

गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के समापन पर उपस्थित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा मंडल के अध्यक्ष मुकेश चौकसे ने छात्र-छात्राओं को संबोधित कर गुरु का छात्र जीवन में क्या महत्व है इन सब बातों को विस्तार से बताया और बताया कि विद्या संस्कार और सेवा गुरु का प्रथम उद्देश्य है गुरु का उद्देश्य सबसे पहले आपको विद्या देना विद्या के साथ संस्कार देना और सेवा भाव कैसा करना है यह बताना गुरु आपको बताते हैं की आपको बड़ों के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए और अपने छोटों के साथ भी कैसा व्यवहार करना चाहिए माता-पिता के बाद सबसे बड़ा कोई स्थान है तो वह गुरु का है गुरु का दर्जा बहुत बड़ा होता है आज मैं आप लोगों के बीच में अतिथि के रूप में हूं जो गुरु की ही देन है आज मेरे आजू-बाजू मंच पर जो अतिथि मौजूद है वहां मेरे गुरु है उन्होंने मुझे शिक्षा दी जिसके चलते आज मैं इस योग्य बना हूं कि उनके बीच में बैठा हूं भाजपा मंडल अध्यक्ष ने बताया करोड़ों रुपए की लागत से आपके विद्यालय के पीछे नहीं बिल्डिंग बन रही है जो जल्द शुरू हो जाएंगे सरकार की सोच है आप नई बिल्डिंग में पड़े सभी प्रकार की सुविधा आपके बिल्डिंग में मिलेगी या बिल्डिंग केंद्र और राज्य सरकार की देन है शिक्षा के क्षेत्र में सरकार लगातार प्रयास कर रही है कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र दिए गए।

## नगर में निकली स्वच्छता अभियान रैली

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर कटंगी नगर स्थित संदीप ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा कटंगी नगर में स्वच्छता अभियान रैली निकाली गई रैली निकाल कर नगर वासियों को संदेश दिया गया कि साफ सफाई बहुत जरूरी है अगर बीमारी को दूर भगाना है तो स्वच्छता अभियान आवश्यक है हमें अपने घरों में और आसपास के एरिया में साफ सफाई रखनी चाहिए साफसफाई रहेगी तो बीमारी दूर भागेगी।

## एक शिक्षक एक पेड़ हुआ के तहत हुआ वृक्षारोपण

मध्य प्रदेश शासन के निर्देशन में विद्यालय परिसर में एक शिक्षक एक पेड़ कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया जिस कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के छात्र-छात्राओं सहित गुरुजनों ने भाग लिया सभी ने वृक्षारोपण कर वृक्ष से होने वाले फायदे और भविष्य में वृक्ष क्यों जरूरी है इन सब बातों को विस्तार पूर्वक बताया सभी से वृक्ष लगाने अपील की गई वृक्षारोपण जरूरी है नारे लगाकर संदेश दिया गया

## सेमिनार निबंध भाषण कब हुआ आयोजन

विद्यालय परिसर में गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा मनाया गया जिसके लिए दो दिनों तक कैरियर सेमीनार का आयोजन किया गया निबंध भाषण के अलावा अन्य प्रतियोगिता आयोजित हुई छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतियोगिता में भाग लिया गया कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं को 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा कार्यक्रम के समापन में प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया

# कटंगी के बड़पानी-गोरेघाट मार्ग पर दिखा बाघ, वीडियो वायरल होने से ग्रामीणों और किसानों में दहशत..

## वन विभाग ने जारी किया अलर्ट



जगप्रेरणा कटंगी।

***कटंगी वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सर्किल बड़पानी-गोरेघाट मार्ग पर शुक्रवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब राहगीरों ने सड़क पार करते हुए एक विशालकाय बाघ को देखा। सुबह करीब 10:55 बजे हुई इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।***

वीडियो सामने आने के बाद से ही बड़पानी, गोरेघाट और आसपास के ग्रामीण इलाकों में भारी दहशत का माहौल है। वर्तमान में खरीफसीजन के कारण खेतों में धान की रोपाई का काम जोरों पर है। बाघ की इस तरह सरेराह मौजूदगी से किसान और मजदूर खेतों में जाने से कतरा रहे हैं। ग्रामीणों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वन विभाग की टीम तुरंत हरकत में आई है। वन परिक्षेत्राधिकारी ने ग्रामीणों और किसानों से अत्यधिक सतर्कता बरतने की अपील की है।वन विभाग ने किसानों को विशेष सलाह दी है कि वे खेतों में धान का रोपा लगाते समय अकेले न जाएं। किसान और मजदूर हमेशा समूहों में काम करें और काम के दौरान शोर मचाते रहें ताकि वन्यजीव दूर रहें।

इसके साथ ही, विभाग ने ताकीद की है कि शाम ढलने के बाद खेतों या सुनसान रास्तों पर जाने से पूरी तरह परहेज करें।बाघ की दस्तक से केवल किसान ही नहीं, बल्कि स्कूली बच्चे और उनके अभिभावक भी बेहद चिंतित हैं। बड़पानी-गोरेघाट मार्ग से होकर स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं में भारी डर देखा जा रहा है। पालकों ने वन विभाग से मांग की है कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा के लिए इस मार्ग पर वन कर्मियों की विशेष गश्त लगाई जाए। वन विभाग ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया है कि क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी गई है और किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए रेस्क्यू टीम को अलर्ट पर रखा गया है।

# शक्ति विद्या मंदिर कॉलेज में हुआ आयोजन, नशे से दूरी जरूरी 2.0 अभियान ली गई शपथ..



जगप्रेरणा कटंगी।

***युवाओं को नशे की लत से दूर कर उन्हें स्वस्थ और शिक्षित जीवन की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से शक्ति विद्या मंदिर कॉलेज कटंगी में नशे से दूरी जरूरी 2.0 जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षक और समाजसेवी उपस्थित रहे।***

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य केसर बिसेन, थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुशराम के उद्बोधन से हुई। उन्होंने कहा कि आज का युवा ही देश का भविष्य है, लेकिन नशे की लत इस भविष्य को अंधकार में धकेल रही है। उन्होंने छात्रों को समझाया कि नशा न केवल शरीर को खोखला करता है, बल्कि परिवार और समाज को भी तोड़ता है। नशे से दूरी बनाकर ही आप अपने सपनों को उड़ान दे सकते हैं। केसर बिसेन ने कहा कि शिक्षा संस्थानों की जिम्मेदारी है कि वे केवल किताबी ज्ञान न दें, बल्कि बच्चों को सामाजिक बुराइयों से भी बचाएं। इस अवसर पर शक्ति विद्या मंदिर समिति के अध्यक्ष आशुतोष बिसेन, संचालक आदित्य बिसेन, सहायक प्राध्यापक उमाशंकर देशमुख और सहायक प्राध्यापक शरद नागरे भी उपस्थित रहे। सभी ने अपने विचार रखते हुए नशा मुक्ति को जन आंदोलन बनाने पर जोर दिया। समिति अध्यक्ष आशुतोष बिसेन ने कहा कि नशे से दूरी जरूरी 2.0 केवल एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह एक मुहिम है। हम चाहते हैं कि हर युवा अपने जीवन को नशे से बचाकर शिक्षा, खेल और संस्कारों से जोड़े। कॉलेज प्रशासन आगे भी ऐसे जागरूकता शिविर लगाता रहेगा। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों और छात्रों ने मिलकर नशा मुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया। प्राचार्य ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे आयोजन से छात्रों में सकारात्मक सोच और अनुशासन बढ़ता है।

# बारिश में भीगकर स्कूल न जाएं बच्चे, इसलिए उठाया जिम्मा: रामेश्वर कटरे..

## ‘मेरा गांव मेरा तीर्थ’ अभियान के तहत मोहगांव और बटुआ के 210 जरूरतमंद विद्यार्थियों को बांटी छतरियां व शिक्षण सामग्री, बच्चों से कहा- बड़ा सपना देखो, लक्ष्य तय कर आगे बढ़ो






जगप्रेरणा परसवाड़ा।

शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं होती, बल्कि संवेदनशील समाज की पहचान भी बनती है। इसी सोच को साकार करते हुए समाजसेवी एवं युवा नेता रामेश्वर कटरे का ‘मेरा गांव मेरा तीर्थ’ अभियान लगातार वनांचल के दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंच रहा है। अभियान के तहत शुक्रवार को जिले के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम मोहगांव और बटुआ के एकीकृत शासकीय माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत 210 जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को निजी व्यय से छतरियां एवं शिक्षण सामग्री वितरित की गई।

बारिश के मौसम में बच्चों को भीगकर स्कूल जाने की मजबूरी से राहत दिलाने और उनकी पढ़ाई बिना किसी बाधा के जारी रहे, इसी उद्देश्य से यह पहल की गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में बच्चों के बीच उत्साह का माहौल देखने को मिला। सामग्री प्राप्त करते ही विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कई बच्चों ने कहा कि अब उन्हें बारिश के दिनों में स्कूल पहुंचने में परेशानी नहीं होगी। शिक्षकों और अभिभावकों ने भी इस पहल को बच्चों के लिए उपयोगी बताते हुए इसकी सराहना की।

## बच्चों से पूछा- बड़े होकर क्या बनना चाहते हो?

सामग्री वितरण के बाद रामेश्वर कटरे ने विद्यार्थियों के बीच बैठकर उनसे आत्मीय संवाद किया। उन्होंने बच्चों से उनके सपनों, रुचियों और भविष्य के लक्ष्यों के बारे में जानकारी ली। किसी ने डॉक्टर बनने की इच्छा जताई तो किसी ने शिक्षक, पुलिस अधिकारी, सेना के जवान और प्रशासनिक अधिकारी बनने का सपना साझा किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। स्पष्ट लक्ष्य, अनुशासन, कठिन परिश्रम और शिक्षा ही सफलता की सबसे मजबूत नींव हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से मोबाइल और अन्य अनावश्यक आकर्षणों से दूर रहकर नियमित अध्ययन करने तथा माता-पिता और गुरुजनों का सम्मान करने की भी अपील की।

## ‘बचपन के संघर्ष ने सेवा का रास्ता दिखाया’

मीडिया से चर्चा में रामेश्वर कटरे ने कहा कि वे स्वयं वनांचल क्षेत्र की कठिन परिस्थितियों में पले-बढ़े हैं। बचपन में उन्होंने संसाधनों की कमी और संघर्ष को करीब से देखा है। यही कारण है कि जब भी उन्हें समाज के लिए कुछ करने का अवसर मिला, उन्होंने सबसे पहले शिक्षा और बच्चों को प्राथमिकता दी।

उन्होंने कहा कि छतरियां और शिक्षण सामग्री देना केवल एक सहायता नहीं है, बल्कि समाज में सेवा, सहयोग और जिम्मेदारी की भावना जगाने का प्रयास है। यदि समाज का प्रत्येक सक्षम व्यक्ति अपनी क्षमता के अनुरूप एक छोटे से दायित्व का भी निर्वहन करे, तो गांवों का विकास किसी सरकारी योजना का इंतजार नहीं करेगा, बल्कि जनभागीदारी से नई दिशा प्राप्त करेगा।

## ‘स्वर्णिम भारत की शुरुआत गांवों से होगी’

श्री कटरे ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा विकसित और स्वर्णिम भारत का जो संकल्प दिया गया है, उसकी वास्तविक शुरुआत गांवों से ही होगी। केवल सरकारी योजनाओं से समाज का संपूर्ण विकास संभव नहीं है। इसके लिए प्रत्येक नागरिक को अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करना होगा। उन्होंने कहा कि समाज के प्रति श्रद्धा, विश्वास और समर्पण का भाव ही विकास की सबसे बड़ी ताकत है।

## अभियान के तहत शिक्षा पर विशेष फोकस

उन्होंने बताया कि ‘मेरा गांव मेरा तीर्थ’ अभियान के माध्यम से शिक्षा, समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता और सामाजिक सहभागिता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम लगातार संचालित किए जा रहे हैं। बैहर में वनांचल क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए अध्ययन हेतु लाइब्रेरी की स्थापना की जा चुकी है। इसी तर्ज पर परसवाड़ा में भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं के लिए पुस्तकालय प्रारंभ किया गया है, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण अध्ययन का वातावरण उपलब्ध हो सके। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि संघर्ष के दिनों में समाज से जुड़े रहें, क्योंकि समाज के लिए किया गया कार्य ही व्यक्ति को एक दिन प्रेरणा का स्रोत बनाता है।

## ग्रामीणों ने की पहल की सराहना

कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों, अभिभावकों और जनप्रतिनिधियों ने इस पहल को वनांचल क्षेत्र के बच्चों के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक सोच और सेवा की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इस प्रकार के अभियान दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों तक पहुंचते रहेंगे।

इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि शिव हरिनखेड़े, सर्वसमाजसेवी बाबूलाल राहंगडाले, जनभागीदारी महाविद्यालय लामता के अध्यक्ष विनोद कुमार बोथरा, पचपेड़ी सरपंच प्रतिनिधि संतोष राहंगडाले, नगरवाड़ा सरपंच प्रतिनिधि चंद्रकांत राहंगडाले, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, जनप्रतिनिधि, ग्रामीण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# लखनवाड़ा रेलवे ट्रेक पर मिला बुजुर्ग का शव, गुरूवार को बेटी के साथ आया था बालाघाट..

## पुलिस ने शव बरामद करके शुरू की जांच





जगप्रेरणा बालाघाट।

***शुक्रवार को जिले के कटंगी थाना अंतर्गत लखनवाड़ा के रेलवे स्टेशन रेलवे ट्रैक पर एक बुजुर्ग का शव मिला। जिसकी पहचान, ग्राम पंचायत कोसमी निवासी डालीराम भगत (50) के रूप में की गई। घटना के बाद से परिजनों और गांव में शोक का माहौल है।***

घटना की जानकारी मिलने के बाद कटंगी पुलिस, रेलवे ट्रेक पहुंची और बुजुर्ग डालीराम के शव को बरामद कर उसे पीएम के लिए कटंगी अस्पताल लाया। यहां परिजनों की मौजूदगी में शव पंचनामा कार्रवाई के उपरांत शव का पीएम करवाकर, परिजनों को शव सौंप दिया।

बताया जाता है कि 30 जुलाई को बुजुर्ग डालीराम भगत, बेटी की परीक्षा से संबंधित काम के लिए बेटी के साथ बालाघाट आया था। यहां से बेटी, अपनी सहेली के साथ गांव वापस लौट गई लेकिन डालीराम नहीं लौटा था। बताया जाता है कि गुरूवार की शाम डालीराम, बालाघाट से ट्रेन से गांव वापस जाने निकला था। जिसे लखनवाडा मैं उतरना था, जहां से वह अपने गांव कोसमी जाता, लेकिन रात में घर नहीं पहुंचा।

आज, उसकी तलाश किए जाने पर, उसका शव रेलवे स्टेशन के ट्रैक में देखा गया। संभावना जताई जा रही है कि 30 जुलाई की रात में ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। हालांकि यह साफनहीं है कि यह हादसा ट्रेन से उतरते समय या चलती ट्रेन से गिरने के दौरान हुआ है। कटंगी पुलिस ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। पुलिस मामले की जांच हर एंगल से करेगी। कटंगी रेलवे स्टेशन से प0ता चला कि गोंदिया से कटंगी ट्रेन के पायलेट ने रेलवे ट्रैक पर शव पड़ा होने की सूचना, स्टेशन में दिया था।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा live देश विदेश
भारत, पाकिस्तान, नेपाल, भूटान, अमेरिका, ब्रिटेन, ईरान, चीन, जापान आदि की खबरें..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# सक्षम कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षकों का एकदिवसीय प्रशिक्षण का किया गया आयोजन

जगप्रेरणा बालाघाट।

***नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत छात्र छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए मध्य प्रदेश के सभी 20 जनजातीय जिलों में जनजातीय कार्य विभाग मध्य प्रदेश शासन के सहयोग से 21वीं सदी के जीवन कौशल के सफल क्रियान्वन हेतु नॉलेज पार्टनर के रूप में मैजिक बस इंडिया***



फाउंडेशन के सहयोग से सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम का सफल संचालन किया जा रहा है। कार्यक्रम के नियमित क्रियान्वयन के लिए बालाघाट जिले के बिरसा विकासखंड के सांदीपनी विद्यालय में शिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण दो बैचों में दिनांक 30 जुलाई को 2026 को आयोजित किया गया। प्रशिक्षण प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनरों अतुल पटले महेंद्र शिव और लक्ष्मी प्रसाद नागपुरे के द्वारा प्रदान किया गया जिसमें प्रोग्राम मैनेजर सुधीर कुमार अग्रवाल के द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। साथ ही पूर्व ब्लॉक मैनेजर अमित शुक्ला जी का सहयोग मिला,प्रशिक्षण में पिछले वर्ष किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए तृतीय वर्ष के माड्यूल पर शिक्षकों की विस्तृत समझ विकसित की गई साथ ही जेंडर बदलाव , समता और समानता पर शिक्षकों के साथ गतिविधियों के माध्यम से चर्चा की गयी,साथ ही सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम के प्रत्येक पहलुओं पर गतिविधि, डेमो एवं पी.पी.टी. के माध्यम से शिक्षकों की सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम पर समझ बनायी गयी। प्रशिक्षण में पूर्व विकासखंड अधिकारी श्री कृष्ण कुमार पारधी सर के द्वारा शिक्षकों को सक्षम जीवन कौशल विकास कार्यक्रम के उद्देश्य, कार्यक्रम की आवश्यकता, स्कूलों में सफल क्रियान्वयन और सक्षम के सभी बिंदुओं पर स्कूल में कार्य करने हेतु मार्गदर्शन दिया गया, साथ ही प्रशिक्षण में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक श्री नन्दकिशोर तेकाम सर का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। प्रशिक्षण में प्रशिक्षण के सफल आयोजन में सांदीपनी विद्यालय प्राचार्य श्री गंगा प्रसाद कटरे सर और स्कूल के शिक्षकों का विशेष सहयोग मिला।

# बेलगाम रफ्तार का कहर: श्रीराम मंदिर के पास बोलेरो की टक्कर से गौवंश की मौत..

## नंबर प्लेट मौके पर गिरी; सीसीटीवी फुटेज वायरल, ग्रामीणों ने एफआईआर की मांग की

जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***नगर के मुख्य मार्ग स्थित श्रीराम मंदिर के समीप शुक्रवार रात करीब 8 बजे तेज रफ्तार और लापरवाही से दौड़ रही एक बोलेरो ने सड़क किनारे खड़ी दो गायों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि एक गाय की मौके पर ही मौत हो गई,***





जबकि दूसरी गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसका उपचार जारी है। टक्कर मारने के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया, लेकिन भागने की जल्दबाजी में बोलेरो की नंबर प्लेट घटनास्थल पर ही गिर गई, जिससे वाहन की पहचान होने का दावा किया जा रहा है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पूरी घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें कथित बोलेरो वाहन तेज गति से आते हुए गौवंश को टक्कर मारकर बिना रुके भागता दिखाई दे रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वायरल सीसीटीवी फुटेज पुलिस जांच में अहम साक्ष्य साबित हो सकती है।

ग्रामीणों के मुताबिक हादसे में शामिल बोलेरो का क्रमांक एमपी-50-ज़ेडके-3395 है। उनका आरोप है कि इसी वाहन ने परसवाड़ा में दो गौवंशों को टक्कर मारी, जिसमें एक की मौत हो गई और दूसरी घायल हो गई। वहीं ग्रामीणों का यह भी कहना है कि इसी बोलेरो द्वारा ग्राम खरपड़िया में भी एक अन्य गाय को टक्कर मारने की सूचना है। लगातार सामने आ रही इन घटनाओं से क्षेत्र में आक्रोश के साथ दहशत का माहौल बना हुआ है।

घटना के समय मुख्य मार्ग पर लोगों की आवाजाही जारी थी। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि उस समय कोई राहगीर या दोपहिया वाहन चालक वाहन की चपेट में आ जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। लोगों का कहना है कि चालक की लापरवाही के कारण एक बड़ी जनहानि टल गई।

हादसे के बाद घटनास्थल से मिली नंबर प्लेट को लेकर ग्रामीण परसवाड़ा थाने पहुंचे और वाहन चालक के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की।

ग्रामीणों ने पुलिस से वायरल सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी चालक की तत्काल पहचान कर एफआईआर दर्ज करने तथा उसे शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की है।

ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से बोलेरो वाहन क्रमांक एमपी-50-ज़ेडके-3395 के चालक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता और मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों के तहत कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि ऐसे बेलगाम और लापरवाह वाहन चालकों पर समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो भविष्य में किसी बड़े सड़क हादसे और जनहानि से इनकार नहीं किया जा सकता।

क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/- प्रतिदिन.. दैनिक जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन में प्रकाशित किये जाते हैं। कृपया संपर्क करें.. मो. 9329033433

# मोटरसाइकिल चालक कट मारकर हुआ फरार, दुर्घटना में लोकचंद हनोते घायल..

जगप्रेरणा लांजी।

***क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला लगातार जारी है। तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण आए दिन लोग हादसों का शिकार हो रहे हैं। शुक्रवार, 31 जुलाई को सालेटेकरी रोड स्थित कटंगनाले के पास हुए एक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक घायल हो गया।***



प्राप्त जानकारी के अनुसार, लोकचंद हनोते (38 वर्ष), पिता ताराचंद हनोते, निवासी कुम्हारी खुर्द अपने मौसाजी के गांव नंदोरा घोटी से सुबह लगभग 11 बजे मोटरसाइकिल से अपने गृहग्राम लौट रहे थे। इसी दौरान कटंगनाले के समीप लांजी की ओर से तेज रफ्तार में आ रही एक अज्ञात मोटरसाइकिल ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद अज्ञात बाइक चालक मौके से फरार हो गया।हादसे के बाद आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्काल 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। एम्बुलेंस की सहायता से घायल युवक को सिविल अस्पताल लांजी पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार प्रदान किया गया है घटना के बाद क्षेत्रवासियों ने सड़क पर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने वालों पर प्रभावी कार्रवाई की मांग की है, ताकि इस तरह की दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

# इंडियन चैलेंजर्स कप 2026 कोलकाता में शामिल होंगे खिलाड़ी..







## कराटे कोच तोषराम के साथ शामिल होंगे 2 प्रशिक्षित खिलाड़ी

जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी क्षेत्र के निवासी एवं वर्तमान में खेल एवं युवा कल्याण विभाग, रीवा में जिला खेल प्रशिक्षक (कराटे कोच) के पद पर पदस्थ तोषराम कनोजे अपने प्रशिक्षित खिलाड़ियों शिवा कुशवाहा एवं विनेश कनोजे के साथ 31 जुलाई से 2 अगस्त 2026***

तक कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में आयोजित 10वीं इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप ङ्क इंडियन चैलेंजर्स कप 2026 में हिस्सा लेंगे।

यह प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता विभिन्न देशों के कराटे खिलाड़ियों को एक मंच पर लाएगी, जहां खिलाड़ी अपनी तकनीक, कौशल और खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। रीवा के तीनों खिलाड़ियों ने लंबे समय तक कठिन अभ्यास और नियमित प्रशिक्षण के बाद इस प्रतियोगिता के लिए अपनी तैयारी पूरी की है। प्रशिक्षक तोषराम कनोजे के मार्गदर्शन में तैयार हुए खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन के लिए पूरी तरह उत्साहित हैं।

क्षेत्रवासियों एवं खेल प्रेमियों ने तीनों खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए विश्वास जताया है कि वे प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक हासिल करेंगे और रीवा, मध्यप्रदेश के साथ-साथ देश का नाम भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करेंगे। यह प्रतियोगिता युवा खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा साबित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर मानी जा रही है।

# भिवंडी में चार मंजिला इमारत ढहने से 10 लोगों की मौत, तीन घायल..

ठाणे, (भाषा)।

***महाराष्ट्र के भिवंडी में स्थानीय नगर निकाय द्वारा 2020 में 'खतरनाक' घोषित चार मंजिला इमारत के ढहने से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और तीन व्यक्ति घायल हो गए। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।***

मुंबई से करीब 50 किलोमीटर दूर पावरलूम नगरी भिवंडी में बालाजी नगर क्षेत्र स्थित कोहिनूर बिल्डिंग का एक हिस्सा बृहस्पतिवार रात 11 बजकर 20 मिनट पर ढह गया। नगर निकाय के अधिकारियों ने इस इमारत को ''खतरनाक'' घोषित किया था और परिसर में मरम्मत का काम चल रहा था।

उन्होंने बताया कि हादसे के बाद कई एजेंसियों ने मिलकर 19 घंटे तक तलाश और बचाव अभियान चलाया जो शाम करीब सात बजे खत्म हुआ।

इस अभियान में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), ठाणे आपदा मोचन बल और स्थानीय अग्निशमन विभाग की टीमों ने भाग लिया। बचाव कार्य में श्वान दस्तों की भी मदद ली गयी।

भिवंडी-निजामपुर सिटी नगर निगम के सहायक आयुक्त श्रीकांत परदेशी ने बताया कि इस हादसे में दस लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए।

उन्होंने कहा कि नगर निगम के अधिकारियों ने स्थानीय भोईवाड़ा पुलिस से उस ठेकेदार के खिलाफशिकायत दर्ज कराने के लिए संपर्क किया है, जो उचित मंजूरी लिए बिना ही इमारत में मरम्मत कार्य कर रहा था।

भोईवाड़ा पुलिस के वरिष्ठ निरीक्षक विक्रम मोहिते ने बताया कि ठेकेदार के खिलाफ मामला दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है।

एक अधिकारी ने बताया कि इस इमारत में कुल 48 कमरे थे और हर मंजिल पर 12 कमरे थे। बृहस्पतिवार रात करीब नौ बजे, वहां रहने वालों ने इमारत में ''तेज दरार पड़ने जैसी आवाजें'' सुनीं।

खतरे को भांपते हुए स्थानीय लोगों ने तुरंत कई परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में मदद की, लेकिन जब कुछ निवासी बाहर निकल ही रहे थे, तभी इमारत की 'बी' विंग अचानक भरभराकर ढह गई।



भिवंडी-निजामपुर शहर महानगरपालिका (बीएनसीएमसी) ने बताया कि उसने सितंबर 2020 में ही इस इमारत को ''खतरनाक'' घोषित कर दिया था और आखिरकार इस साल पांच जून को इसे खाली करने का नोटिस जारी किया, जिसके बाद बिजली और पानी की आपूर्ति काट दी गई। हालांकि, इसके बावजूद संपत्ति के मालिकों ने नगर निकाय से कोई अनुमति लिए बिना ही इमारत की मरम्मत का काम शुरू कर दिया।

महाराष्ट्र के आपदा प्रबंधन मंत्री गिरीश महाजन ने घटनास्थल का दौरा किया और मृतकों के परिवारों को पांच-पांच लाख रुपये की वित्तीय सहायता की घोषणा की।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस घटना पर दुख जताते हुए कहा कि उन्होंने अधिकारियों को मामला दर्ज करने और दोषियों के खिलाफसख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि यह घटना तब हुई, जब इमारत की मरम्मत का काम चल रहा था।

इस बीच, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस घटना पर दुख जताया। मुर्मू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''महाराष्ट्र के भिवंडी में एक इमारत गिरने की घटना में लोगों की मौत का समाचार बेहद दुखद है। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करती हूं। मैं इस हादसे में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।''

प्रधानमंत्री मोदी ने इस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया और प्रत्येक मृतक के परिजन को दो लाख रुपये तथा घायलों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''महाराष्ट्र के ठाणे में एक इमारत ढहने से लोगों की मौत की खबर सुनकर बेहद दुख हुआ। इस दुखद घड़ी में मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।''

इस हादसे में बची एक महिला ने अपने आंसुओं पर काबू पाने की कोशिश करते हुए उसे ''मौत के मुंह'' से बचाने के लिए ईश्वर को धन्यवाद दिया। उसने बताया कि वह मिट्टी और कीचड़ में दबी हुई थी और उससे कुछ ही फुट की दूरी पर उसके माता-पिता उसका नाम पुकारते हुए रो-रोकर आवाज लगा रहे थे।

महिला ने कहा, ''मैं भी पूरी ताकत से चिल्ला रही थी, लेकिन मलबे में मेरी आवाज दब गई। मेरी आवाज उन तक नहीं पहुंच सकी। मैं कई घंटों तक उस कीचड़ में दबी रही, तब जाकर बचाव दल ने मुझे जीवित बाहर निकाला।''

महिला का आरोप है कि निवासियों की बार-बार चेतावनी के बावजूद इमारत की मरम्मत सही तरीके से नहीं की जा रही थी। उसने कहा, ''हमने उन्हें चेताया था कि इस तरह मरम्मत न करें, लेकिन उन्होंने हमारी बात नहीं मानी और आखिरकार यह भयावह हादसा हो गया।''

एक अन्य महिला अपने बच्चे को सीने से लगाए अविश्वास की स्थिति में उस जगह को देख रही थी, जहां कभी दूसरी मंजिल पर बना उसका घर हुआ करता था।

उसने कहा, ''मैं, मेरे पति और हमारी दो बेटियां दूसरी मंजिल पर रहते थे। जब हमारे हिस्से की इमारत में दरारें पड़ने लगीं, तो सामने रहने वाले पड़ोसी ने हमें अपने घर में आने के लिए कहा। उसी एक पल में लिया गया फैसला हमारी जान बचा गया। नहीं तो हम भी इस कंक्रीट के पहाड़ के नीचे जिंदा दफन हो गए होते। हमने सब कुछ खो दिया है- अपना घर, अपना सामान। हमारी पूरी जिंदगी उजड़ गई है।''

इस हादसे में कई परिवारों के पास अब तन पर पहने कपड़ों के अलावा कुछ भी नहीं बचा है।

अधिकारियों ने बताया कि अब तक मृतकों में से पांच लोगों की पहचान शमीम शेख (32), रंजीत सिंह (45), मिराज रसूल शेख (34), संतोष कुमार पांडे (42) और शमीम अंसारी (30) के रूप में हुई है।

मुख्यमंत्री फडणवीस ने एक बयान में कहा, ''भिवंडी में इमारत ढहने की घटना, जिसमें कई लोगों की जान चली गई, बेहद दुखद है। महानगरपालिका आयुक्त को तत्काल मामला दर्ज करने और दोषियों के खिलाफकड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।''

भिवंडी-निजामपुर महानगरपालिका (बीएनसीएमसी) ने एक बयान में कहा कि इस इमारत को खतरनाक घोषित किया गया था और सबसे पहले सात सितंबर 2020 को संपत्ति मालिकों को संरचनात्मक ऑडिट रिपोर्ट पेश करने का नोटिस जारी किया गया था। इसके बाद 22 अप्रैल 2022 को उन्हें एक अनुस्मारक (रिमाइंडर) नोटिस भी भेजा गया।

लगातार नियमों का पालन न किए जाने पर नगर निकाय ने पांच जून 2026 को इमारत खाली करने का नोटिस जारी किया। इसके बाद परिसर में बिजली और पानी की आपूर्ति काट दी गई और वहां रहने वाले परिवारों को बाहर निकाल दिया गया।

हालांकि, नगर निकाय के अनुसार संपत्ति मालिकों ने अवैध रूप से इमारत की संरचनात्मक मरम्मत का काम शुरू कर दिया। 30 जुलाई 2026 को सहायक नगर आयुक्त के नेतृत्व में महानगरपालिका की एक टीम ने स्थल का निरीक्षण किया और इमारत में गंभीर संरचनात्मक अस्थिरता पाई। इसके बाद टीम ने तुरंत करीब 40 निवासियों और वहां काम कर रहे मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

महानगरपालिका ने बताया कि ठेकेदार और मजदूरों को मरम्मत कार्य तुरंत बंद करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन उन्होंने इसकी अनदेखी की। इसके अलावा, कुछ निवासियों ने भी इमारत छोड़ने से इनकार कर दिया।

भिवंडी के महापौर नारायण चौधरी ने शुक्रवार को कहा, ''भिवंडी में कम से कम 130 से 140 ऐसी इमारतें हैं, जिन्हें 'बेहद खतरनाक' घोषित किया गया है और जिन्हें तत्काल खाली कराया जाना जरूरी है।''





जग प्रेरणा
खेल मनोरंजन
खेल जगत एवं बॉलीवुड व हॉलीवुड की खबरें..



# सीमा की शानदार वापसी, राष्ट्रमंडल खेलों में जीता कांस्य पदक..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***भारत की सीमा कालीरमण को गर्भावस्था के बाद गठिया हो गया था लेकिन उन्होंने इस पर काबू पाया और पिछले साल वापसी करने के बाद यहां राष्ट्रमंडल खेलों में में बृहस्पतिवार को महिला चक्का फेंक स्पर्धा में कांस्य पदक जीता लेकिन वह अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से मामूली अंतर से चूक गईं।***



उनकी साथी खिलाड़ी निधि रानी इसी स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहीं।सीमा ने 58.65 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। भारतीय खिलाड़ी ने यह दूरी अपने तीसरे प्रयास में हासिल की। वह हालांकि 59.73 मीटर के अपने निजी और सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से पीछे रहीं। निधि ने 57.10 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ चौथा स्थान हासिल किया। उनका निजी और सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 58.82 मीटर है। जमैका की समंथा हॉल ने अपने पांचवें प्रयास में 61.66 मीटर की सर्वश्रेष्ठ दूरी के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया जबकि कनाडा की जूलिया टंक्स ने 60.67 मीटर के प्रयास के साथ रजत पदक जीता। सीमा ने कहा, 'मैं अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन तो नहीं कर पाई, लेकिन अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध थी।' हरियाणा के भिवानी की रहने वाली 27 वर्षीय सीमा ने गर्भावस्था के बाद गठिया और घुटने की चोट जैसी जटिल समस्याओं से उबरने के लिए कुछ समय तक खेल से दूर रहने के बाद वापसी की। उनका बेटा अब चार साल का है।

सीमा भिवानी के चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय से शारीरिक शिक्षा में पीएचडी भी कर रही हैं। उन्होंने कहा, 'गर्भावस्था के बाद मुझे गठिया हो गया था, जिसके कारण कई समस्याएं पैदा हो गई थी। अपने पति और परिवार के सहयोग से ही मैं आज यहां पर हूं।'

सीमा ने कहा, 'मुझे पूरा भरोसा था कि मुश्किल परिस्थितियों के बावजूद मैं अच्छा प्रदर्शन करूंगी। बहुत ठंड थी, लेकिन स्पला (पोलैंड) में खेलों से पहले अभ्यास करने से हमें ऐसे मौसम के लिए तैयार करने में मदद की।'

अपने भविष्य के लक्ष्य के बारे में पूछे जाने पर सीमा ने कहा, 'मेरा कोई विशिष्ट लक्ष्य नहीं है। मैं केवल अच्छा प्रदर्शन करना चाहती हूं, कड़ी मेहनत करना चाहती हूं, चाहे मैं अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हासिल कर पाऊं या नहीं।' इससे पहले निधि ने 53.19 मीटर के थ्रो के साथ भारत के अभियान की शुरुआत की, लेकिन नाइजीरिया की ओबियागेरी पामेला अमाएची (53.68 मीटर) और युगांडा की मोनी नोरा अतीम (55.37 मीटर) ने तुरंत उन्हें पीछे छोड़ दिया। वहीं सीमा ने अपना चक्का नेट में डालकर फाउल के साथ शुरुआत की।

इसके बाद टंक्स ने 58.21 मीटर के शुरुआती प्रयास के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया, लेकिन हॉल ने 59.27 मीटर के साथ बढ़त बना ली। निधि ने दूसरे प्रयाास में 55.67 मीटर का दमदार थ्रो करके तीसरा स्थान हासिल किया, लेकिन सीमा ने जल्द ही चक्का 57.32 मीटर तक फेंककर अपनी हमवतन को पीछे छोड़ दिया। टंक्स ने 60.67 मीटर के प्रयास से रजत पदक पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली, जबकि सीमा आधे चरण में 58.65 मीटर की दूरी तय करके कांस्य पदक के लिए मजबूत दावेदार बन गईं। हॉल ने चौथे प्रयास में 60.95 मीटर के शानदार प्रदर्शन के साथ अपनी श्रेष्ठता साबित की और फिर पांचवें प्रयास में 61.66 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। राष्ट्रमंडल खेलों में चक्का फेंक में पदक हासिल करने के मामले में सीमा पूनिया भारत की सबसे सफल खिलाड़ी हैं। उनके खाते में तीन रजत (2006, 2014, 2018) और एक कांस्य (2010) पदक हैं।

कृष्णा पूनिया (2010) और विकास गौड़ा (2014) ही ऐसे भारतीय खिलाड़ी हैं जिन्होंने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है।

# 6000 से ज्यादा गानों को आवाज देने वाली दिग्गज गायिका जमुना रानी का निधन, 7 साल की उम्र में शुरू किया था गायकी का सफर..

डेस्क जगप्रेरणा।

***बॉलीवुड-दक्षिण भारतीय संगीत उद्योग को अपनी अनूठी और सुरीली आवाज से दशकों तक समृद्ध करने वाली दिग्गज पार्श्व गायिका जमुना रानी का 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया है।***



वह पिछले कुछ समय से उम्र से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही थीं। उन्होंने गुरुवार शाम बेंगलुरु स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से पूरे दक्षिण भारतीय सिनेमा जगत और उनके लाखों फैंस में शोक की लहर दौड़ गई है। उनका अंतिम संस्कार कल्लाहल्ली में संपन्न होगा। साल 1938 में आंध्र प्रदेश में जन्मीं जमुना रानी ने महज सात साल की नन्हीं उम्र में ही फिल्म उद्योग में कदम रख दिया था और अपनी प्रतिभा के बल पर संगीत इतिहास में अपना नाम अमर कर लिया।

## फिल्म 'त्यागय्या' से किया था डेब्यू, 6000 से अधिक गीतों को दी आवाज..

जमुना रानी ने अपने गायन करियर की शुरुआत फिल्म 'त्यागय्या' से एक प्लेबैक सिंगर के रूप में की थी। अपने लंबे और सफल करियर के दौरान उन्होंने तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में 6000 से भी अधिक गीतों को अपनी आवाज दी। उनकी विशिष्ट और अलग आवाज उन्हें अपने दौर के अन्य गायकों से अलग बनाती थी। उनकी आवाज विशेष रूप से क्लब डांस नंबर, जिप्सी सॉन्ग्स और लोकगीतों के लिए बेहद उपयुक्त मानी जाती थी। साल 1952 में रिलीज़ हुई फिल्म 'कल्याणी' के जरिए उन्होंने तमिल फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा था और वहां भी अपनी सफलता के झंडे गाड़े।

## तेलुगु और अंतरराष्ट्रीय सिनेमा में छोड़ी अमिट छाप..

तेलुगु सिनेमा में जमुना रानी ने कई सदाबहार गीतों के जरिए अपार लोकप्रियता हासिल की। उनके प्रसिद्ध तेलुगु गीतों में 'सरदा सरदा सिगरेटु', 'एंथा टक्कारी वाडू नाराजू', 'मुक्कुमीधु नृखी.. नी मुखनिके आडा', 'कोटू बूटू वीडा बावा वाचादय्या' और 'पाडापाडावे वैयारी गालिपतामा' शामिल हैं, जो आज भी संगीत प्रेमियों के बीच काफी लोकप्रिय हैं।

जमुना रानी का जादू केवल भारतीय भाषाओं तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी गायकी का परचम लहराया। श्रीलंका की सिंहली फिल्मों में गाए उनके गीतों को व्यापक सराहना मिली।

विशेष रूप से, मशहूर गायक ए.एम. राजा के साथ सिंहली फिल्म 'सदा सुलंग' में गाया गया उनका युगल गीत 'जीवना मी गमना रमसाए' श्रीलंकाई संगीत इतिहास में एक क्लासिक गीत बन गया, जिसे आज भी बेहद पसंद किया जाता है।

## कई पुरस्कारों और सम्मानों से की गईं सम्मानित..

अपने लंबे संगीत सफर में उन्होंने टीएम सौंदरराजन, सिरकाली गोविंदराजन, तिरुचि लोगनाथन, पीबी श्रीनिवास, एएम राजा, पी सुशीला, पी लीला, एलआर ईश्वरी, जिक्की, एस. जानकी, शूलमंगलम राजलक्ष्मी और एमएस राजेश्वरी जैसे दिग्गज गायकों के साथ युगल गीत गाए। इसके अलावा उन्होंने विश्वनाथन-राममूर्ति, केवी महादेवन, टीआर पापा, वी कुमार, जीके वेंकटेश और इलैयाराजा जैसे महान संगीतकारों के निर्देशन में काम किया। संगीत के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान को देखते हुए तमिलनाडु सरकार ने उन्हें 1998 में प्रतिष्ठित 'कलैमामणि पुरस्कार' और 2002 में 'अरिग्नार अन्ना पुरस्कार' से सम्मानित किया था।

## दक्षिण भारतीय संगीत जगत के लिए अपूरणीय क्षति..

हाल के दिनों में मनोरंजन जगत ने कई महान हस्तियों को खोया है, जिससे प्रशंसक बेहद दुखी हैं। जमुना रानी का जाना दक्षिण भारतीय संगीत उद्योग के लिए एक बहुत बड़ी और अपूरणीय क्षति माना जा रहा है। उनकी सुरीली आवाज और उनके गाए सदाबहार गीत हमेशा संगीत प्रेमियों के दिलों में जीवित रहेंगे।

# इंग्लैंड के हेड कोच बनते ही स्टीफन फ्लेमिंग का बड़ा बयान, कहा- यह दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित पदों में से एक है..

डेस्क जगप्रेरणा।

***इंग्लैंड टेस्ट क्रिकेट टीम को नया हेड कोच मिल गया है। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान स्टीफन फ्लेमिंग को टेस्ट टीम का नया हेड कोच नियुक्त किया गया है। फ्लेमिंग ने हाल ही में इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) की फ्रेंचाइजी चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) के साथ अपना कई सालों पुराना और बेहद सफल सफर खत्म किया था।***



इंग्लैंड टीम से जुड़ने पर फ्लेमिंग ने कहा कि वह इस नई जिम्मेदारी को लेकर काफी उत्साहित हैं और दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित कोचिंग पोजिशन में से एक को संभालना उनके लिए बेहद सम्मान की बात है।

## टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड का हालिया प्रदर्शन रहा निराशाजनक..

इंग्लैंड टीम में यह बदलाव बेन स्टोक्स और ब्रेंडन मैकुलम के दौर के खत्म होने के बाद आया है। एशेज सीरीज में निराशाजनक प्रदर्शन और उसके बाद न्यूजीलैंड के हाथों घरेलू टेस्ट सीरीज में 2-1 से मिली हार के बाद मैकुलम ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। वहीं, बेन स्टोक्स ने भी इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी थी। इसके बाद जो रूट को एक बार फिर से इंग्लैंड की टेस्ट टीम का नियमित कप्तान बनाया गया है।

## इस पद पर नियुक्त होना मेरे लिए सम्मान की बात- फ्लेमिंग..

स्टीफन फ्लेमिंग तुरंत टीम से नहीं जुड़ेंगे। वह इंग्लैंड के आगामी पाकिस्तान दौरे के बाद अपना पद संभालेंगे, क्योंकि वह इस समय अपने परिवार के साथ न्यूजीलैंड में हैं। पाकिस्तान के खिलाफसीरीज के दौरान पूर्व इंग्लिश क्रिकेटर मार्कस ट्रेस्कोथिक कार्यवाहक कोच की भूमिका निभाएंगे। फ्लेमिंग ने कहा कि इंग्लैंड के साथ टेस्ट कोच के तौर पर जुड़ने को लेकर मैं बहुत उत्साहित हूं। यह दुनिया भर के क्रिकेट में कोचिंग के सबसे प्रतिष्ठित पदों में से एक है और इस पद पर नियुक्त होना मेरे लिए सम्मान की बात है।

## रूट और ब्रूक जैसे खिलाड़ियों के साथ काम करने के लिए उत्साहित हैं- फ्लेमिंग


स्टीफन फ्लेमिंग का कहना है कि वे इंग्लैंड टीम को तुरंत जीत दिलाने के साथ-साथ भविष्य के लिए भी एक मजबूत टीम बनाना चाहते हैं। उन्होंने कप्तान जो रूट को अपनी पीढ़ी का एक बहुत बड़ा और खास खिलाड़ी बताया और कहा कि वे उनके साथ काम करने के लिए काफी उत्साहित हैं।

इसके अलावा, फ्लेमिंग ने युवा खिलाड़ी हैरी ब्रूक की बल्लेबाजी और कप्तानी के हुनर को और बेहतर बनाने पर खास ध्यान देने की बात कही। आपको बता दें कि रूट को दूसरी बार टेस्ट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। इसे पहले वह 65 टेस्ट मैचों में कप्तानी कर चुके हैं।

# 'द ट्रेटर्स 2' में शुभमन गिल की बहन शाहनील की हुई एंट्री, करण जौहर के शो में खेलेंगी माइंड गेम..

डेस्क जगप्रेरणा।

टीम इंडिया के **T20I** कप्तान श्रेयस अय्यर की बहन श्रेष्ठा के लॉक अप सीजन 2 में हिस्सा लेने के बाद एक और भारतीय क्रिकेटर की बहन रियलिटी शो की दुनिया में धूम मचाने को तैयार है। हम बात कर रहे हैं शुभमन गिल की बहन शाहनील की, जो श्रेष्ठा अय्यर के नक्शेकदम पर चल पड़ी हैं। वह प्राइम वीडियो के पॉपुलर शो 'द ट्रेटर्स 2' रियलिटी शो में नजर आने वाली हैं, जिसे करण जौहर होस्ट करेंगे। नए सीजन का ऐलान होते ही सोशल मीडिया पर इस शो को लेकर जबरदस्त बज बना हुआ है। हाल ही में द ट्रेटर्स इंडिया सीजन 2 के 21 कंटेस्टेंट्स के नाम और चेहरे रिवील कर दिए गए हैं।




## द ट्रेटर्स 2 में शाहनील गिल की हुई एंट्री..

सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें शाहनील अपना इंट्रोडक्शन देते हुए कहती हैं, 'मेरा सरनेम गिल है और मुझे पता है कि 'किल' कैसे करना है।' भारतीय क्रिकेट टीम के प्रशंसक अपने पसंदीदा क्रिकेटर शुभमन गिल की बहन को शो में परफॉर्म करते देखने के लिए काफी एक्साइटेड नजर आ रहे हैं। शाहनील ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शो से अपना पहला लुक शेयर करके अपनी एंट्री की घोषणा की। यह अब तक का उनका सबसे बड़ा काम होगा। अब देखना यह है कि श्रेष्ठा अय्यर और मालती चाहर के बाद शाहनील गिल क्या कमाल करती हैं।

## शाहनील गिल का रियलिटी शो डेब्यू..

शुभमन गिल की बहन न सिर्फ सोशल मीडिया पर, बल्कि क्रिकेट फैंस के बीच भी काफी चर्चा में रहती हैं। उन्हें अक्सर मैचों के दौरान स्टैंड्स में अपने भाई का हौसला बढ़ाते हुए देखा जाता है। 'द ट्रेटर्स 2' के साथ शाहनील एक बिल्कुल अलग दुनिया में कदम रख रही हैं। यह रियलिटी शो रणनीति, भरोसे और धोखे पर आधारित है, जिसमें गेम में बने रहने के लिए कंटेस्टेंट्स को एक-दूसरे से ज्यादा चालाक बनना पड़ता है। यह उनका किसी रियलिटी टीवी शो में पहला अपीयरेंस होगा।

## द ट्रेटर्स 2 का प्रीमियर कब होगा..

प्राइम वीडियो ने घोषणा की है कि 'द ट्रेटर्स 2' का प्रीमियर 13 अगस्त को दुनिया भर में होगा। प्रीमियर के बाद हर गुरुवार को नए एपिसोड रिलीज किए जाएंगे।

# अरुंधति ने गत चैंपियन को चौंकाया, जैस्मीन, प्रीति और अंकुश भी फाइनल में..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

ग्लास्गो, 31 जुलाई (भाषा) अरुंधति चौधरी ने 70 किग्रा वर्ग में मौजूदा चैंपियन वेल्स की रोजी एक्लेस को हराकर बड़ा उलटफेर किया जबकि विश्व चैंपियन जैस्मीन लांबोरिया (57 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा) और अंकुश पंघाल (80 किग्रा) ने भी अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले जीतकर फाइनल में जगह बना कर राष्ट्रमंडल खेलों की मुक्केबाजी स्पर्धा में भारत का दबदबा कायम किया।



अरुंधति ने एक संघर्षपूर्ण और रोमांचक मुकाबले में रोजी एक्लेस को 4-0 के फैसले से हराया। भारतीय मुक्केबाज ने शुरुआती दो राउंड में अपने शानदार प्रदर्शन को बरकरार रखा और इसी दौरान रोजी को 'स्टैंडिंग काउंट' का सामना भी करना पड़ा। अरुंधति ने पूरे मुकाबले में संयम बनाए रखा और प्रभावी पंच के दम पर गत चैंपियन पर बढ़त कायम रखी। वहीं, रोजी वापसी की कोशिश करती रहीं, लेकिन भारतीय मुक्केबाज की मजबूत रणनीति के सामने वह सफल नहीं हो सकीं।

जैस्मीन सेमीफाइनल में एकतरफा प्रदर्शन करते हुए आरएससी (रेफरी द्वारा मुकाबला रोकना) से जीत दर्ज की। लेसोथो की रापेलांग मासेलेला की उनकी प्रतिद्वंद्वी को दूसरे राउंड के अंतिम क्षणों में तीसरी बार स्टैंडिंग काउंट मिलने के बाद रेफरी ने मुकाबला रोक दिया।

जैस्मीन ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया और अपनी तेज पंच की बौछार कर से प्रतिद्वंद्वी मुक्केबाज पर दबाव बनाए रखा। इस बीच, भिवानी की एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता 22 वर्षीय प्रीति ने मुकाबले के दौरान शुरू से अंत तक दबदबा बनाए रखा। उन्होंने बांयी ओर से सटीक पंच और प्रभावी जवाबी हमले के दम पर म्वापे को लगातार दबाव में रखा। फाइनल में प्रीति के सामने स्कारलेट डेलगाडो की चुनौती होगी। कनाडा की इस मुक्केबाज ने एक अन्य सेमीफाइनल में इंग्लैंड की लॉरेन मैकी को 4-1 से हराया। प्रीति ने जीत के बाद पीटीआई से कहा, ÷मैं बहुत खुश हूं कि जिस तरह की तैयारी की थी, उसे रिंग में उतारने में सफल रही। अब मेरा पूरा ध्यान स्वर्ण पदक जीतने पर है और मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगी।' उन्होंने कहा, 'मैं किसी भी प्रतिद्वंद्वी को हल्के में नहीं लेती। अपने कोच के साथ हर मुकाबले की पूरी तैयारी करती हूं और खुशी है कि उन योजनाओं को अमल में ला पा रही हूं।' म्वापे पूरे मुकाबले में प्रभावी पंच लगाने के लिए जूझती रहीं, जबकि प्रीति के संयोजित पंच का उनके पास कोई जवाब नहीं था। पहले दो राउंड में जाम्बिया की मुक्केबाज को तीन बार 'एट काउंट' का सामना करना पड़ा, जो भारतीय मुक्केबाज के एकतरफा वर्चस्व का प्रमाण रहा। दूसरे राउंड में प्रीति के प्रदर्शन से प्रभावित सभी पांच निर्णायकों ने उन्हें 10-8 का स्कोर दिया। अंतिम राउंड में म्वापे मुकाबले में वापसी की कोशिश करने के बजाय प्रीति के आक्रामक हमलों से बचती नजर आईं। दूसरी ओर, अंकुश ने भी 80 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में कनाडा के जोशुआ ओफोरी को 5-0 से हराकर फाइनल का टिकट कटाया। शुरुआती दो राउंड में भारतीय मुक्केबाज के शानदार प्रदर्शन के सामने ओफोरी बार-बार 'क्लिंचिंग' (प्रतिद्वंद्वी मुक्केबाज को जकड़ कर मुकाबले की गति प्रभावित करने की कोशिश) का सहारा लेने को मजबूर हुए। दूसरे राउंड की शुरुआत में ओफोरी ने आक्रामक रुख अपनाने की कोशिश की, लेकिन अंकुश ने संयम बनाए रखते हुए दबाव को आसानी से झेला और सटीक पंचों के संयोजन से जवाब देते हुए एकतरफा 5-0 की जीत दर्ज की।

# जस्सी गिल की मां का निधन

## अगस्त में होगी रविंदर कौर के लिए अंतिम प्रार्थना सभा..

डेस्क जगप्रेरणा।

***पंजाबी सिंगर और एक्टर जस्सी गिल अपनी मां सरदारनी रविंदर कौर के निधन से गहरे दुख में हैं। उन्होंने 27 जुलाई 2026 को इस दुनिया को अलविदा कह दिया।***



इस खबर से गिल परिवार उनके फैंस और पंजाबी एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के लोग बहुत दुखी हैं और सोशल मीडिया पर शोक संदेशों का तांता लगा हुआ है। जस्सी गिल ने आज अपने सोशल मीडिया पर मां के निधन की खबर देते हुए, बताया कि वह रविंदर कौर के लिए अंतिम प्रार्थना सभा रखने वाले हैं।

## जस्सी गिल की मां के अंतिम अरदास में शामिल हुए करीबी..

परिवार की ओर से जारी शोक संदेश के अनुसार 'अंतिम अरदास' 28 जुलाई को पंजाब के लुधियाना स्थित शताब्दी पैलेस में आयोजित की गई थी। प्रार्थना सभा सुबह 10:30 बजे शुरू हुई, जिसमें रिश्तेदार, करीबी दोस्त, शुभचिंतक और पंजाबी संगीत और फिल्म जगत के लोग उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि देने के लिए शामिल हुए। परिवार ने प्रार्थना सभा में शामिल होने वालों से सरदारनी रविंदर कौर को अपनी प्रार्थनाओं में याद करने और उनकी आत्मा की शांति के लिए दुआ करने का आग्रह किया। इस सूचना में एक सिख प्रार्थना भी शामिल थी और दुख की इस घड़ी में परिवार का साथ देने के लिए अपनों को आमंत्रित किया गया था।

## मां के लिए जस्सी गिल का इमोशनल पोस्ट..

जस्सी गिल ने अपनी मां के निधन के बारे में अपडेट देते हुए, सोशल मीडिया पर एक इमोशनल पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने अपनी मां को श्रद्धांजलि देते हुए, लिखा- 'हर जनम बने तू मां मेरी, हर जनम में तेरा बेटा होगा। अलविदा मां जब तक हम फिर से न मिलें, शांति से आराम करो।' इस पोस्ट के जरिए कई सोशल मीडिया यूजर्स ने अपना दुख व्यक्त किया और इस व्यक्तिगत नुकसान से उबरने के लिए उन्हें हिम्मत दी। इसके बाद जस्सी गिल ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर भी एक पोस्ट शेयर किया है।

## रविंदर कौर के लिए अंतिम प्रार्थना सभा..

सरदारनी रविंदर कौर की अंतिम अरदास ने रिश्तेदारों और शुभचिंतकों को एक साथ आने, श्रद्धांजलि देने और परिवार का साथ देने का मौका दिया। जस्सी ने अपने इंस्टा स्टोरी पर बताया कि वह 5 अगस्त 2026 को अपनी मां के लिए अंतिम प्रार्थना सभा रखने वाले हैं, जो 12 बजे से 1:30 तक रहेगा। इसके साथ ही उन्होंने जगह और उनसे संपर्क करने के लिए नंबर भी दिया है।

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 94070-33433





जग प्रेरणा

# साहित्य अभिव्यक्ति

■ संपादकीय ■ लेख ■ कविता ■ व्यंग्य ■ महाशब्द पहेली (शब्द ज्ञान)





दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 9407033433


## ग्राम न्यायालय..

ग्राम न्यायालय अधिनियम, भारतीय संसद द्वारा पारित एक कानून जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों को त्वरित और सस्ता न्याय दिलाना है। इसका मुख्य उद्देश्य गरीब और ग्रामीण नागरिकों को उनके घर के पास ही कानूनी न्याय दिलाना है। यह अधिनियम 2 अक्टूबर 2009 से लागू हुआ था। इस अधिनियम की मुख्य विशेषताएं हैं, न्यायाधिकारी इन अदालतों के प्रमुख 'न्यायाधिकारी' होते हैं, जिनकी योग्यता प्रथम श्रेणी के न्यायिक मजिस्ट्रेट के समान होती है। ये अदालतें अधिनियम की अनुसूचियों में शामिल छोटे दीवानी और आपराधिक मामलों की सुनवाई करती हैं। न्यायाधिकारी गांवों का दौरा करते हैं और स्थानीय स्तर पर ही मुकदमों की सुनवाई व निपटारा करते हैं। ये अदालतें भारतीय साक्ष्य अधिनियम, के कड़े नियमों से बंधी नहीं हैं, बल्कि प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों पर काम करती हैं।दीवानी विवादों में अदालतें सबसे पहले मध्यस्थता और सुलह के माध्यम से समाधान निकालने का प्रयास करती हैं।

ग्राम न्यायालय अधिनियम, के तहत ग्रामीण स्तर पर न्याय प्रणाली को मजबूत करने के लिए आपराधिक मामले मामूली मारपीट, अनधिकृत प्रवेश और शांति भंग करने की नीयत से किया गया अपमान। न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के तहत मजदूरी के विवाद, बंधुआ मजदूरी के मामले और घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम से जुड़े मामले व मवेशियों या पाइपलाइनों के लिए रास्ते का अधिकार, पानी की नहरों/नालियों के विवाद, संपत्ति का आपसी बंटवारा और किरायेदारी से जुड़े विवाद नागरिक विवाद, संपत्ति खरीदने का अधिकार, साझा चरागाह का उपयोग, सिंचाई नहर से पानी लेने का नियमन और समय निर्धारण, संपत्ति विवाद, जलमार्ग, कुएं या ट्यूबवेल से पानी निकालने का अधिकार। मजदूरी भुगतान अधिनियम, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, व्यापारिक लेन-देन या धन उधार देने से उत्पन्न होने वाले धन संबंधी मुकदमे, भूमि की खेती में साझेदारी से उत्पन्न विवाद, ग्राम पंचायतों के निवासियों द्वारा वन उत्पादों के उपयोग को लेकर विवाद आदि के मामलो में उचित न्याय व दीवानी मामलों यह अदालत सबसे पहले मध्यस्थता के जरिए आपसी समझौते का प्रयास करती है।

शक्तियां और न्यायिक प्रक्रिया

संक्षिप्त सुनवाई आपराधिक मामलों में लंबी गवाही से बचने के लिए संक्षिप्त सुनवाई प्रक्रिया अपनाई जाती है ताकि फैसला तुरंत हो सके। दीवानी मामलों की देरी से बचने के लिए अदालत सिविल प्रक्रिया संहिता के कड़े नियमों के बजाय खुद की सरल प्रक्रिया तैयार करती है।

राज्य सरकारें अपने-अपने उच्च न्यायालय से परामर्श करने के बाद ही अधिसूचना जारी करके इन अदालतों की स्थापना करती हैं। न्यायाधिकारी गांवों का दौरा करते हैं और स्थानीय स्तर पर ही मामलों की सुनवाई करते हैं। यह अदालत साक्ष्य अधिनियम के कड़े नियमों से बंधी नहीं है। यह प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों पर काम करती है। दीवानी मामलों में यह अदालत सबसे पहले मध्यस्थता के जरिए आपसी समझौते का प्रयास करती है। यह अधिनियम सामाजिक, आर्थिक या अन्य अक्षमताओं के कारण किसी भी नागरिक को न्याय प्राप्त करने के अवसर से वंचित न किया जाए, और इससे संबंधित या इसके आनुषंगिक मामलों के लिए भी प्रावधान करता है।




अधिवक्ता - हिमांशु प्रकाश मुरकुटे
8964836401


## युवा शक्ति: किसी का मोहरा नहीं, विकसित भारत का इंजन बने..

***भारत आज विश्व के सबसे युवा देशों में से एक है। यह केवल जनसांख्यिकीय तथ्य नहीं, बल्कि 21वीं सदी में भारत की सबसे बड़ी रणनीतिक शक्ति है। विकसित भारत, सेमीकंडक्टर, अंतरिक्ष अनुसंधान, हरित ऊर्जा, डिजिटल अर्थव्यवस्था और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसे अभियानों की सफलता का आधार हमारी युवा शक्ति ही है।***

सूचना क्रांति के इस दौर में युवाओं के सामने सबसे बड़ी चुनौती तथ्य और भ्रम, तर्क और प्रचार, तथा राष्ट्रहित और संकीर्ण स्वार्थ के बीच अंतर करने की है। भारत जैसे लोकतंत्र में असहमति और शांतिपूर्ण विरोध संवैधानिक अधिकार है। किंतु यदि युवा ऊर्जा केवल राजनीतिक ध्रुवीकरण, भ्रामक सूचनाओं, सोशल मीडिया ट्रेंड्स और क्षणिक उत्तेजनाओं तक सीमित रह जाएगी, तो शिक्षा, परीक्षाएँ, रोजगार, सुशासन और अनुसंधान जैसे वास्तविक राष्ट्रीय मुद्दे पीछे छूट जाएँगे।

जिन देशों ने अपनी युवा शक्ति को शिक्षा, अनुसंधान, उद्योग और नवाचार से जोड़ा है, वे ही दीर्घकाल में तकनीकी महाशक्ति बन सके हैं। डिजिटल क्रांति ने जहाँ युवाओं को अभूतपूर्व अवसर दिए हैं, वहीं डीपफेक, साइबर हेरफेर और दुष्प्रचार जैसी नई चुनौतियाँ भी खड़ी की हैं। ऐसे समय में डिजिटल साक्षरता और सूचनाओं का सत्यापन प्रत्येक युवा का नैतिक दायित्व है। भारत केवल एक विशाल उपभोक्ता बाजार नहीं, बल्कि विनिर्माण, रक्षा उत्पादन, फिनटेक और नवाचार का वैश्विक केंद्र बन रहा है। यदि युवाओं की ऊर्जा निरंतर टकराव और वैचारिक कटुता में व्यय होगी, तो इसका प्रतिकूल प्रभाव देश के निवेश और उत्पादकता पर पड़ेगा। प्रगति केवल सरकारों से नहीं, बल्कि समाज की स्थिरता और युवाओं की रचनात्मक क्षमता से सुनिश्चित होती है।

युवाओं को राजनीति में सक्रिय होना चाहिए, किंतु यह भागीदारी किसी दल का अंधानुकरण करने या प्रचार-युद्ध का हिस्सा बनने तक सीमित नहीं होनी चाहिए। आज ऐसी युवा राजनीति की आवश्यकता है जो समस्याओं के व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत करे। युवाओं को केवल नारे लगाने या धरना-प्रदर्शन के बजाय नीति-निर्माण, सामाजिक नवाचार और वैज्ञानिक अनुसंधान में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। हिंसा और अराजकता से दूरी बनाना प्रत्येक जागरूक नागरिक का दायित्व है।

विकसित भारत का निर्माण संसद की बहसों से परे प्रयोगशालाओं, शिक्षण संस्थानों, स्टार्टअप हबों, खेतों और उद्योगों में होगा। आज देश को ऐसे युवाओं की आवश्यकता है जो दूरदर्शी उद्यमी, उत्कृष्ट शिक्षक, कुशल इंजीनियर और समर्पित नागरिक बनकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें। प्रत्येक युवा को यह तय करना होगा कि वह किसी के वैचारिक एजेंडे का मोहरा बनना चाहता है या विकसित भारत का दूरदर्शी निर्माता।

लेखक




प्रो.मनमोहन प्रकाश


## जीवन महासंग्राम..

यह हार एक विराम है,
जीवन महासंग्राम है।
हिम्मत की मशाल लेकर,
चलना ही तो काम है॥

राह में काँटे बिछे हों,
या अंधेरों का धुआँ।
हौसलों की रोशनी से,
जगमगाए हर दिशा॥

ठोकरों से मत घबराना,
यही सच्चा पैगाम है।
यह हर एक विराम है,
जीवन महासंग्राम है॥

पर्वतों से टकराकर भी,
नदियाँ रुकतीं कहाँ यहाँ।
कर्म की गंगा बहाओ तो,
मंज़िलें आएँगी जहाँ॥

श्रम ही सबसे बड़ा धन है,
यही हमारा मान है।
यह हर एक विराम है,
जीवन महासंग्राम है॥

हार केवल एक सीढ़ी है,
जीत उसका अगला द्वार।
सत्य, साहस और सेवा से,
सजे जीवन का श्रृंगार॥

जो स्वयं पर विजय पाए,
वही सच्चा महान है।
यह हर एक विराम है,
जीवन महासंग्राम है॥

आओ जलाएँ दीप आशा के,
हर हृदय में विश्वास हो।
संघर्षों से निखरे जीवन,
भारत का उत्कर्ष हो॥

यह हार एक विराम है,
जीवन महासंग्राम है।
कर्मपथ पर बढ़ते रहना,
यही जीवन का सम्मान है॥

लेखक




हिमांशु हाड़गे
बालाघाट


## कोई चाहिए..

पेट दिया है भगवान ने
चाहिए कोई खिलाने वाला,
यादों से नफरत है मुझे
चाहिए कोई मिटाने वाला।।
साथ चलने का वादा हुआ
था हम दोनों का,
साथ तुमने छोड़ दिया
चाहिए कोई निभाने वाला।
जो शिकायत होगी उसे
सामने से कहेंगे,
जो पीठ पीछे तुमने कहा
चाहिए कोई अनसुना कराने वाला।
एक दूसरे को जतन से
रखेंगे बुरा न करेंगे कभी,
जो तुमने भी खंजर मारा
चाहिए कोई दवा लगाने वाला।
लिखा है जो किस्मत में वही
होता है सबके साथ,
मेरी किस्मत में बुरा लिखा
है चाहिए कोई मिटाने वाला।
जीवन के अंधेरे में
उजाला करना होगा मुझे,
माचिस है मेरे पास बस
चाहिए कोई जलाने वाला।

रचनाकार




प्रणव राज, कैमूर
बिहार


## संघर्ष..

संघर्ष बड़ा अत्याचारी है
कामयाबी की राहें भारी है
भूख के आंसू ,रात की नींदे
कई यो ने भूखी रात गुजारी है

संघर्ष में सब अनाथ होते है
संघर्ष के साथी, साथ होते है
अगर सफलता मिली तुमको तो
सब बहती गंगा में हाथ धोते हैं
बस यही तो दुनिया दारी है

पसीने की हर बूंद का हिसाब होता है
संघर्ष किया व्यक्ति कामयाब होता है
कहा खून बहा, कहा पसीना बहा
हर कहानी का एक जवाब होता है
गुन्ज उठती चारों दिशाओं में,
सफलता की किलकारी है

रामेन्द्र लिख इतिहास तू भी,
अब तेरी पारी है

रचनाकार




रामेन्द्र ज्ञानसिंह
लिल्हारे ग्राम -
गड़दा (हट्टा)


## कहीं सिसकियां, कहीं चिख पुकार चल रही है

कहीं सिसकियां, कहीं चिख पुकार चल रही है
मंहगाई जोरों की, जीडीपी बिमार चल रही है।

सैंसठ अरब खर्च कर गये वो घुमने फिरने पर
विकास 'नाम' से ही
बस सरकार चल रही है।

जहां-वहां बैठें है देश मे
चैनों अमन के दुश्मन
टीवी पर हिंदु-मुस्लिम
की तकरार चल रही है।

स्टेशन, एयरपोर्ट बेच,
न्यायालय खरीदे जा रहे
देश मे कानून नितियां
भी बेकार चल रही है।

हत्या, लुट, बलात्कार हो
रहे सत्ता की आड़ मे
एक पार्टी मे बदमाशों
की भरमार चल रही है।

लेखक




संजय अश्क
पुलपुट्टा, बालाघाट
9753633830


## सच और झूठ का पता नहीं..

सच और झूठ का पता नहीं,
कोई भी यहाँ अब सगा नहीं।

मोतियाबिंद की ये बीमारी है,
आँखों से साफदिखता नहीं।


फ़रेबी हुआ ये सारा ज़माना,
धोखे में ना रखना वफ़ा नहीं।

खुद को सच्चा औरों को बुरा,
कह देना होता अब बुरा नहीं।

आईना जो दिखाया गया उसे,
उसने कहा उजाला भला नहीं।


अनिल कसेर
'उजाला'



## शब्दवर्गपहेली क्र.- 234



ck;ı lı nk;ı l& 1) 'भारत रत्न' पुरस्कार से सम्मनित एक जगप्रसिद्ध सितारवादक 6) समृद्ध होना, लहलहाना 11) अपरिचित 14) प्रभाव 16) दाद, एक चर्मरोग 17) धूल 18) मराठों का ध्वज 20) घंटी की ध्वनि 22) वेश्या 23) किसी व्यक्ति या वस्तु का संबोधनवाची शब्द 24) जहां यंत्र सामुग्री के द्वारा बड़े पैमाने पर वस्तुओं का उत्पादन होता है 25) युद्ध के लिए आव्हान देना 28) सुस्ती 29) कृतज्ञता 33) गहना 35) पुष्प रज 36) बिना मृत्यु के 37) किसी चीज को पकड़ने के लिए तेजी से आगे बढ़ना 39) जनानखाना 42) लक्ष्मी 44) स्पष्ट, प्रसिद्ध 45) असावधान, बेफिक्र 48) जिसमें धैर्य हो, गंभीर 50) फुलवारी 51) एक अवैद्य मादक पदार्थ 53) आयु, उमर 54) तनाव, खिंचाव 55) गरीब, रंक 56) पंजाब के एक भूतपूर्व मुख्यमंत्री का कुलनाम 57) एक फल 58) थोड़ा अर्थवाला एक उपसर्ग 60) समूह, लोग, जाति 62) रिवाज, प्रथा 63) भगवान, ईश्वर 64) मृत्यु होना अर्थवाला एक मुहावरा 68) विष्ठा, गंदगी 69) अच्छी बुद्धि 71) किसी खुले स्थान को घेरने के लिए लगाया गया मोटा कपड़ा 72) सूर्य, अर्क, सूरदासजी का संक्षिप्त प्रचलित रुप 74) वर्ष 76) रोजाना बिक्री की आमदनी 77) गाड़ी चलानेवाला 79) भारत मं वीरता के लिए दिया जानेवाला एक शौर्य पुरस्कार 83) किसी के विरुद्ध कोई काम करने के लिए गुप्त रुप से तैयार रहना इस अर्थवाला एक मुहावरा 85) प्रश्न – उत्तर 88) सोने – चान्दी पर किया जानेवाली रंगीन कलाकारी 89) अगुआ, मुखिया, किसी फिल्म का मुख्य पुरुष पात्र 92) नाप लेना, मापना 93) आसानी से प्राप्त, सहज 95) साहित्य में रसों की संख्या 96) विश्राम, ठहराव 99) लीन, लगा हुआ 100) रामायण में उल्लिखित वाली का पुत्र 102) तह 104) मट्ठा, छाछ (संस्कृत) 105) माचिस 106) शक्ति, ताकत 107) वर्तमान में पिता के लिए एक संबोधन 108) तामिलनाडू का मदुराई जिले में स्थित एक प्रसिद्ध पर्यटन स्थल 109) उत्तर अमेरिका का एक जगप्रसिद्ध जलप्रपात 111) वर्ष 113) हमारी राष्ट्रीय लिपी 114) गंध, रहना 115) रामायण में सीता के पिता

Åij lı uhpı l& 1) नस 2) यश, जीत 3) आशंका, भय, डर 4) हथेली 5) जनानखाना 6) सब कार्यों या कलाओं में प्रवीण 7) शासन 8) राजप्रासाद 9) प्रसिद्ध साहित्यिक प्रेमचंदद्वारा लिखित उपन्यास 'गोदान' के नायक का नाम, होली 10) माप 11) बिना वजह 12) शिवजी का एक नाम 13) सर्पों को डोलने पर मजबूर करनेवाला एक वाद्य 14) आग 15) वेग 19) बांगला देश का चलन 21) आगे बढ़ना, स्थगित होना 23) घ्राणेन्द्रिय 26) एक मेवा 27) गुनाहगार, कसूरवार 28) उत्तर प्रदेश का ताजमहल के लिए प्रसिद्ध शहर 30) विचार 31) गायब, खोया हुआ, गुप्त 32) लकीर 34) हमला करनेवाला 36) बिना मन के, इच्छा के विरुद्ध 38) अवैद्य, अयोग्य 39) गतिविध, चेष्टा 40) जो पास न हो 41) सहिष्णु, सहन करनेवाला 42) कमला के पति विष्णु 43) शत्रुत्व, दुष्मनी 46) जूट 47) 'प्रतिवादी' का विरुद्धार्थी शब्द 49) एक लचीला स्थितिस्थापक पदार्थ 50) एक द्विदल अनाज 51) दमकना 52) हवन या यज्ञ में डाली जानेवाली लकड़ी 57) प्रकाश 59) गीला 61) मस्तक 63) जलाना, प्रज्वलित करना, भड़काना 65) जुल्म 66) वह घाव जिसमें से बहुत दिनों तक मवाद बहते रहता है 67) कपड़ा बुनने का यंत्र 68) नाव चलानेवाला, नाविक 69) सुगंध 70) राजी कराना 73) कृती,, निर्मिती 75) किसी चीज का ऊपरी भाग 76) आवश्यकता 78) शरमाना 80) स्वीकृति देना इस अर्थ का एक मुहावरा 81) एक वाद्य 82) खरीद–बिक्री 84) नाई 86) तलवार का चमकना 87) पश्चिम बंगाल के एक भूतपूर्व मुख्यमंत्री का कुलनाम 90) 'करना' का अशुद्ध भूतकाल 91) वन, अरण्य 94) लपकने की क्रिया 97) मद्य, दारु 98) एक प्राचीन कालीन श्रीकृष्ण भक्त मुस्लिम संत कवि 99) धनवान, अमीर 100) आसमान 101) मादा चकोर 103) पैर का नीचे का भाग 104) पेड़ का धड़ 107) एक का चौथाई भाग 110) घमंड, अभिमान 112) सरिता (जवाब अगले अंक में)

### पिछ्ले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब




anumeya-08446302691





जग प्रेरणा
व्यापार समाचार
● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# प्रधानमंत्री मोदी ने पीएम-किसान, खेलो इंडिया के विस्तार की सराहना की

नई दिल्ली, (भाषा)।

***प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को 3.15 लाख करोड़ रुपये से अधिक के परिव्यय के साथ पीएम-किसान योजना को 2030-31 तक अगले पांच वर्षों के लिए बढ़ाने के केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसले की सराहना की।***



उन्होंने कहा कि इससे किसानों को बीज, उर्वरक और खेती से जुड़ी जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी और साथ ही उनकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा।

मोदी ने अगले पांच वर्षों में 36,441 करोड़ रुपये के संयुक्त परिव्यय के साथ विस्तारित 'खेलो इंडिया योजना' और राष्ट्रीय खेल महासंघों (एएनएसएफ) के लिए बढ़े हुए बजट को मंत्रिमंडल की मंजूरी का भी स्वागत किया।

उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, ''देशभर के अपने किसान भाई-बहनों के सशक्तीकरण और समृद्धि के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। इसी दिशा में आज प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना को 2030-31 तक बढ़ाने को मंजूरी दी गई है। इससे न केवल अन्नदाताओं को बीज, खाद और खेती से जुड़ी जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलती है, बल्कि उनकी आर्थिक स्थिति भी बेहतर हो रही है।''

खेलो इंडिया योजना के विस्तार पर प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार देश में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा, ''देश में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए हमारी सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में खेलो इंडिया योजना के विस्तार के साथ-साथ राष्ट्रीय खेल महासंघों को दी जाने वाली सहायता में बढ़ोतरी को मंजूरी दी गई है। इससे देशभर के युवा खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण, आधुनिक सुविधाएं और अपनी प्रतिभा निखारने के और अधिक अवसर मिलेंगे।''

वित्त वर्ष 2030-31 तक कार्यान्वयन के लिए 84,084 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ राष्ट्रीय अपतटीय अन्वेषण योजना 'समुद्र मंथन' को मंत्रिमंडल की मंजूरी पर मोदी ने इसे भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम बताया।

उन्होंने कहा, ''निवेश, अत्याधुनिक तकनीक, कुशल मानव पूंजी और आधुनिक बुनियादी ढांचे को जोड़कर, समुद्र मंथन 'मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भर भारत को नई गति देगा।''

प्रधानमंत्री ने 5,070 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ ऊर्जा भंडारण प्रणालियों के साथ फ्लोटिंग सोलर फोटोवोल्टिक परियोजनाओं के विकास के लिए प्रधानमंत्री सूर्य सरोवर योजना (पीएम-एसएसवाई) को मंत्रिमंडल की मंजूरी की भी सराहना की।

उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री सूर्य सरोवर योजना को मंत्रिमंडल की मंजूरी हमारे जलाशयों और अंतरदेशीय जल निकायों के अभिनव उपयोग के माध्यम से भारत की स्वच्छ ऊर्जा क्षमता का विस्तार करती है। यह योजना हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश को लाभ पहुंचाएगी और कार्बन उत्सर्जन को कम करेगी।''

# मेटा को समन, वैश्विक टीम से पूछताछ करेगी सरकार..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***सोशल मीडिया कंपनी मेटा के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की फेसबुक पोस्ट को प्रतिबंधित किए जाने के बाद केंद्र सरकार उसकी वैश्विक टीम से एल्गोरिदम पूर्वाग्रह और सार्वजनिक व्यवस्था में उनकी भूमिका से जुड़े मुद्दों पर पूछताछ करेगी। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।***




सूत्रों ने बताया कि मेटा की वैश्विक टीम के अगले हफ्ते आने की उम्मीद है।

उन्होंने कहा कि मेटा की वैश्विक टीम से स्पष्ट रूप से एल्गोरिदम पूर्वाग्रह से जुड़े मुद्दों, उनका एल्गोरिदम कैसे काम करता है और सार्वजनिक व्यवस्था में कंपनी की भूमिका पर स्पष्टीकरण देने के लिए कहा जाएगा। यह टीम एक संसदीय समिति के समक्ष भी पेश होगी।

सरकारी सूत्रों ने कहा कि यह मामला केवल तकनीकी पहलुओं के बारे में नहीं है, बल्कि ''राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था'' के बारे में है। यह कदम इसलिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि सरकार ने इस सप्ताह की शुरुआत में मेटा के एक शीर्ष कार्यकारी को उस समय तलब किया था, जब भारत के युवाओं को संबोधित करने और पेपर लीक के खिलाफसख्त उपायों का वादा करने वाली प्रधानमंत्री मोदी की हाल की पोस्ट को फेसबुक पर थोड़े समय के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया था।

हालांकि अमेरिका मुख्यालय वाली इस सोशल मीडिया कंपनी ने इस घटना के लिए एक तकनीकी खराबी को जिम्मेदार ठहराया और माफी मांगी, लेकिन इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) ने इस स्पष्टीकरण को अपर्याप्त पाया। इस मुद्दे के बाद, मेटा ने आईटी मंत्रालय को बताया कि प्रधानमंत्री और कुछ प्रमुख खातों के पोस्ट मंच पर अतिरिक्त निगरानी के अधीन होंगे, जिसमें वरिष्ठ कंपनी अधिकारियों को शामिल करते हुए कई स्तरों की जांच होगी।

टिप्पणी के लिए मेटा को भेजे गए ईमेल का कोई जवाब नहीं मिला। मेटा ने सरकार को पत्र लिखकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अन्य प्रमुख खातों द्वारा पोस्ट की गई सामग्री के लिए लागू किए गए उन्नत और कड़े सुरक्षा उपायों की जानकारी दी।

हैदराबाद साइबर क्राइम पुलिस ने भी प्रधानमंत्री मोदी को निशाना बनाने वाले कथित तौर पर फर्जी और एआई से बने पोस्ट को लेकर मेटा इंडिया के प्रमुख अरुण श्रीनिवास और फेसबुक तथा इंस्टाग्राम पर कुछ खातों के खिलाफमामले दर्ज किए हैं।

सूत्रों ने कहा कि जब नियमों और कानूनों का उल्लंघन होता है, तो देनदारियां तय होंगी।

सरकारी सूत्रों ने कहा कि समाज पर सोशल मीडिया का प्रभाव जगजाहिर है। उन्होंने उन अध्ययनों का भी हवाला दिया जो दर्शाते हैं कि सोशल मीडिया और डिजिटल मीडिया का अत्यधिक उपयोग बच्चों और वयस्कों के संज्ञानात्मक स्वास्थ्य और मानसिक कल्याण को प्रतिकूल रूप से प्रभावित कर सकता है।

एक सूत्र ने कहा, ''इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए, जो भी आवश्यक कदम होंगे वे उठाए जाएंगे।'' उन्होंने कहा कि सरकार इन मुद्दों को लेकर गंभीर है।

मेटा को कुछ ही हफ्तों में कई मौकों पर नियामक जांच का सामना करना पड़ा है। ताजा मामले में मोदी की 23 जुलाई की इंस्टाग्राम पोस्ट ने युवाओं के साथ जुड़ने और पेपर लीक पर अंकुश लगाने की सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करने की पहल की थी। इस पोस्ट को बाद में फेसबुक पर साझा किया गया था। पोस्ट के फेसबुक संस्करण को मेटा ने थोड़े समय के लिए प्रतिबंधित कर दिया था। यह पता चला है कि मेटा के अधिकारियों ने इस गलती का कारण एआई-संचालित स्वचालित सामग्री फिल्टर को बताया था।

# आयात समता मूल्य निर्धारण से दबाव में एल्युमीनियम आधारित एम. एस. एम. ई. , मार्जिन घटा: रिपोर्ट..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***आयात समता मूल्य निर्धारण से प्राथमिक एल्युमीनियम की कीमतों में बढ़ोतरी होने से इस धातु पर निर्भर घरेलू 'डाउनस्ट्रीम' उद्योगों की लागत बढ़ रही है, जिससे उनका लाभ मार्जिन घट रहा है***



और विनिर्माण क्षेत्र की प्रतिस्पर्धात्मकता प्रभावित हो रही है। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। लोक नीति शोध संस्थान 'पॉलिसी कंसेंसस सेंटर' की रिपोर्ट के मुताबिक, सालाना 41.6 लाख टन से अधिक स्थापित क्षमता के साथ भारत प्राथमिक एल्युमीनियम का दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। इसके बावजूद देश की लगभग 3,500 एल्युमीनियम इकाइयों, जिनमें बड़ी संख्या में सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) शामिल हैं, को कई संरचनात्मक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

रिपोर्ट कहती है कि ये इकाइयां एल्युमीनियम मूल्य श्रृंखला में लगभग 90 प्रतिशत रोजगार उपलब्ध कराती हैं और बिजली पारेषण, नवीकरणीय ऊर्जा, रेलवे, इलेक्ट्रिक वाहन, निर्माण एवं इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों के लिए अहम उत्पाद तैयार करती हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, एमएसएमई के सामने प्रमुख चुनौतियों में से एक प्राथमिक एल्युमीनियम पर 7.5 प्रतिशत मूल सीमा शुल्क (बीसीडी) और उस पर लागू सामाजिक कल्याण अधिभार है। घरेलू उत्पादक आयात समता मूल्य निर्धारण के आधार पर कीमत तय करते हैं, जिसमें सीमा शुल्क को भी शामिल कर लिया जाता है। इससे घरेलू खरीदारों को भी आयात के बराबर कीमत चुकानी पड़ती है।

इस व्यवस्था के कारण कच्चे माल की लागत बढ़ जाती है, जिससे पहले से सीमित परिचालन मार्जिन और कम हो जाता है तथा मूल्य संवर्धित विनिर्माण क्षेत्र की प्रतिस्पर्धात्मकता कमजोर पड़ती है। रिपोर्ट में शुल्क ढांचे में असंतुलन की ओर भी ध्यान दिलाया गया है। इसके तहत प्राथमिक एल्युमीनियम पर शुल्क कई तैयार उत्पादों की तुलना में अधिक है, जबकि आसियान, जापान और दक्षिण कोरिया के साथ मुक्त व्यापार समझौतों के चलते कई तैयार एल्युमीनियम उत्पाद रियायती या शून्य शुल्क पर भारत में आयात हो रहे हैं, जिससे घरेलू एमएसएमई पर प्रतिस्पर्धी दबाव बढ़ रहा है।

इसमें सुझाव दिया गया है कि प्राथमिक एल्युमीनियम पर मूल सीमा शुल्क को चरणबद्ध तरीके से समाप्त किया जाए और उत्पादकों के लिए ऊर्जा लागत की भरपाई के उपाय किए जाएं, ताकि संतुलन बना रहे।

इसके अलावा, उत्पाद की उत्पत्ति के नियमों को सख्त करने, आवश्यक होने पर शुल्क-दर कोटा लागू करने, मुक्त व्यापार समझौतों के तहत सत्यापन व्यवस्था को मजबूत करने तथा अनुचित मूल्य पर होने वाले आयात के खिलाफलक्षित व्यापारिक उपाय अपनाने की भी सिफारिश की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, शुल्क का युक्तिसंगत निर्धारण डाउनस्ट्रीम एमएसएमई की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने, घरेलू विनिर्माण को प्रोत्साहित करने, मूल्य संवर्धन बढ़ाने और रोजगार सृजन के साथ 'मेक इन इंडिया' पहल को मजबूती देने में मददगार होगा।

# मंत्रिमंडल ने 5,070 करोड़ रुपये की 'प्रधानमंत्री सूर्य सरोवर योजना' को मंजूरी दी

नई दिल्ली, (भाषा)।

***सरकार ने शुक्रवार को 5,070 करोड़ रुपये के परिव्यय वाली 'प्रधानमंत्री सूर्य सरोवर योजना' (पीएम-एसएसवाई) को मंजूरी दी, जिसके तहत जलाशयों पर स्थापित सौर ऊर्जा परियोजनाओं को ऊर्जा भंडारण प्रणाली के साथ विकसित किया जाएगा।***



एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस योजना को मंजूरी दी गई। बयान के मुताबिक, इस योजना के तहत 5,000 मेगावाट क्षमता की फ्लोटिंग सौर परियोजनाएं विकसित की जाएंगी, जिनमें कम-से-कम दो घंटे की ऊर्जा भंडारण क्षमता यानी 10,000 मेगावाट-घंटा होगी।

इन परियोजनाओं को वित्त वर्ष 2026-27 से 2030-31 के बीच स्वीकृत किया जाएगा, जबकि वित्तीय सहायता का वितरण 2032-33 तक जारी रहेगा।

योजना के तहत पात्र परियोजनाओं को सफल क्रियान्वयन के बाद प्रति मेगावाट एक करोड़ रुपये की केंद्रीय वित्तीय सहायता दी जाएगी। इसके अलावा व्यवहार्यता अध्ययन और अन्य प्रारंभिक गतिविधियों के लिए प्रति परियोजना 50 लाख रुपये तक की सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। यह योजना सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को लाभ पहुंचाएगी। इससे देश की फ्लोटिंग सौर क्षमता 700 मेगावाट के मौजूदा स्तर से बढ़कर 5,000 मेगावाट हो जाएगी।

सरकार ने कहा कि इन परियोजनाओं से जलाशयों एवं औद्योगिक तालाबों का बेहतर उपयोग होगा और जमीन की कमी की समस्या भी नहीं आएगी। ऊर्जा भंडारण प्रणाली के एकीकरण से बिजली ग्रिड की विश्वसनीयता भी मजबूत होगी।

इस योजना से हर साल करीब एक करोड़ टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आने की उम्मीद है और परियोजनाओं की समूची श्रृंखला में लगभग 16,000 से 17,000 रोजगार अवसर भी पैदा होंगे।

बयान के मुताबिक, यह योजना घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देगी और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को मजबूत करेगी। साथ ही यह नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता बढ़ाने, राष्ट्रीय ऊर्जा और जलवायु लक्ष्यों को हासिल करने तथा जल संसाधनों के बेहतर उपयोग में भी मददगार होगी।

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इस योजना से लगभग 28,500 करोड़ रुपये का कुल निवेश आने की संभावना है, जो देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेगा और स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में परिवर्तन को गति देगा।

जोशी ने कहा, ÷यह योजना देश के जलाशयों और अन्य जल निकायों में मौजूद फ्लोटिंग सौर ऊर्जा की करीब 102 गीगावाट क्षमता को उपयोग में लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।÷

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, भारत की कुल स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता मार्च 2014 के 2.82 गीगावाट से बढ़कर मार्च 2026 में 150.26 गीगावाट हो गई है, जबकि फ्लोटिंग सोलर की मौजूदा क्षमता लगभग 700 मेगावाट है। उद्योग निकाय एनएसईएफआई के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुब्रमण्यम पुलिपाका ने कहा कि यह योजना न केवल नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाएगी, बल्कि सीमित भूमि संसाधनों पर दबाव कम करेगी और देशभर में स्वच्छ ऊर्जा पहुंचाने में भी मदद करेगी।

# सरकार ने 84,084 करोड़ रुपये की 'समुद्र मंथन' योजना को मंजूरी दी, तेल-गैस खोज को मिलेगा बढ़ावा..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को 84,084 करोड़ रुपये की 'समुद्र मंथन' राष्ट्रीय अपतटीय अन्वेषण योजना को मंजूरी दी। इसका उद्देश्य गहरे समुद्री क्षेत्रों में तेल एवं गैस की खोज, अन्वेषण कुओं की ड्रिलिंग और नई खोजों के लिए साझा बुनियादी ढांचे के विकास में***

आंशिक सहायता प्रदान करना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस योजना को मंजूरी दी गई। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तहत लागू की जाने वाली यह योजना समुद्री अन्वेषण से जुड़ी समूची मूल्य श्रृंखला में व्यापक हस्तक्षेपों का प्रावधान करती है।

अधिकारियों ने कहा कि इस योजना के तहत गहरे समुद्र और अति-गहरे समुद्री क्षेत्रों में प्रत्येक कुएं की ड्रिलिंग के लिए 650 करोड़ रुपये तक की सहायता दी जाएगी, ताकि घरेलू तेल एवं गैस उत्पादन बढ़ाया जा सके और आयात पर निर्भरता कम की जा सके।

समुद्र मंथन योजना के कुल परिव्यय में से 43,200 करोड़ रुपये वर्ष 2031 तक पांच वर्षों के दौरान गहरे समुद्र में ड्रिलिंग गतिविधियों के समर्थन के लिए आवंटित किए जाएंगे।

इसके अलावा, 10,000 करोड़ रुपये नई खोजों को उत्पादन में लाने के लिए आवश्यक साझा बुनियादी ढांचे पर खर्च किए जाएंगे।

आधिकारिक बयान के मुताबिक, योजना के तहत समुद्री क्षेत्र से आंकड़ा जुटाने के लिए 28,534 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है जबकि तेल एवं गैस विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के विकास के लिए 2,000 करोड़ रुपये आवंटित किए जाएंगे।

गौरतलब है कि गहरे समुद्र क्षेत्रों में, जहां पानी की गहराई 1,500 मीटर से अधिक होती है, एक कुएं की ड्रिलिंग पर 10 करोड़ डॉलर से 25 करोड़ डॉलर तक की लागत आ सकती है और इसके सफल होने की कोई गारंटी नहीं होती है। बयान में कहा गया कि यह योजना समुद्री बेसिन क्षेत्रों में अन्वेषण गतिविधियों को तेज करेगी, निवेश आकर्षित करेगी और भारत की अपतटीय हाइड्रोकार्बन क्षमता को विकसित करने में मदद करेगी।

भारत की कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता पिछले दशक में 77 प्रतिशत से बढ़कर 88 प्रतिशत हो गई है, जबकि देश अपनी प्राकृतिक गैस की जरूरतों का लगभग आधा हिस्सा आयात करता है।

सरकार का कहना है कि यह योजना 60 करोड़ टन से अधिक तेल एवं गैस भंडार की खोज, घरेलू उत्पादन में वृद्धि, रोजगार सृजन और विनिर्माण को बढ़ावा देने में सहायक होगी।

इस योजना के तहत उन्नत प्रौद्योगिकी, बड़े पैमाने पर सर्वेक्षण और साझा बुनियादी ढांचे के जरिए अपतटीय अन्वेषण को गति दी जाएगी, जिससे दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा को मजबूती मिलेगी।

इस योजना की रूपरेखा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सबसे पहले वर्ष 2025 में अपने स्वतंत्रता दिवस संबोधन के दौरान पेश की थी। उन्होंने देश के अपतटीय ऊर्जा संसाधनों के दोहन के लिए आधुनिक 'समुद्र मंथन' का आह्वान किया था।

भारत ने वर्ष 1997 के बाद से अपनी तेल और गैस अन्वेषण नीति में तीन बार बदलाव किए हैं। इसके तहत लागत वसूली के बाद मुनाफा साझा करने वाले उत्पादन साझेदारी अनुबंध (पीएससी) से हटकर अब राजस्व साझेदारी और अन्वेषण प्रतिबद्धताओं पर आधारित प्रणाली अपनाई गई है।

# महाराष्ट्र में सोयाबीन मिलों के दाम बढ़ाने से सोयाबीन तिलहन में सुधार

**नई दिल्ली, (भाषा)।**

महाराष्ट्र के सोलापुर के तेल संयंत्रों के सोयाबीन का दाम बढ़ाने से शुक्रवार को सोयाबीन तिलहन के दाम में मजबूती रही। त्योहारों के मद्देनजर औद्योगिक मांग बढ़ने से पाम-पामोलीन तथा कम उपलब्धता के बीच ब्रांडेड कंपनियों की मांग बढ़ने से बिनौला तेल में भी सुधार आया।

बाजार सूत्रों ने कहा कि उंचे दाम पर लिवाली कमजोर रहने के बीच सरसों तेल-तिलहन में गिरावट देखी गई। वहीं सुस्त कामकाज के बीच मूंगफली तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल स्थिर रहे।

मलेशिया एक्सचेंज दोपहर 3.30 बजे गिरावट के साथ बंद हुआ। यहां शाम का कारोबार बंद है। शिकॉगो एक्सचेंज में घट-बढ़ जारी है। कल रात यहां सुधार था। सूत्रों ने कहा कि सोलापुर में सोयाबीन के बड़े तेल संयंत्रों ने सोयाबीन तिलहन का खरीद दाम पहले के 7,620 रुपये क्विंटल से बढ़ाकर 7,660 रुपये क्विंटल कर दिया जिस कारण सोयाबीन तिलहन के दाम मजबूत रहे। दूसरी ओर लागत से नीचे बिकवाली के बीच सोयाबीन तेल के दाम स्थिर रहे।

उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से सहकारी संस्था, नेफेड को सोयाबीन की फसल बचा कर रखनी चाहिये क्योंकि अगली फसल अक्टूबर में आयेगी। सूत्रों ने कहा कि मलेशिया एक्सचेंज में गिरावट रहने के बावजूद सबसे सस्ता होने के बीच देश में नमकीन बनाने वाली कंपनियों की औद्योगिक मांग बढ़ने से सीपीओ और पामोलीन तेल के दाम में सुधार आया। कम उपलब्धता के बीच बांडेड कंपनियों की मांग में आई तेजी से बिनौला तेल के दाम में भी सुधार आया।

ऊंचे दाम पर कमजोर बिकवाली से सरसों तेल-तिलहन में गिरावट आई। जबकि कमजोर कामकाज के बीच मूंगफली तेल-तिलहन के दाम स्थिर रहे। लागत से नीचे बिकवाली के बीच सोयाबीन तेल के दाम भी स्थिर रहे।

तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे..

सरसों तिलहन - 8,225-8,275 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली - 7,400-7,975 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 17,150 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली रिफाइंड तेल - 2,700-3,000 रुपये प्रति टिन। सरसों तेल दादरी- 16,650 रुपये प्रति क्विंटल। सरसों पक्की घानी- 2,710-2,810 रुपये प्रति टिन। सरसों कच्ची घानी- 2,710-2,860 रुपये प्रति टिन। सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 15,750 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 15,600 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 12,225 रुपये प्रति क्विंटल।

सीपीओ एक्स-कांडला- 13,875 रुपये प्रति क्विंटल। बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 16,750 रुपये प्रति क्विंटल। पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 15,750 रुपये प्रति क्विंटल। पामोलिन एक्स- कांडला- 14,550 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल। सोयाबीन दाना - 7,500-7,550 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन लूज- 7,350-7,450 रुपये प्रति क्विंटल।

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# कुम्हारीकला, बिंझलगांव मार्ग दलदल में तब्दील, मार्ग पर चलना हुआ जोखिम भरा सफ़र

जगप्रेरणा लांजी।

***जब राहें ही दुश्वारियों का पर्याय बन जाएं, तो विकास के दावे ज़मीन पर घिसटते नज़र आते हैं। कुछ ऐसा ही नज़ारा ग्राम पंचायत***





कुम्हारीकला से बिंझलगांव लोधी चौक को जोड़ने वाले लगभग 3 किलोमीटर लंबे मार्ग पर देखने को मिल रहा है। बारिश के मौसम में यह सड़क अब केवल रास्ता नहीं रही, बल्कि गहरे दलदल और कीचड़ के टापू में तब्दील हो चुकी है। इस मार्ग पर चलना किसी जोखिम से कम नहीं है, जहां स्कूली बच्चे चप्पलें हाथों में थामकर कीचड़ नापने को मजबूर हैं और किसान अपनी जान-माल को जोखिम में डालकर खेतों तक पहुंच रहे हैं। ग्राम पंचायत कुम्हारीकला से बिंझलगांव लोधी चौक को जोडने वाला करीब तीन किलोमीटर लंबा मार्ग आज ऐसी ही तस्वीर बयां कर रहा है। बरसात ने इस सड़क को दलदल में बदल दिया है। हालात ऐसे हैं कि यहां हर कदम जोखिम से भरा है। स्कूली बच्चे गिर रहे हैं, किसानों के वाहन कीचड़ में धंस रहे हैं, बुजुर्गों का निकलना मुश्किल हो गया है और आपातकालीन सेवाएं भी गांव तक नहीं पहुंच पा रहीं। लगभग 500 ग्रामीण प्रत्यक्ष रूप से इस मार्ग की बदहाली का खामियाजा भुगत रहे हैं। सबसे दर्दनाक स्थिति दो दिन पहले सामने आई, जब गांव के निवासी राजकुमार भीमटे की पत्नी, जो पूर्व जनपद सदस्य भी रह चुकी थीं, का निधन हो गया। सड़क कीचड़ से इस कदर लबालब थी कि एंबुलेंस गांव तक नहीं पहुंच सकी। मजबूरी में परिजनों और ग्रामीणों ने पार्थिव शरीर को हाथों में उठाकर कीचड़ भरे रास्ते से घर तक पहुंचाया। यह घटना केवल एक परिवार की पीड़ा नहीं, बल्कि उस व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करती है जहां सड़क की स्थिति जीवन और मृत्यु के बीच भी बाधा बन जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग ग्राम पंचायत के अधिकार क्षेत्र में नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाय) के अंतर्गत आता है। विभागीय अधिकारियों द्वारा दो बार सर्वे भी किया जा चुका है, लेकिन निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं हो सका। यही कारण है कि जिम्मेदारी तय होने के बावजूद समाधान जमीन पर नहीं उतर पाया है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र स्थायी समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीण दो दिन बाद मार्ग बंद करने का निर्णय लेने को मजबूर होंगे, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## क्या कहते हैं ग्रामीण..

गांव के तोमेश्वर बापुरे बताते हैं कि ग्राम पंचायत कुम्हारीकला के लगभग 95 प्रतिशत किसानों की कृषि भूमि इसी मार्ग पर स्थित है। रोजाना 200 से 300 किसान और ग्रामीण खेती-किसानी के कार्यों से इस सड़क का उपयोग करते हैं। लेकिन बरसात शुरू होते ही यह रास्ता आवागमन के बजाय संघर्ष का पर्याय बन जाता है। उनका कहना है कि यदि समय रहते सड़क का निर्माण हो जाता तो आज यह स्थिति नहीं बनती।

इसी मार्ग पर रहने वाले आशीष सिल्हारे का कहना है कि समस्या केवल बारिश की नहीं, बल्कि सड़क की गुणवत्ता और रखरखाव की भी है। उनके अनुसार मई माह में जहां मुरूम डाला जाना चाहिए था, वहां मिट्टी डाल दी गई, जिससे पहली ही बारिश में पूरा मार्ग दलदल बन गया। अब दोपहिया वाहन फंस रहे हैं, बच्चे गिरकर चोटिल हो रहे हैं और ग्रामीणों का रोजमर्रा का जीवन प्रभावित हो रहा है।

## सचिव बोल-समतलीकरण कराया था, बारिश और भारी वाहनों ने बिगाड़ी स्थिति..

ग्राम पंचायत सचिव नंदकुमार भटेरे ने बताया कि करीब दो माह पहले पंचायत द्वारा मुरूम डालकर मार्ग का समतलीकरण कराया गया था, लेकिन लगातार हो रही बारिश और ट्रैक्टरों सहित भारी वाहनों के आवागमन के कारण सड़क फिर दलदल में बदल गई। उन्होंने बताया कि स्थिति से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है और संबंधित विभाग के माध्यम से समाधान के प्रयास किए जा रहे हैं। सचिव ने यह भी कहा कि सड़क पंचायत के अधीन नहीं है, इसलिए स्थायी निर्माण संबंधित विभाग द्वारा ही कराया जाना संभव है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि लगातार सीएम हेल्पलाइन में शिकायतें दर्ज होने से प्रशासनिक प्रक्रिया प्रभावित होती हैए हालांकि पंचायत समस्या के समाधान के लिए समन्वय बनाकर काम कर रही है।

## विधायक ने दिलाया भरोसा- 'यह सड़क मेरी पहली प्राथमिकता..

क्षेत्रीय विधायक राजकुमार करांहे ने कहा कि कुम्हारीकला से बिंझलगांव जाने वाले इस मार्ग की समस्या उनके संज्ञान में है और सड़क निर्माण उनकी पहली प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने कहा लगातार हो रही बारिश के कारण निर्माण कार्य प्रारंभ करने में व्यावहारिक कठिनाइयां आ रही हैं। हमारा प्रयास है कि बारिश का दौर थमते ही गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य शुरू कराया जाए, ताकि ग्रामीणों को लंबे समय तक सुरक्षित और सुगम आवागमन मिल सके।

# 25 जुलाई से लागू हुई मर्री टोल प्लाजा की नई दरें, NHAI ने जारी की संशोधित शुल्क सूची..

जगप्रेरणा किरनापुर।

***भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बालाघाट-गोंदिया राष्ट्रीय राजमार्ग (NH-543) स्थित मर्री टोल प्लाजा पर उपयोगकर्ता शुल्क (टोल टैक्स) की नई दरें लागू कर दी हैं।***



25 जुलाई 2026 से मर्री टोल प्लाजा पर नई टोल दरें लागू

NHAI द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु उपयोगकर्ता शुल्क (User Fee) में संशोधन

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) द्वारा वित्तीय वर्ष **2026-27** के लिए **बालाघाट-गोंदिया राष्ट्रीय राजमार्ग (NH-543)** के **मर्री टोल प्लाजा** पर लागू टोल शुल्क (User Fee) में संशोधन किया गया है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना तथा NHAI मुख्यालय के नीति-निर्देशों के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदन प्रदान किए जाने के उपरांत संशोधित टोल दरें **25 जुलाई 2026** से प्रभावी कर दी गई हैं।

यह संशोधन **NH-543 के किमी 0+000 से किमी 41+210 (डिज़ाइन लंबाई 41.210 किमी)** तक के बालाघाट-गोंदिया खंड पर स्थित **मर्री टोल प्लाजा** पर लागू होगा।

**संशोधित टोल शुल्क (प्रभावी दिनांक: 25 जुलाई 2026)**

| वाहन श्रेणी | एकल यात्रा | वापसी यात्रा (24 घंटे के भीतर) | मासिक पास (50 यात्राएं) | स्थानीय गैर-व्यावसायिक वाहन* |
|---|---|---|---|---|
| कार/जीप/वैन/एलएमवी | ₹95 | ₹140 | ₹3,100 | ₹45 |
| हल्के वाणिज्यिक वाहन/मिनी बस | ₹150 | ₹225 | ₹5,010 | ₹75 |
| बस/ट्रक (2 एक्सल) | ₹315 | ₹470 | ₹10,495 | ₹155 |
| तीन एक्सल वाणिज्यिक वाहन | ₹345 | ₹515 | ₹11,450 | ₹170 |
| HCM/EME/मल्टी एक्सल (4-6 एक्सल) | ₹495 | ₹740 | ₹16,455 | ₹245 |
| ओवरसाइज वाहन (7 या अधिक एक्सल) | ₹600 | ₹900 | ₹20,035 | ₹300 |

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना तथा **NHAI** मुख्यालय के नीति-निर्देशों के अनुसार सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के बाद संशोधित दरें 25 जुलाई 2026 से प्रभावी हो गई हैं।

नई दरें **(NH-543)** के किलोमीटर 0+000 से 41+210 (डिजाइन लंबाई 41.210 किमी) तक के बालाघाट-गोंदिया खंड पर स्थित मर्री टोल प्लाजा पर लागू होंगी। संशोधित शुल्क के अनुसार कार, जीप, वैन एवं हल्के मोटर वाहन के लिए एकल यात्रा शुल्क 95 रुपये, 24 घंटे के भीतर वापसी यात्रा 140 रुपये तथा 50 यात्राओं के मासिक पास की दर 3,100 रुपये निर्धारित की गई है। वहीं हल्के वाणिज्यिक वाहन एवं मिनी बस के लिए एकल यात्रा शुल्क 150 रुपये, 24 घंटे के भीतर वापसी के लिए 225 रुपए, 50 यात्राओ के मासिक पास के लिए 5010 रुपए की दर निर्धारित की गई है। बस एवं दो एक्सल ट्रक के लिए एकल यात्रा के 315 रुपये, 24 घंटे के भीतर वापसी यात्रा के लिए 470 रुपए एवं 50 मासिक यात्राओं के लिए 10 हजार 495 रुपए की दर निर्धारित की गई है।

तीन एक्सल वाणिज्यिक वाहन के लिए एकल यात्रा के 345 रुपये, 24 घंटे के भीतर वापसी यात्रा के लिए 515 रुपए एवं 50 मासिक यात्राओं के लिए 11 हजार 450 रुपए की दर निर्धारित है। 4 से 6 एक्सल वाले मल्टी एक्सल वाहनों के लिए एकल यात्रा के 495 रुपये, 24 घंटे के भीतर वापसी यात्रा के लिए 740 रुपए एवं 50 मासिक यात्राओं के लिए 16 हजार 455 रुपए की दर निर्धारित है। सात या उससे अधिक एक्सल वाले ओवरसाइज वाहनों के लिए एकल यात्रा के 600 रुपये, 24 घंटे के भीतर वापसी यात्रा के लिए 900 रुपए एवं 50 मासिक यात्रा के लिए 20 हजार 35 रुपए की दर निर्धारित की गई हैं।

स्थानीय गैर व्यावसायिक वाहनों में कार, जीप, वैन,एवं हल्के मोटर वाहन के लिए 45 रुपए, हल्के वाणिज्यिक वाहन एवं मिनी बस के लिए 75 रुपए, बस, ट्रक टू एक्सल के लिए 155 रुपए, 3 एक्सल वाणिज्यिक वाहन के लिए 170 रुपए, 4 से 6 एक्सल वाले मल्टी एक्सल वाहनों के लिए 245 रुपए एवं सात या उससे अधिक एक्सल वाले ओवरसाइज वाहनों के लिए 300 रुपए की दर निर्धारित है।

**NHAI** ने स्थानीय निवासियों को भी राहत दी है। मर्री टोल प्लाजा से 20 किलोमीटर की परिधि में रहने वाले स्थानीय गैर-व्यावसायिक वाहन मालिकों के लिए 3,075 रुपये का वार्षिक पास निर्धारित किया गया है। इसके अलावा स्थानीय पंजीकृत गैर-व्यावसायिक वाहनों के लिए रियायती एकल यात्रा शुल्क भी लागू रहेगा।

प्राधिकरण ने सभी वाहन चालकों एवं परिवहन संचालकों से **FASTag** के माध्यम से टोल शुल्क का भुगतान करने की अपील की है, ताकि टोल प्लाजा पर यातायात सुगम और निर्बाध बना रहे। **NHAI** के अनुसार संशोधित शुल्क सूची टोल प्लाजा पर प्रदर्शित कर दी गई है तथा नई व्यवस्था के सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# गुरुकुल पब्लिक स्कूल में श्रद्धा और उत्साह से किया गुरु पूजन

जगप्रेरणा लांजी।

***राष्ट्रसेविका समिति द्वारा 31 जुलाई को क्षेत्र के ग्राम भानेगांव स्थित गुरुकुल पब्लिक स्कूल में गुरु पूजन उत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया।***







कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सेविकाओं एवं मातृशक्ति ने भाग लेकर भगवा ध्वज का पूजन किया तथा राष्ट्र, समाज और संस्कारों के प्रति समर्पण का संकल्प लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती शारदा बल्ले दीदी एवं मुख्य वक्ता लांजी खंड कार्यवाहिका श्रीमती नीलम भर्रे दीदी रहीं। कार्यक्रम का संचालन एवं आयोजन भानेगांव प्रमुख श्रीमती वंदना आठवले दीदी तथा व्यवस्था प्रमुख श्रीमती बबिता विश्वास ने किया।

मुख्य वक्ता श्रीमती नीलम भर्रे दीदी ने राष्ट्रसेविका समिति की आद्य प्रमुख संचालिका श्रीमती लक्ष्मीबाई केलकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने भारतीय संस्कृति, मातृशक्ति के जागरण और राष्ट्र निर्माण के उद्देश्य से संगठन की स्थापना की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रसेविका समिति महिलाओं में सेवा, संस्कार, संगठन और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हुए समाज को सशक्त बनाने का कार्य कर रही है। उन्होंने भगवा ध्वज को गुरु मानने की परंपरा का महत्व बताते हुए कहा कि व्यक्ति समय के साथ बदल सकता है, लेकिन भगवा ध्वज त्याग, तपस्या, शौर्य, समर्पण और राष्ट्रभक्ति जैसे शाश्वत आदर्शों का प्रतीक है। यही कारण है कि समिति में किसी व्यक्ति विशेष के बजाय भगवा ध्वज को गुरु के रूप में पूजनीय माना जाता है।

कार्यक्रम में लांजी शाखा से दुर्गा रामटेक्कर दीदी, मीना बिलगौर दीदी, गुनवंती दमाहे दीदी, सुग्रता डकाटे दीदी, वर्षा नाकतोडे दीदी, कांता नरताम दीदी, लावन्या चन्ने एवं हिमानी कश्यप की विशेष उपस्थिति रही। वहीं भानेगांव शाखा से रेशमा विश्वास, सलोनी बेदरे, भाव्या बुराडे एवं सलोनी बुराडे सहित अनेक सेविकाएं उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रभक्ति और संगठन के आदर्शों के प्रति समर्पण के संकल्प के साथ हुआ। उपस्थित सेविकाओं ने समाज में सेवा, संस्कार और संगठनात्मक कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लेते हुए नियमित रूप से समिति की गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया।

# डिजिटल क्रांति: भारत माता पब्लिक स्कूल में डी. वी. एम. से चुने गये छात्र संघ के नेतृत्वकर्ता

जगप्रेरणा लांजी।

***भारत माता पब्लिक स्कूल, लांजी में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्कूल पार्लियामेंट चुनाव का आयोजन लोकतांत्रिक एवं पारदर्शी तरीके से किया गया।***



चुनाव में विद्यार्थियों ने डिजिटल वोटिंग मशीन **(DVM)** के माध्यम से मतदान कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्साह और सहभागिता का वातावरण देखने को मिला। चुनाव हेड बॉय, हेड गर्ल, स्पोर्ट्स कैप्टन एवं कल्चरल कैप्टन के पदों के लिए आयोजित किया गया। मतदान से पूर्व सभी प्रत्याशियों ने विद्यार्थियों के समक्ष अपना परिचय देते हुए विद्यालय के विकास और छात्र हित में अपनी योजनाएं प्रस्तुत कीं। विद्यार्थियों ने सभी प्रत्याशियों को ध्यानपूर्वक सुनने के बाद जिम्मेदारी और निष्पक्षता के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्य एवं शिक्षकों की देखरेख में मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न हुई। मतदान के उपरांत डिजिटल वोटों की गणना की गई और परिणामों की घोषणा की गई।

## चुनाव परिणाम इस प्रकार रहे..

**हेड बॉयः** अंश ठाकरे, **हेड गर्लः** परिधि तुरकर, **स्पोर्ट्स कैप्टनः** प्रवींद्र कुशले, **कल्चरल कैप्टनः** मौली सोमंकर। विजेता छात्र नेताओं को विद्यालय प्रबंधन ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उन्हें ईमानदारी, अनुशासन, आत्मविश्वास और सेवा भावना के साथ नेतृत्व करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही कहा गया कि सच्चा नेतृत्व दूसरों के लिए प्रेरणा बनने, टीम भावना के साथ कार्य करने और विद्यालय परिवार की निष्ठापूर्वक सेवा करने में निहित है। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि स्कूल पार्लियामेंट चुनाव केवल छात्र प्रतिनिधियों के चयन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि विद्यार्थियों के लिए लोकतांत्रिक मूल्यों, जिम्मेदार नागरिकता और नेतृत्व क्षमता को विकसित करने का एक महत्वपूर्ण शिक्षण अनुभव भी साबित हुआ। इस आयोजन ने विद्यार्थियों में लोकतंत्र के प्रति विश्वास, जिम्मेदारी और नेतृत्व के गुणों को प्रोत्साहित किया।

# गुजरी चौक किरनापुर में 2 अगस्त को सजेगी सुरीली शाम, अमर गायकों को नगमे प्रस्तुत कर दी जाएगी श्रद्धांजलि..

जगप्रेरणा किरनापुर।

***संगीत प्रेमियों और क्षेत्रवासियों के लिए एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है। आगामी 2 अगस्त को नगर के प्रमुख गुजरी चौक, किरनापुर में 'एक शाम अमर गायकों के नाम - सदाबहार नगमे' शीर्षक से एक भव्य श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।***




इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारतीय संगीत जगत के उन महान और अमर गायकों को याद करना है, जिनके कालजयी गीतों ने पीढ़ियों से लोगों के दिलों पर राज किया है। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय एवं आमंत्रित कलाकारों द्वारा मोहम्मद रफी, किशोर कुमार, लता मंगेशकर, और मुकेश जैसे दिग्गज गायकों के अमर और सदाबहार नगमे प्रस्तुत किए जाएंगे।

आयोजन समिति के अनुसार, कार्यक्रम की तैयारियाँ जोरों पर हैं। गुजरी चौक पर एक आकर्षक मंच तैयार किया जा रहा है ताकि दर्शक सुरीले तरानों का भरपूर आनंद ले सकें। आयोजकों ने क्षेत्र के समस्त संगीत प्रेमियों, गणमान्य नागरिकों और आम जनता से अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर इस संगीतमय शाम का हिस्सा बनने और अमर गायकों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करने की अपील की है।

## कार्यक्रम विवरण :

आयोजनः 'एक शाम अमर गायकों के नाम' (सदाबहार नगमे)।दिनांकः 2 अगस्त 2026 दिन रविवार। समयःदोपहर 2:30 बजे से। स्थानः गुजरी चौक, किरनापुर। आयोजकः सुर संगम सांस्कृतिक समिति किरनापुर।

### श्रावण मास में दादा कोटेश्वर धाम में गूंजा शिवनाम..

# संगीतमय जप व पार्थिव शिवलिंग निर्माण का मासव्यापी अनुष्ठान प्रारंभ

जगप्रेरणा लांजी।

***श्रावण मास के पावन अवसर पर दादा कोटेश्वर धाम, लांजी में 30 जुलाई से 28 अगस्त 2026 तक एक माह का विशेष धार्मिक आयोजन किया जा रहा है।***





आयोजन के दौरान प्रतिदिन ॐ नमः शिवाय नाम जप संगीतमय संकीर्तन, पार्थिव शिवलिंग निर्माण, रुद्राभिषेक एवं महाआरती का आयोजन किया जा रहा है।

आयोजन समिति के अनुसार प्रतिदिन सुबह 8:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक संगीतमय शिव नाम जप एवं संकीर्तन, दोपहर 12:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक पार्थिव शिवलिंग निर्माण तथा शाम 4:00 बजे से रुद्राभिषेक एवं महाआरती संपन्न कराया जा रहा है।

श्रावण मास के इस विशेष धार्मिक अनुष्ठान में क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भगवान शिव की आराधना का लाभ लेने की अपील आयोजन समिति ने की गई है। यह संपूर्ण अभियान समस्त ग्रामवासियों एवं ग्राम समितियों के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। अभिनंदन लाइफफाउंडेशन सेवा सहयोग प्रदान कर रहा है, अभियान के संयोजक अध्यक्ष झनकार किरनापुरे ने कहा कि यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ-साथ समाज में सेवा, संस्कार, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वास्थ्य जागरूकता का सशक्त संदेश देने का माध्यम बनेगा। सभी धर्म प्रेमियों से उक्त आयोजन मे अधिक से अधिक सहभागिता की अपील की गई है।


मंडला जिले में हिन्दी दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
हेमंत नायक
मो. 88273 19933




जग प्रेरणा live मंडला नैनपुर
● बिछिया ● बीजाडांडी ● घुघरी ● मवई ● मोहगांव ● नारायणगंज ● निवास

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# सीताराम वार्ड में विवाद गहराया, मारपीट प्रकरण में दोनों पक्षों को एसडीओपी कार्यालय से नोटिस..


श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जी
मण्डला, जिला मण्डला, म.प्र.
मेरे साथ हुई छेड़खानी की रिपोर्ट करने से ... की धमकी देते हुए अनावेदकगण द्वारा एक ... व्यक्तियों द्वारा एकजुट होकर मारपीट करने, जान से मारने की धमकी देने के संबंध में ... अनावेदकों को दण्डित किए जाने हेतु आवेदन
आवेदिका— सपना बोहत पति श्री संजू बोहत आयु करीब ... 11, स्वामी सीताराम वार्ड मण्डला थाना तह...
अनावेदकगण—1— मोहित पिता नामालूम
2— चीकू पिता नामालूम
3— हनी
एवं अन्य करीब 20—22 सहयोगी गण
... जी,
निवेदन है कि मैं आवेदिका उक्त पते की नि... महोदयजी उक्त अनावेदकगण चीकू एवं हनी के ... आवेदिका के साथ छेड़खानी एवं मारपीट किएजाने ... गई रिपोर्ट पर से न्यायालय माननीय मुख्य ...



जगप्रेरणा मंडला।

***शहर के स्वामी सीताराम वार्ड क्रमांक-11 में दो पक्षों के बीच हुए विवाद और मारपीट का मामला अब प्रशासनिक जांच तक पहुंच गया है। थाना कोतवाली में दर्ज शिकायत और दोनों पक्षों के आरोप-प्रत्यारोप के बाद अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कार्यालय ने दोनों पक्षों को नोटिस***

जारी कर 2 सितंबर 2025 को सुबह 11 बजे उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने के निर्देश दिए हैं। जानकारी के अनुसार, एक पक्ष की महिला सपना बोहत ने कोतवाली थाना मंडला में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि 27 जुलाई को पड़ोस में रहने वाले कुछ लोगों ने उनके भाई *राहुल रजक* के साथ मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंचने पर उनके साथ भी धक्का-मुक्की और मारपीट की गई। शिकायत के आधार पर कोतवाली पुलिस ने संबंधित पक्षों के विरुद्ध एनसीआर दर्ज कर जांच शुरू की। दोनों पक्षों का जिला अस्पताल मंडला में चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया, जिसमें चोट लगने की पुष्टि होने की जानकारी सामने आई। वहीं दूसरे पक्ष ने भी पुलिस को आवेदन देकर अपने साथ मारपीट और धमकाने के आरोप लगाए हैं।

थाना कोतवाली से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर एसडीओपी कार्यालय ने दोनों पक्षों को नोटिस जारी किया है। नोटिस में 2 सितंबर 2025 को आवश्यक दस्तावेज एवं साक्ष्यों के साथ उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। पीड़ित पक्ष का कहना है कि कथित छेड़छाड़ एवं उत्पीड़न की शिकायत पहले भी जनसुनवाई में की गई थी तथा एसडीओपी कार्यालय में बयान भी दर्ज कराए गए थे। उनका आरोप है कि मामले में अब तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई और प्रकरण को दबाने का प्रयास किया गया। उन्होंने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है।

सपना बोहत ने आरोप लगाया कि उन्हें लगातार परेशान किया जा रहा है, जिससे वे सामान्य रूप से घर से बाहर निकलने में भी असहज महसूस कर रही हैं। उन्होंने कुछ लोगों पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप भी लगाया है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि यदि उनके या उनके परिवार के साथ कोई अप्रिय घटना होती है तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की होगी। इसी बीच 27 जुलाई को झूला पुल क्षेत्र में हुए एक अन्य विवाद का भी उल्लेख किया गया है। पीड़ित पक्ष के अनुसार, इस घटना में 'धनराज कछवाहा' घायल हुए थे। आरोप है कि बड़ी संख्या में लोगों ने उन्हें घेरकर लाठी-डंडों से मारपीट की, जिसके बाद वे किसी तरह वहां से निकलकर उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचे। फिलहाल पूरे मामले की जांच जारी है। प्रशासन ने दोनों पक्षों को सुनवाई का अवसर देते हुए उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई किए जाने की बात कही है।

# सहायक आयुक्त ने किया राजा शंकर शाह-रघुनाथ शाह छात्रावास का औचक निरीक्षण..



## व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश..

जगप्रेरणा मंडला।

सहायक आयुक्त डॉ. अरुण शुक्ला ने शनिवार को विकासखंड नैनपुर के टाटरी स्थित राजा शंकर शाह-रघुनाथ शाह सीनियर बालक छात्रावास का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रावास में रह रहे विद्यार्थियों से चर्चा कर भोजन, आवास, पेयजल, स्वच्छता तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डॉ. शुक्ला ने छात्रावास अधीक्षक एवं कर्मचारियों को शासन के निर्धारित नियमों के अनुरूप सभी व्यवस्थाओं का संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण भोजन, स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण तथा आवश्यक सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने छात्रावास परिसर में अनुशासन, साफ-सफाई और नियमित निगरानी बनाए रखने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की पढ़ाई और बेहतर वातावरण से किसी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं से संबंधित आवश्यक निर्देश भी दिए गए तथा अधिकारियों को सभी कमियों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के लिए कहा गया।

# वरिष्ठ अधिकारी की अनुशंसा के बिना कलेक्टर से ले लिया अनुमोदन?

## सहायक आयुक्त कार्यालय की निर्माण शाखा पर उठे सवाल..







जगप्रेरणा मंडला।

***जिले के सहायक आयुक्त कार्यालय की निर्माण शाखा एक बार फिर विवादों में है। आरोप है कि छात्रावासों एवं स्कूलों में बाउंड्री वॉल निर्माण के लिए जारी किए गए करोड़ों रुपये के कार्यों में निर्धारित प्रक्रिया का***

पालन किए बिना अनुमोदन प्राप्त कर लिया गया। मामले को लेकर निर्माण कार्यों की पारदर्शिता, टेंडर प्रक्रिया और गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। जानकारी के अनुसार अप्रैल माह में जिले के विभिन्न स्कूलों एवं छात्रावासों में करीब 14 करोड़ रुपये की लागत से बाउंड्री वॉल निर्माण के लिए निविदाएं जारी की गई थीं। आरोप है कि तकनीकी एवं वित्तीय निविदा प्रक्रिया पूरी होने के बाद वरिष्ठ स्तर से आवश्यक अनुशंसा प्राप्त किए बिना ही कलेक्टर से अनुमोदन ले लिया गया। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि नियमानुसार भोपाल स्थित सक्षम अधिकारी एवं कार्यपालन यंत्री की अनुशंसा के बाद ही अंतिम स्वीकृति दी जानी चाहिए थी। शिकायत में यह भी आरोप लगाए गए हैं कि सहायक आयुक्त कार्यालय के कुछ अधिकारियों एवं निर्माण शाखा के कर्मचारियों ने चुनिंदा ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से प्रक्रिया में अनियमितता बरती। साथ ही कार्यालय में शासकीय दस्तावेजों की गोपनीयता प्रभावित होने तथा ठेकेदारों की अनावश्यक आवाजाही बने रहने की बात भी कही जा रही है।

इधर, छात्रावासों एवं स्कूलों में चल रहे मरम्मत, उन्नयन और रूपशेड निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर भी शिकायतें सामने आई हैं। आरोप है कि कई निर्माण कार्यों में तकनीकी मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। कुछ ठेकेदारों की तकनीकी क्षमता एवं संसाधनों को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। गौरतलब है कि हाल ही में कलेक्टर ने सहायक आयुक्त कार्यालय का निरीक्षण कर स्थापना शाखा, निर्माण शाखा, न्यायालयीन प्रकरणों एवं छात्रावास संचालन की समीक्षा की थी। इस दौरान उन्होंने कार्यों में पारदर्शिता, समयबद्ध कार्रवाई तथा व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश भी दिए थे।

## जांच की मांग तेज..

मामले को लेकर स्थानीय स्तर पर जांच की मांग तेज हो गई है। चर्चा है कि शिकायत संबंधित एजेंसियों तक भी पहुंच सकती है। यदि आरोपों में तथ्य पाए जाते हैं तो टेंडर प्रक्रिया, स्वीकृतियों एवं निर्माण कार्यों की विस्तृत जांच कराई जा सकती है।

## बोले शाश्वत सिंह मीना..

जिला पंचायत मंडला के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं निर्माण समिति अध्यक्ष शाश्वत सिंह मीना ने कहा, मामले की जांच करा लेते हैं। यदि नियमों के विरुद्ध कोई कार्य किया गया है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल लगाए गए आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। मामले की वास्तविक स्थिति जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

# रोटरी क्लब मंडला मेकल की सेवा को मंत्री ने संपतिया उईके ने सराहा..



जगप्रेरणा मंडला।

***रोटरी क्लब मंडला मेकल के स्थापना वर्ष 2009 से लगातार किए जा रहे सामाजिक एवं मानव सेवा कार्यों की प्रदेश की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने सराहना की। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में क्लब का योगदान***

उल्लेखनीय है। उन्होंने विशेष रूप से इनर व्हील क्लब की सक्रिय भूमिका की प्रशंसा करते हुए कहा कि बड़े जिलों में भी जहां इनर व्हील क्लब सक्रिय नहीं हैं, वहीं मंडला जैसे छोटे नगर में महिलाओं की सामाजिक भागीदारी प्रेरणादायक है।

## विकास योजनाओं का किया ऐलान, कलेक्टर बोले- 'प्रोजेक्ट संकल्प' और 'एनीमिया मुक्त मंडला' अभियान में दें सहयोग

मंगलवार को आयोजित रोटरी क्लब मंडला मेकल के पदस्थापना एवं सम्मान समारोह में मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि शासन मंडला के समग्र विकास के लिए बड़ी कार्ययोजना पर काम कर रहा है। इसके तहत शहर की सड़कों का चौड़ीकरण, नए बस स्टैंड का निर्माण, मांस-मछली बाजार, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला जेल और कृषि उपज मंडी को शहर से बाहर स्थानांतरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज का निर्माण अंतिम चरण में है, नया कलेक्ट्रेट भवन भी जल्द बनाया जाएगा। साथ ही आधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के लिए भूमि चिन्हित कर ली गई है। मां नर्मदा के सात प्रमुख घाटों के सौंदर्यीकरण तथा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 'नर्मदा लोक' परियोजना भी प्रस्तावित है। समारोह में कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे ने कहा कि उन्होंने एसडीएम के रूप में रोटरी क्लब की सामाजिक गतिविधियों को नजदीक से देखा है। उन्होंने कहा कि शहर का विकास केवल सरकारी प्रयासों से नहीं, बल्कि नागरिकों की सक्रिय सहभागिता से संभव है।

उन्होंने रोटरी क्लब के सदस्यों से जिला प्रशासन के 'प्रोजेक्ट संकल्प' तथा 'एनीमिया मुक्त मंडला' अभियान में सक्रिय सहयोग करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान वर्ष 2026-27 के लिए क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं सचिव को पदभार ग्रहण कराया गया। वहीं वर्ष 2009-10 से 2025-26 तक के सभी पूर्व अध्यक्षों का सम्मान किया गया। जिले के मेधावी विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर श्री शैलेंद्र चौधरी सहित मंडला, जबलपुर, राऊरकेला और नैनपुर के रोटेरियन, इनर व्हील क्लब मंडला के सदस्य, मेधावी विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



# घुटास में महिलाओं को वित्तीय साक्षरता और साइबर सुरक्षा का दिया गया प्रशिक्षण

## स्व-सहायता समूहों को बैंकिंग योजनाओं, ऋण प्रबंधन और डिजिटल सुरक्षा की दी जानकारी..

जगप्रेरणा मंडला।

***विकासखंड मवई के ग्राम घुटास में स्व-सहायता समूहों की सीएलएफबैठक के दौरान वित्तीय साक्षरता केंद्र (सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया) मंडला द्वारा वित्तीय साक्षरता एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता शिविर का आयोजन***

किया गया। शिविर में महिलाओं को बैंकिंग सेवाओं, सरकारी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और डिजिटल लेनदेन के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर में वित्तीय साक्षरता केंद्र के अधिकारी कृष्णकांत अवस्थी ने स्व-सहायता समूहों के प्रभावी संचालन, बैंकों से प्राप्त कैश क्रेडिट लिमिट (सीसीएल) के सही उपयोग तथा समय पर ऋण चुकाने के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना सहित बैंक की विभिन्न बचत और ऋण योजनाओं के बारे में भी अवगत कराया।

कार्यक्रम के दौरान आजीविका मिशन के ब्लॉक प्रबंधक राकेश जंघेला, आरसेटीआई के निदेशक राजेश राय एवं फैकल्टी राजीव शर्मा भी उपस्थित रहे। सभी ने महिलाओं को वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनने और बैंकिंग सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। शिविर में बढ़ते साइबर अपराधों और ऑनलाइन ठगी के नए तरीकों की जानकारी देते हुए महिलाओं को सतर्क रहने की सलाह दी गई।

उन्हें बताया गया कि किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

***कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं में वित्तीय जागरूकता बढ़ाना, सुरक्षित डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देना तथा उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना रहा।***

# विकासखंड बिछिया द्वारा जनपद पंचायत सभागार में संवाद योजना के तहत ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न

## नशा मुक्ति, जनजागरूकता और सामुदायिक सहभागिता पर दिया गया विशेष जोर




जगप्रेरणा मंडला।

***मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड बिछिया द्वारा जनपद पंचायत सभागार में संवाद योजना अंतर्गत प्रस्फुटन शक्ति संचय कार्यक्रम के तहत ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों की विकासखंड स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक एवं प्रशिक्षण आयोजित किया***

गया। प्रशिक्षण में सामाजिक जागरूकता, नशा मुक्ति एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान आरक्षक कमलेश श्रीवास, प्रधान आरक्षक जितेंद्र सिंह परते, सामाजिक कार्यकर्ता प्रहलाद धुर्वे, रामसनेही यादव, जिला समन्वयक सुशील बर्मन तथा विकासखंड समन्वयक कीर्ति कुरील की उपस्थिति में हुआ। विकासखंड समन्वयक कीर्ति कुरील ने प्रशिक्षण की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए संवाद योजना एवं प्रस्फुटन शक्ति संचय कार्यक्रम के उद्देश्यों से प्रतिभागियों को अवगत कराया। प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में पुलिस थाना बिछिया के प्रधान आरक्षक कमलेश श्रीवास एवं जितेंद्र सिंह परते ने 'नशे से दूरी है जरूरी' विषय पर जानकारी देते हुए नशे के दुष्प्रभाव, सामाजिक एवं पारिवारिक नुकसान तथा इससे होने वाली जनहानि पर प्रकाश डाला। उन्होंने उपस्थित सदस्यों से अपने-अपने गांवों में नशा मुक्ति के प्रति जनजागरूकता फैलाने का आग्रह किया।

जिला समन्वयक सुशील बर्मन ने मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि स्वैच्छिक सहभागिता से ही सामाजिक अभियानों को जन-आंदोलन का स्वरूप दिया जा सकता है। उन्होंने चौपाल, दीवार लेखन, रैली, पौधारोपण, हरियाली यात्रा, नवांकुर सखी, 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान, नशा मुक्ति अभियान एवं तिरंगा यात्रा जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक चेतना और जनभागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया। प्रशिक्षण में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के सदस्यों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई तथा आगामी सामाजिक एवं जनहितकारी गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने का संकल्प लिया।

# सीवरेज कार्यों में लापरवाही पर प्रशासन सख्त, अधूरे कामों का संयुक्त निरीक्षण..

## गुणवत्ता सुधारने और लंबित कार्य शीघ्र पूरे करने के निर्देश



जगप्रेरणा मंडला।

***शहर में संचालित सीवरेज परियोजना के कार्यों की गुणवत्ता और धीमी प्रगति को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे के निर्देश पर शनिवार को नगर पालिका परिषद, एमपीयूडीसी***

और निर्माण एजेंसी के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर अधूरे एवं गुणवत्ता-विहीन कार्यों की समीक्षा की। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्रीमती सोनल सिडाम के मार्गदर्शन में हुए निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा ने अधिकारियों को बताया कि कई स्थानों पर ठेकेदार द्वारा किए गए कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं हैं तथा कई जगह सड़क रिस्टोरेशन और हाउस सर्विस कनेक्शन के कार्य अधूरे पड़े हैं।

इसके बाद अधिकारियों ने दुर्गा मंदिर चौक सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों का मौके पर निरीक्षण कर सड़क मरम्मत और सीवरेज कार्यों की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण में अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा कराने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। निरीक्षण के बाद एसडीएम श्रीमती सोनल सिडाम ने नगर पालिका के उपयंत्री को शहर के सभी क्षतिग्रस्त एवं लंबित मार्गों का चिन्हांकन कर उनकी सूची एमपीयूडीसी को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

वहीं निर्माण एजेंसी के उपयंत्री को प्रतिदिन किए जा रहे सुधारात्मक कार्यों की प्रगति से प्रशासन को अवगत कराने तथा सीवरेज परियोजना के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर में सीवरेज परियोजना के सभी कार्य निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप और तय समय-सीमा में पूर्ण कराए जाएंगे। गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

# देवगांव में 'प्रशासन आपके द्वार' शिविर, मौके पर सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

जगप्रेरणा मंडला।

जिले की ग्राम पंचायत देवगांव में शासन की मंशानुसार 'प्रशासन आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत शनिवार को जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया, जबकि शेष प्रकरणों के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए।

एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, तहसीलदार अजय श्रीवास्तव, बीपीओ राजाराम मरावी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। अधिकारियों ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

इस दौरान ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं और मांगें प्रशासन के समक्ष रखीं।

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

11 शनिवार 01 अगस्त 2026
जग प्रेरणा ग्रामीण गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

विकास के दावों की खुली पोल..

# लटोरी ग्राम पंचायत में श्मशान शेड नहीं, 85 वर्षीय बुजुर्ग महिला का तिरपाल के नीचे हुआ अंतिम संस्कार

## मूसलाधार बारिश में बांस-बल्ली का सहारा लेकर दी गई अंतिम विदाई, ग्रामीणों में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ भारी आक्रोश..



**जगप्रेरणा सालेकसा।**
एक ओर सरकार ग्रामीण विकास, बुनियादी सुविधाओं और 'अंत्योदय' के बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर गोंदिया जिले की सालेकसा तहसील अंतर्गत लटोरी ग्राम पंचायत से सामने आई एक मार्मिक और शर्मनाक घटना ने इन दावों की वास्तविकता उजागर कर दी है। वर्षों से श्मशान शेड की मांग कर रहे ग्रामीणों की आवाज आज भी सरकारी फाइलों में दबी हुई है। नतीजा यह हुआ कि एक 85 वर्षीय बुजुर्ग महिला का अंतिम संस्कार भारी बारिश के बीच तिरपाल के सहारे करना पड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दुलमत बाई भीवराम मच्छीरके (85 वर्ष) का 29 जुलाई को निधन हो गया। परिवार के लोगों ने 30 जुलाई को उनका अंतिम संस्कार करने की तैयारी की, लेकिन लगातार हो रही मूसलाधार बारिश और श्मशान घाट पर किसी प्रकार की छत या शेड की व्यवस्था नहीं होने के कारण अंतिम संस्कार करना अत्यंत कठिन हो गया। बारिश इतनी तेज थी कि चिता तैयार करना भी मुश्किल हो गया। ऐसे में परिजनों और ग्रामीणों ने मजबूरी में बांस-बल्ली का अस्थायी ढांचा खड़ा किया और उस पर तिरपाल बांधकर किसी तरह अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी की। यह दृश्य वहां मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम कर गया। ग्रामीणों का कहना है कि यह केवल एक परिवार की पीड़ा नहीं, बल्कि पूरे गांव की वर्षों पुरानी उपेक्षा का परिणाम है।

ग्रामीणों के अनुसार, लटोरी ग्राम पंचायत में श्मशान शेड निर्माण की मांग कई वर्षों से लगातार की जा रही है। ग्राम पंचायत से लेकर संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों तक कई बार निवेदन किए गए, लेकिन हर बार केवल आश्वासन मिला। आज तक श्मशान घाट पर एक साधारण शेड तक उपलब्ध नहीं कराया गया। बरसात के दिनों में किसी भी व्यक्ति की मृत्यु होने पर परिजनों के सामने सबसे बड़ी चुनौती अंतिम संस्कार की होती है। खुले आसमान के नीचे जलती चिता, तेज बारिश, कीचड़ और अव्यवस्था के बीच अंतिम संस्कार करना न केवल कठिन है, बल्कि मृतक के सम्मान और मानवीय गरिमा पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। इस घटना के बाद गांव में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के प्रति भारी नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव के समय विकास के वादे किए जाते हैं, लेकिन बुनियादी सुविधाओं की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जाता। जिस गांव में लोगों को सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार की सुविधा तक उपलब्ध न हो, वहां विकास के दावे खोखले साबित होते हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द से जल्द लटोरी ग्राम पंचायत के श्मशान घाट पर स्थायी शेड का निर्माण नहीं किया गया, तो वे लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उनका कहना है कि किसी भी परिवार को भविष्य में ऐसी पीड़ादायक और अपमानजनक स्थिति का सामना न करना पड़े, इसके लिए प्रशासन को तत्काल कदम उठाने चाहिए। यह घटना केवल एक बुजुर्ग महिला के अंतिम संस्कार की नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं की बदहाल स्थिति और प्रशासनिक उदासीनता का जीवंत उदाहरण है। अब देखने वाली बात यह होगी कि इस हृदयविदारक घटना के बाद जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि जागते हैं या फिर यह मामला भी अन्य मांगों की तरह फाइलों में दबकर रह जाएगा।

### बोले नरेश लालचंद लिल्हारे..

श्मशान शेड के संबंध में गांव में हो रही अव्यवस्था अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। शासन एवं प्रशासन को इस ओर ध्यान देकर उक्त समस्या का समय रहते ज़ल्दी समाधान करना चाहिए।

# श्री स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, रिसामा के विद्यार्थियों का राज्य स्तरीय थाई बॉक्सिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन..




**जगप्रेरणा आमगांव।**
*लोनावला (पुणे), 26 जुलाई 2026: थाई बॉक्सिंग एसोसिएशन, लोनावला मे 24 से 26 जुलाई 2026 तक आयोजित स्टेट* लेवल अंडर-19 थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2026 में श्री स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, रिसामा (आमगांव) के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

**प्रतियोगिता में विद्यालय के खिलाड़ियों ने निम्नानुसार पदक प्राप्त किए—** स्वर्ण पदक **(Gold Medal)-** वेदांत कडुकर (13 वर्ष), आरुष मुनेश्वर (9 वर्ष) रजत पदक **(Silver Medal)-** खनक फाये (8 वर्ष), लक्ष कडुकर (8 वर्ष), मयंक नंदागौली (11 वर्ष), पूर्वार्थ फाये (12 वर्ष)।

विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता का श्रेय उनके कठिन परिश्रम, अनुशासन तथा विद्यालय की क्रीड़ा शिक्षिका श्रीमती मालती लिल्हारे के कुशल मार्गदर्शन को जाता है। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती स्मृति छपरिया ने सभी विजेता खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि अन्य छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत है।

### विद्यालय के प्रबंधन समिति के सदस्य..

डॉ. विकाश जैन, डॉ. जीतेन्द्र वालके, डॉ. ललित कलंत्री, डॉ. भाग्यश्री वालके, डॉ. लता जैन, श्री राजेश गोयल एवं श्री लीलाधर कलंत्री ने सभी खिलाड़ियों को उनकी शानदार सफलता पर हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई प्रेषित की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि विद्यालय के विद्यार्थी भविष्य में भी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, जिले एवं राज्य का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने भी विजेता विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा आगे भी निरंतर सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय परिवार ने सभी खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए उनके सुनहरे भविष्य की मंगलकामनाएँ दीं।

## अचानक तबीयत खराब हुवे युवक की उपचार के दौरान मौत मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**
**गोंदिया जिले के सालेकसा पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 28/7/ 2026 के रात 12 बजे ग्राम ओवारा मे देवेन्द्र पुरनलाल बोम्बार्डे उम्र 40 वर्ष निवासी ओवारा की घर मे अचानक तबीयत खराब हुई उसे उपचार के लिये ग्रामीण अस्पताल देवरी लाया गया जहा डाक्टर ने जाच का मृत घोषीत करने से डाक्टर के मेमो और फर्यादी के बयान पर पोस्टे सालेकसा मे अकस्मात मौत क्रमांक 28/2026 धारा 194, भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जॉच पोना राजु नागदिवे 1873 पोस्टे सालेकसा कर रहे है।**

## गोंदिया पुलिस डायरी..

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो. 9922607145

### खेत से ट्रॅक्टर ले जाने की बात पर की मारपीट मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**
गोंदिया जिले के आमगाव पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 29/7/2026 के 8 बजे के दरम्यान रामाटोला मे फर्यादी सुनिल बकाराम चौधरी उम्र 36 वर्ष निवासी रामाटोला ने आरोपी से कहा तेरे खेत से ट्रॅक्टर लेकर जा रहा हु, इस बात पर आरोपी ने लोहे के फुकनी से फर्यादी के सर पर मारकर जख्मी करने से दिये शिकायत और डाक्टर की रिपोर्ट पर पोस्टे आमगाव मे अपराध क्रमांक 504/2026 धारा 118,1,351,2,352, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा उईके 26 पोस्टे आमगांव कर रहे है।

### वेंडर आय डी बनाने के नाम पर धोखाधड़ी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**
गोंदिया जिले के नवेगावबांध पुलिस थाना अंतर्गत धोखाधडी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 4/6/2026 से आज तक नवेगाव बांध मे फर्यादी सौरभ सुरेन्द्र सोनवाने उम्र 18 वर्ष निवासी नवेगावबांध से आरोपी की इन्स्टग्राम पर पहचान हुई आरोपी ने कहा तेरी वेंडर आय डी बना देता हु तुझे हमेशा कमीशन आता रहेगा। फर्यादी को 13/6/2026 को आरोपी ने नागपुर बुलाया और फोन पे पर 1 लाख रुपये ले लिये। उसके कुछ दिन बाद खाता व्हेरीफाय करने के लिये 29,600 रुपये और लिये उसके बाद आरोपी से बार बार वेंडर आय डी के बारे मे पुछने पर वह टालमटोल कर रहा था। फर्यादी के ध्यान मे आते ही दिये शिकायत पर आरोपी के खिलाफ कुल 1, 29,600 रूपये को धोखा धड़ी का मामला पोस्टे नवेगाव बांध मे अपराध क्रमांक 188/2026 धारा 318,4, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा राधेशाम लांजेवार 1761 पोस्टे नवेगावबांध कर रहे है।

### महिला फर्यादी से करोड़ की धोखाधड़ी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**
गोंदिया जिले के रामनगर पुलिस थाना अंतर्गत धोखाधडी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 10/11/2022 से 20/2/2025 के दरम्यान रामनगर गोंदिया मे महिला फर्यादी उम्र 50 वर्ष निवासी वसंत टाल के पास से दो आरोपीयोने फर्यादी से विश्वास बनाकर घटना तारीख के दरम्यान 2,03,93,213 रुपये का बिडी पत्ता लेकर गये। और उसे बदले 30 लाख रुपये दिये बाकी 1,73,93,212 रुपये देने मे टालमटोल कर रहे थे। फर्यादी के साथ धोखाधडी करने से दिये शिकायत पर पोस्टे रामनगर मे दोनो आरोपीयो के खिलाफअपराध क्रमांक 443/2026 धारा 318,2,318,3,316,2,3,5, बी एन एस 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच सपोनी नागरगोजे पोस्टे रामनगर कर रहे है।

# गुरु भक्ति में सराबोर हुआ गोरठा, धूमधाम से मनाई गई गुरु पूर्णिमा

## श्रद्धा और भक्ति के माहौल में हुआ गुरु पूजन, बड़ी संख्या में ग्रामवासी रहे उपस्थित..





**जगप्रेरणा आमगांव।**
ग्राम गोरठा मे हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ग्राम गोरठा में गुरु पूर्णिमा का पर्व बड़े ही उत्साह, श्रद्धा और भक्तिमय वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और सांई मंदिर मे पूजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन एवं धार्मिक आयोजन किए गए। पूरे कार्यक्रम स्थल पर श्रद्धा और भक्ति का वातावरण देखने को मिला। ग्रामवासियों ने गुरु के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं तथा प्रसाद वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में महिला, पुरुष, युवा एवं वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता दर्ज कराई। ग्रामवासियों ने कहा कि गुरु हमारे जीवन को सही दिशा देने वाले मार्गदर्शक होते हैं। गुरु पूर्णिमा केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि गुरु के प्रति सम्मान, श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त करने का विशेष अवसर है। जिसमे मुख्य रु से सीताराम शर्मा, गोपाल शर्मा, जीतू चूटे, श्रीराम चूटे, प्रमोद शेंडे, संतोष डी पाथोड़े, बालू पाउलझगड़े,कवल शर्मा, केशवराव थेर,विकास शर्मा समस्त ग्रामवासी कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण एवं मंगलमय वातावरण के साथ हुआ।

# अंतरराष्ट्रीय व्याघ्र दिवस के मौके पर जांभाली-दोडके ज़िला परिषद वरिष्ठ प्राथमिक स्कूल में जनजागृती कार्यक्रम..



**जगप्रेरणा आमगांव।**
***आतंरराष्ट्रीय व्याघ्र दिवस के मौके पर,* SEWA *(सस्टेनिंग एनवायरनमेंट एंड वाइल्डलाइफ़ असेंबलेज) संस्था की तरफ़से जाभंळी-दोडके***
ज़िला परिषद वरिष्ठ प्राथमिक स्कूल में छात्र छात्रा के लिए एक खास व्याघ्र संवर्धन जनजागृती कार्यक्रम का किया गया कार्यक्रम में, **SEWA** कार्यक्रम अधिकारी शशांक लाडेकर ने छात्रो को जंगल में बाघो की पर्यावरण महत्त्व, अन्नश्रुखला में उनकी जगह, जैवविविधता के संवर्धन और मानव -वन्यजीव सह अस्तित्व के बारे में मार्गदर्शन किया। साथ ही, श्री कन्हैया उदयपुरे ने छात्रो से बातचीत की और वन्यजीव संरक्षण में स्थानिक लोगों के भुमिका और भविष्य की ज़िम्मेदारी पर प्रेरणादायी विचार पेश किए।

इस मौके पर छात्रो के लिए व.याघ्र संरक्षण पर एक डॉक्यूमेंट्री (मूवी) दिखाई गई। साथ ही, छात्रो की सर्जनशीलता को बढ़ावा देने के लिए एक चित्रकला स्पर्धा भ आयोजन किया गया छात्रो ने बाघ, जंगल और वन्यजीव संरक्षण जैसे विषयापर पर आकर्षक चित्र बनाकर पर्यावरण के बारे में अपनी जानकारी दिखाई।

जभाळी-दोडके गाँव नवेगांव-नागझिरा व्याघ्र प्रकल्प के जंगल के पास है, इसलिए यहाँ के छात्रो के लिए छोटी उम्र से ही वन्यजीव की महत्व को समझना बहुत ज़रूरी है। इस इलाके के गाँव वाले कई सालों से वन्यजीव संरक्षण के सकारात्मक सहयोग कर रहे हैं और जंगल और वन्यजीव के सम्मान की परंपरा को बनाए रखा है स्थानिक लोगों के इस कंज़र्वेशन-ओरिएंटेड अप्रोच ने इस इलाके में एक डोमिनेंट मेल टाइगर के सेफ़ हैबिटैट को बनाए रखने में बहुत मदद की है, जो आज नवेगांव-नागझिरा टाइगर रिज़र्व के आधे इलाके पर हावी है। यह लोकल कम्युनिटी और वाइल्ड लाइफ़ के बीच को एग्ज़िस्टेंस का एक इंस्पायरिंग एग्जांपल है।

सर्विस ऑर्गनाइज़ेशन इस प्रोग्राम के सक्सेसफुल ऑर्गनाइज़ेशन में उनके कीमती कोऑपरेशन के लिए जभाळी-दोडके ज़िला परिषद वरिष्ठ प्राथमिक स्कूल के प्रधानध्यापक किशोर डोंगरवार, धम्मदीप साखरे, भुवन बागड़े, जितेंद्र कवरे, श्यामा कुंदगीर, माया तांदळे का दिल से धन्यवाद कहता है। छात्र छात्रो में प्रकृति और वन्यजीव संरक्षण की भावना जगाने में शिक्षक का योगदान बहुत तारीफ़ के काबिल है कार्यक्रम को सफ्लतापूर्वक लागू करने में, सेवा संगठन के स्वंयसेवक दिलेश कुशराम, भास्कर कापसे और प्रतीक लाडेकर ने सक्रिय रूप से भाग लिया और महत्वपूर्ण सहयोग दिया। सेवा संगठन भविष्य में भी ऐसी एक्टिविटीज़ के ज़रिए स्टूडेंट्स में पर्यावरण के अनुकूल सोच, वाइल्डलाइफ़के प्रति संवेदनशीलता और प्रकृति संरक्षण के प्रति ज़िम्मेदारी विकसित करने के लिए लगातार काम करता रहेगा।

## जनगणना कार्य का मानधन तत्काल जारी करने की मांग, शिक्षक सहित अन्य कर्मचारीयो ने की जिला प्रशासन से मांग..

**जगप्रेरणा सालेकसा।**
गोंदिया जिले में जनगणना कार्य में सहभागी शिक्षकों के लंबित मानधन का तत्काल भुगतान करने की मांग जिला प्रशासन से जनगणना में कार्य करने वाले कर्मचारियों ने की है। जिले के अनेक शिक्षकों ने तथा अन्य कर्मचारीयो ने शासन के निर्देशानुसार जनगणना का कार्य समय पर एवं जिम्मेदारीपूर्वक पूर्ण किया। कार्य के दौरान यदि कहीं तकनीकी अथवा जानकारी संबंधी छोटी-मोटी त्रुटियां हुईं, तो उनका नियमानुसार स्पष्टीकरण एवं आवश्यक दस्तावेज भी संबंधित कार्यालय में जमा किए गए हैं। इसके बावजूद जनगणना कार्य पूर्ण होने के काफी समय बाद भी संबंधित शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों का मानधन अभी तक जारी नहीं किया गया है, जिससे शिक्षकोंतथा अन्य कर्मचारियों में नाराजगी व्याप्त है। शिक्षको तथा अन्य कर्मचारियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जनगणना कार्य में सहभागी सभी शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों का लंबित मानधन बिना किसी विलंब के तत्काल जारी किया जाए तथा संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश देकर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। शिक्षक और अन्य कर्मचारियों ने आशा व्यक्त की है कि जिला प्रशासन शिक्षकों की इस न्यायोचित मांग पर सकारात्मक निर्णय लेते हुए जल्द से जल्द मानधन वितरण की प्रक्रिया पूर्ण करेगा।

## जगप्रेरणा फोटो कैप्शन







सालेकसा कनिष्ठ महाविद्यालय सालेकसा मे विद्यार्थीयोको लोकतंत्र की जानकारी देने के बाद मतदान लिया गया. इस अवसर पर मतदान करते हुए छात्रं।
छायाचित्र- राकेश रोकडे जग प्रेरणा प्रतिनिधी सालेकसा

# धान बोनस का वादा निभाओ, नहीं तो बड़ा आंदोलन होगाः कांग्रेस ने सरकार को चेतावनी..

## उपविभागीय अधिकारी के ज़रिए राज्यपाल को ज्ञापन

### खाद की कीमतों में बढ़ोतरी, नकली बीज और स्मार्ट मीटर की ज़रूरत का मुद्दा भी एजेंडे में..



**जगप्रेरणा आमगांव।**
***ज़िला कांग्रेस कमेटी ने किसानों और आम नागरिकों के कई ज्वलंत मुद्दों पर उपविभागीय अधिकारी चंद्रभान खडाईत के ज़रिए महाराष्ट्र के राज्यपाल को ज्ञापन दिया, जिसमें मुख्य मांग यह थी कि राज्य में धान उत्पादक ज़िले के तौर***
पर अपनी अलग पहचान रखने वाले गोंदिया ज़िले के किसानों के लिए धान बोनस की घोषणा तुरंत की जाए।

इस मौके पर कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार के ख़िलाफ़ नारे लगाए और कड़ा विरोध जताया। ज्ञापन में कहा गया है कि गोंदिया राज्य का एक बड़ा धान उत्पादक ज़िला है और यहां के किसानों को पहले हर साल 20,000 रुपये प्रति हेक्टेयर का बोनस दिया जाता था। 2024 में गोंदिया में एक जाहीर सभा में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने घोषणा की थी कि अगर महायुति सरकार दोबारा सत्ता में आई तो धान बोनस की रकम बढ़ाई जाएगी। हालांकि, कांग्रेस ने कहा कि सरकार बनने के बाद भी वह वादा पूरा नहीं होने से किसानों में बहुत नाराज़गी है।

### कांग्रेस की मुख्य मांगें..

धान किसानों के लिए तुरंत बोनस का ऐलान किया जाए। खाद की बढ़ती कीमतों पर कंट्रोल किया जाए। नकली बीजों की बिक्री पर सख्त कार्रवाई की जाए। स्मार्ट मीटर लगाने की मजबूरी तुरंत बंद की जाए। किसानों और आम लोगों के मुद्दों पर तुरंत फैसले लिए जाएं। निवेदन में यह भी आरोप लगाया गया कि धान बोनस के मुद्दे पर उम्मीद के मुताबिक कार्रवाई नहीं हो रही है, जबकि महायुति के पास जिले के दो राज्यसभा सांसद, दो विधानपरिषद सदस्य और चार विधायक हैं। कांग्रेस ने सरकार का ध्यान सिर्फ धान बोनस पर ही नहीं, बल्कि खेती और लोगों से जुड़े दूसरे गंभीर मुद्दों पर भी दिलाया। रासायनिक खादों के दाम में भारी वृद्धि, नकली बीजों की धड़ल्ले से बिक्री, किसानों की उत्पादन लागत में वृद्धि और बिजली वितरण विभाग द्वारा नागरिकों के घरों में स्मार्ट मीटर लगाने की मजबूरी जैसे मुद्दों पर तत्काल उपाय करने की मांग की गई। सरकार धान बोनस की घोषणा कर किसानों को राहत प्रदान करे, अन्यथा इस अवसर पर कांग्रेस की ओर से तीव्र जनआंदोलन किया जाएगा। इस आंदोलन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष अमर वराडे, नागपुर स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के विधायक एडवोकेट अभिजीत वंजारी, जिला परिषद विरोधी पक्ष नेता उषाताई मेंढे, जिला परिषद सदस्य उषाताई सहारे, छब्बुताई उके, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष वंदनाताई काले, किरणताई कांबले, एडवोकेट. दुष्यंत किरसान, सालेकसा नगर पंचायत अध्यक्ष विजय फुंडे, डेमेंद्र रहांगडाले, निकेश मिश्रा, मनीष मेश्राम, रंजीत गणवीर, जीवन शरणागत, ओम पटले, राजकुमार पटले, वाई. टी. कात्रे, कुणाल शेंडे, कुलदीप गुप्ता, राजेश चांदेवार के साथ ही बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाऐं..
टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET) · इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI) · (IUI) आय.यू.आय. · अधिक उम्र में मातृत्व · ओव्हम डोनेशन द्वारा · बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
पुरुष बंधत्व निदान व उपचार · शुक्राणु बैंक सुविधा · सोनोग्राफी · हार्मोंस की जांच · हार्मोंस की गड़बड़ी की ईलाज · दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754

12 शनिवार 01 अगस्त 2026
जग प्रेरणा
live गोंदिया भंडारा
● आमगांव ● गोरेगांव ● सड़क अर्जुनी ● देवरी ● सालेकसा ● अर्जुनी मोरगांव ● तिरोड़ा ● लाखांदुर ● साकोली

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अश्‍टविनायक अपार्टमेन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

# जिला नियोजन समिति की बैठक में मेडिकल कॉलेज और अंडरग्राऊंड ड्रेनेज के संदर्भ में उठाया सांसद राजेंद्र जैन ने मुद्दा..





**पालकमंत्री इंद्रनील नाईक की अध्यक्षता में गोंदिया जिला नियोजन समिति की बैठक में 438 करोड़ रुपये की वार्षिक योजना को मिली दिशा..**

जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया जिलाधिकारी कार्यालय में जिले के पालकमंत्री इंद्रनील नाईक की अध्यक्षता में आज 31 जुलाई को जिला नियोजन समिति की बैठक संपन्न हुई, जिसमें सांसद राजेंद्र जैन ने जिले के विकास से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों को प्रमुखता से उठाते हुए प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया। जिला नियोजन***

भवन में आयोजित बैठक में राज्यसभा सांसद राजेंद्र जैन, विधायक डॉ. परिणय फुके, अविनाश ब्राम्हणकर, सुधाकर अडबाले, अभिजीत वंजारी, राजकुमार बडोले, विनोद अग्रवाल, विजय रहांगडाले, संजय पुराम, जिला परिषद अध्यक्ष लायकराम भेंडारकर, जिलाधिकारी मंदार पत्की, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जेनिथ दोंतुला, पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिले के सर्वांगीण विकास और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। यह निर्देश महाराष्ट्र सरकार के उद्योग राज्यमंत्री एवं गोंदिया जिले के पालकमंत्री इंद्रनील नाईक ने दिये। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026-27 के लिए जिले के विकास हेतु 438 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिसका समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण उपयोग सुनिश्चित किया जाए।

वर्ष 2026-27 की योजनाओं की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिला वार्षिक योजना के लिए 324 करोड़ रुपये की अधिकतम वित्तीय सीमा निर्धारित की गई है। इसमें 260.82 करोड़ रुपये राजस्व व्यय तथा 63.17 करोड़ रुपये पूंजीगत कार्यों के लिए निर्धारित किए गए हैं। अनुसूचित जाति उपयोजना के लिए 45 करोड़ रुपये तथा आदिवासी उपयोजना (टीएसपी एवं ओटीएसपी) के लिए 61.61 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। वहीं क्षेत्रबाह्य आदिवासी उपयोजना (ओटीएसपी) के लिए 7.63 करोड़ रुपये की अलग से व्यवस्था की गई है।

बैठक के दौरान सांसद जैन ने गोंदिया (कुडवा) में सांसद प्रफुल पटेल के प्रयासों से स्वीकृत शासकीय मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए शेष कार्यो को गुणवत्ता एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप शीघ्र पूर्ण कराने की आवश्यकता पर बल दिया।

सांसद राजेन्द्र जैन ने भूमिगत सीवरेज (अंडरग्राउंड ड्रेनेज) परियोजना के कारण शहर की कई सड़कों की खराब स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए संबंधित विभाग को तत्काल सड़क मरम्मत कर नागरिकों को राहत प्रदान करने के निर्देश देने की मांग की। इसी प्रकार सांसद जैन ने गोंदिया शहर के प्रस्तावित ऑडिटोरियम के लिए अतिरिक्त निधि स्वीकृत होने के बावजूद कार्य लंबित रहने का मुद्दा भी उठाया और निधि का शीघ्र उपयोग कर निर्माण कार्य में तेजी लाने की आवश्यकता बताई। इसके अलावा उन्होंने भीमनगर - कुंभारेनगर रेलवे क्रॉसिंग पर प्रस्तावित अंडरपास के स्थान पर आम नागरिकों की सुरक्षा तथा भविष्य की यातायात आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए फ्लाईओवर (उड्डाणपुल) का निर्माण कराने की मांग की। बैठक में सांसद जैन ने परमपूज्य डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर पवित्र अस्थि भीमघाट (गोंदिया), श्रीकृष्ण गौरक्षण गौशाला परिसर पांजरापोल, गडमाता डुडुमाई देवस्थान, झालुटोला, कोरणी घाट सहित जिले के अन्य धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों के विकास के लिए आवश्यक निधि उपलब्ध कराकर विकास कार्यों में तेजी लाने की भी मांग की।

## जिले के किसानों को धान पर बोनस देने की मांग हेतु
# गोंदिया जिला कांग्रेस ने सौंपा राज्यपाल के नाम ज्ञापन, दी आंदोलन की चेतावनी..






जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया जिला धान उत्पादक जिले के रूप में जाना जाता है। यहां के किसानों को हर वर्ष प्रति हेक्टेयर 20,000 का धान बोनस मिलता था। वर्ष 2024 में गोंदिया में आयोजित एक सभा के दौरान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सार्वजनिक***

रूप से घोषणा की थी कि यदि महायुति सरकार दोबारा चुनी जाती है, तो धान बोनस की राशि बढ़ाई जाएगी। जिले में महायुति के दो राज्यसभा सांसद, दो विधान परिषद सदस्य और चार विधायक होने के बावजूद किसानों को धान बोनस दिलाने की मांग को लेकर वे पूरी तरह उदासीन हैं। इसी मांग को लेकर आज जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से महाराष्ट्र के राज्यपाल के नाम उपविभागीय अधिकारी श्री चंद्रभान खंडाईत के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने देवेंद्र फडणवीस सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सरकार का विरोध भी किया। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि किसानों को धान बोनस नहीं दिया गया, तो आने वाले समय में कांग्रेस की ओर से तीव्र आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि उर्वरकों (खाद) के दाम अत्यधिक बढ़ गए हैं, नकली बीजों की बिक्री खुलेआम हो रही है, किसानों को धान बोनस नहीं मिल रहा है, विद्युत विभाग द्वारा लोगों के घरों में जबरन स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं तथा अन्य किसानों और आम जनता से जुड़े मुद्दों पर भी सरकार का ध्यान आकर्षित किया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष अमर वराडे, नागपुर स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के विधायक एडवोकेट अभिजीत वंजारी, जिला परिषद की विपक्ष की नेता श्रीमती उषाताई मेंढे, जिला परिषद सदस्य उषाताई सहारे, छब्बुताई उके, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष वंदनाताई काले, किरणताई कांबले, एडवोकेट दुष्यंत किरसाण, सालेकसा नगर पंचायत अध्यक्ष विजय मुंडे, डेमेंद्र रहांगडाले, निकेश मिश्रा, मनीष मेश्राम, रंजीत गणवीर, जीवन शरणागत, ओम पटले, राजकुमार पटले, वाई. टी. कटरे, कुणाल शेंडे, कुलदीप गुप्ता, राजेश चांदेवार सहित अनेक कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# सांसद प्रफुल पटेल 1 और 02 अगस्त को गोंदिया भंडारा जिले के दौरे पर..

## विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल, आम जनता एवं कार्यकर्ताओं से करेंगे भेंट..



जगप्रेरणा गोंदिया/भंडारा।

***राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सांसद प्रफुल पटेल 1 एवं 2 अगस्त को दो दिवसीय दौरे पर गोंदिया और भंडारा जिले में विभिन्न कार्यक्रम में***

शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार सांसद प्रफुल पटेल आज 1 अगस्त दिन शनिवार को शाम 4:30 बजे से 6:00 बजे तक रामनगर स्थित निवास पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठनात्मक चर्चा करेंगे तथा उनसे मुलाकात करेंगे। इसी प्रकार रविवार, 2 अगस्त को सुबह 11 बजे वे सड़क अर्जुनी स्थित आशीर्वाद लॉन में आयोजित 'श्री छत्रपति शिवाजी महाराज महाराजस्व अभियान' के अंतर्गत विधानसभा स्तरीय समाधान शिविर में शामिल होंगे। इसके बाद दोपहर 2:30 बजे भंडारा के जिला नियोजन सभागार में आयोजित जिला नियोजन समिति की बैठक में भाग लेंगे। इस दौरान उनके साथ सांसद राजेंद्र जैन सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की ओर से सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रमों में उपस्थित रहने की अपील की गई है।

**क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/- प्रतिदिन..**

*दैनिक जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन में प्रकाशित किये जाते हैं। कृपया संपर्क करें.. मो. 9329033433*

**व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..**

बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।

गोंदिया शहर में दैनिक जगप्रेरणा की प्राप्ति हेतु संपर्क करें..
जग प्रेरणा
चौरसिया पान सेंटर
जय स्तंभ चौक बस स्टॉप, गोंदिया
मो. 08806083231

# प्रोग्रेसिव्ह इंटरनेशनल स्कूल में भाव अभिव्यक्ति के साथ कृतज्ञतापूर्वक मनाया गया पेरेंट्स डे..







जगप्रेरणा गोंदिया।

***श्रीमती उमादेवी बहुउद्देशिय शिक्षण संस्था, गोंदिया द्वारा संचालित तथा आय. सी. एस. ई. बोर्ड से संलग्नित जिले की एकमेव स्कूल, प्रोग्रेसिव्ह इंटरनेशनल स्कूल में पेरेंट्स डे बडे ही उत्साह के साथ मनाया गया। माता - पिता अपने बच्चों के लिए सर्वस्व न्यौछावर करते है और प्रतिसाद में केवल उनके उज्जवल***


भविष्य की कामना रखते है, इस भावना के सम्मान के साथ प्रोग्रेसिव्ह इंटरनॅशनल स्कूल के छात्रों ने अपने अभिभावकों को पेरेंट्स डे के उत्सव के माध्यम से धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ शारदा की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन के साथ मुख्य अतिथी डॉ. एल. डी. सोमानी (एम.बी.बी.एस., डी.सी.एच., पिडियाट्रिशियन), श्रीमती सरला सोमानी (विदर्भ प्रदेश महिला की पूर्व अध्यक्ष, सामाजिक कार्यकर्ता), डॉ. प्रदीप गुजर (एम.बी.बी.एस., एम. डी., पिडियाट्रिशियन), श्रीमती सुषमा गुजर (चिकित्सीय सामाजिक कार्यकर्ता ), संस्थाध्यक्ष डॉ. पंकज कटकवार, उपाध्यक्ष श्रीमती अल्का पी. कटकवार, संस्था सचिव डॉ. नीरज कटकवार, श्रीमती लीना एन. कटकवार प्राचार्या श्रीमती वाय. आशा राव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नन्हे विद्यार्थियों द्वारा गीत, नृत्य, कविता तथा भाषण की शानदार प्रस्तुति की गई।

अतिथि वक्ता डॉ. एल. डी. सोमानी और डॉ. प्रदीप गुजर ने कहा कि माता पिता बच्चों के प्रथम गुरु होते है। उनके संस्कार, मार्गदर्शन और त्याग से ही बच्चों के व्यक्तित्व का निर्माण होता है। उन्होंने सभी अभिभावकों से बच्चों के साथ अधिक समय बिताने, उनका उत्साहवर्धन करने तथा उनके नैतिक, सामाजिक और शैक्षणिक विकास में सक्रिय सहयोग देने के लिए प्रेरित किया। संस्था सचिव डॉ. नीरज कटकवार ने बच्चों के जीवन को आकार देने मे माता- पिता के महत्व पर प्रकाश डाला।

बच्चों की सफलता के पीछे माता पिता का अथक परिश्रम, त्याग और प्रेरणा सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। कार्यक्रम की सफलतार्थ वरिष्ठ शिक्षक विजया सतदेवे, हर्षा मांइदे, ज्योती मस्करे, वर्षा खांडेकर, आयुषी पारधी, ममता चौधरी, स्वाती नागरिकर, हेमा नायडू, शारदा मेंढें, विनायक भाकरे तथा शिक्षकेतर ने अथक प्रयास किया।

# मारवाड़ी युवक मंडल द्वारा नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद राजेंद्र जैन के सम्मान में अभिनंदन समारोह 02 अगस्त को..

## मारवाड़ी युवक मंडल अध्यक्ष महेश गोयल ने की समस्त समाजबंधुओं से उपस्थिति की अपील..





जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया जिले के राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व विधान परिषद सदस्य राजेन्द्र जैन को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के कोटे से राज्यसभा सांसद के रुप में निर्वाचित किया गया। राजेन्द्र जैन के राज्य सभा सांसद निर्वाचित होने से संपूर्ण गोंदिया जिले में हर्ष का***

माहौल है, तथा विभिन्न संगठनों एवं समाजों द्वारा सांसद श्री जैन का अभिनंदन समारोह आयोजित किया जा रहा है, इसी क्रम में श्री मारवाड़ी युवक मंडल, गोंदिया द्वारा भी 02 अगस्त को मारवाड़ी समाज के नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद राजेंद्र जैन के सम्मान में अभिनंदन समारोह एवं स्नेहभोज का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम पवित्र श्रावण मास के शुभ अवसर रविवार, 2 अगस्त 2026 को प्रातः 11 बजे श्री राजस्थान कन्या विद्यालय, गोंदिया में आयोजित किया गया है, जिसमें राज्यसभा सांसद राजेंद्र जैन का नागरिक अभिनंदन किया जाएगा, तथा श्री मारवाड़ी युवक मंडल एवं ट्रस्ट बोर्ड व महिला कार्यकारिणी के वरिष्ठ पदाधिकारी भी इस कार्यक्रम में मंचासीन होंगे। कार्यक्रम के उपरांत मारवाड़ी समाजबंधुओं के लिए पारंपरिक स्नेहभोज का भी आयोजन किया गया। श्री मारवाड़ी युवक मंडल के अध्यक्ष महेश थानुराम जी गोयल ने समाज के सभी परिवारों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर समारोह को सफल बनाने की अपील की है।

# सावन माह में कावड़ यात्रियों हेतु सुचारू यातायात व्यवस्था की मांग को लेकर लोकेश (कल्लु) यादव एवं दिलीप गोपलानी ने सौंपा ज्ञापन..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी एवं महाकाल सेना के प्रमुख नेता और नगर सेवक लोकेश (कल्लु) यादव एवं पूर्व नगर सेवक दिलीप गोपलानी ने आज गोंदिया जिला यातायात प्रभारी श्री भास्कर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपकर***

मांग की कि सावन माह की शुरुआत होने जा रही है। इस पवित्र और भक्तिमय माह में बड़ी संख्या में शिवभक्त रजेगांव संगम नदी से जल लेकर पदयात्रा करते हुए रजेगांव से गोंदिया तक आते हैं। विशेष रूप रविवार एवं सोमवार के दिनों में कावड़ यात्रियों (कावड़ियों) की संख्या अधिक रहती है, जिससे मार्गों पर भीड़ बढ़ जाती है। ऐसे में भारी वाहनों एवं छोटे वाहनों के आवागमन के कारण दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। अतः सावन माह में कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा हेतु विशेष रूप से यातायात कर्मीयों की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जानी चाहिये, ताकि वाहनों की गति को नियंत्रित रखा जा सके, तथा जगह जगह सूचना एवं मार्गदर्शन बोर्ड लगाकर यातायात विभाग कावड़ यात्रियों की सुरक्षा हेतु वाहन चालकों को निर्देश दे सके, ऐसे प्रबंध भी किये जाने चाहिये। यातायात प्रभारी श्री भास्कर ने सुझावों और मांग पर अमल करते हुए यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने का आश्वासन प्रदान किया। इस अवसर पर नीलेश चुटे भी उपस्थित थे।

नया सोचो आयुर्वेद सोचो...
सुश्रुत प्रोक्टो आयुर्वेदा
मुळव्याध (बवासीर), फिशर भगंदर व अन्य गुदारोग चिकित्सा व आयुर्वेद पंचकर्म केन्द्र
● कमर का दर्द ● घुटनों का दर्द
● पिठ का दर्द ● गर्दन व कंधों का दर्द
● आमवात, गठीया वात एवं सायटिका
• अत्याधुनिक सुविधा युक्त पंचकर्म चिकित्सा कक्ष
• शास्त्रशुध्द एवं गुणवत्तायुक्त स्वनिर्मीत औषधियों का प्रयोग
• रोगी एवं व्याधी अनुरुप पंचकर्म सुविधा
डॉ. अपर्णा खोब्रागडे
B.A.M.S., M.D. (Nashik)
आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सक
7620340356
साकेत पब्लिक स्कुल रोड़, गणेश नगर, गोंदिया 07182-796738

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 441601 मो. 9890696200

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com